YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-176 | सोमवार, 28 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




सावन की फुहारों के बीच देश एक बार फिर त्योहारों की रौनक से सजने जा रहा है। आज हरियाली तीज है, फिर नाग पंचमी, रक्षा-बंधन, फिर जन्माष्टमी हमारे नटखट कान्हा के जन्म का उत्सव। ये सभी पर्व यहां हमारी भावनाओं से जुड़े हैं। ये हमें प्रकृति से जुड़ाव और संतुलन का भी संदेश देते हैं। नरेंद्र मोदी


निर्बाध रसद प्रबंधन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का निर्णायक कारकः राजनाथ 11

राष्ट्र निर्माण की चेतना को घर-घर तक पहुंचाता है मन की बात कार्यक्रम : मुख्यमंत्री 12


## संक्षेप

### बिजली विभाग को रिकार्ड बजट मिला है, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बिजली विभाग के अधिकारियों को एक बार फिर चेतावनी देते हुये कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योगी ने फ़ेसबुक पेज पर लिखा, सरकार ने बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण को मजबूत करने के लिए रिकॉर्ड बजट उपलब्ध कराया है। ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ट्रिपिंग की समस्या के निदान के लिये फीडरों की तकनीकी जांच हो, कमजोर स्थानों की पहचान कर तुरन्त सुधार कराया जाए। फील्ड से प्राप्त शिकायतों का समाधान समयबद्ध ढंग से हो, ताकि जनता को राहत मिले। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने उपभोक्ता की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने के कारण बस्ती के अधीक्षण अभियंता को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा है कि अगर बिजली विभाग के कर्मचारी अपना काम ठीक से नहीं करते हैं तो इसके भयंकर परिणाम होंगे।

### ऊर्जा मंत्री ने खुद उजागर की अपने विभाग की खामियां

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप और चेतावनी के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी संभलने का नाम नहीं ले रहे हैं। आम उपभोक्ता की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने का एक उदाहरण ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपनी एक फ़ेसबुक पोस्ट के जरिये सार्वजनिक किया है। श्री शर्मा ने शनिवार आधी रात को फ़ेसबुक पर बिजली उपभोक्ता और बिजली विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के बीच वार्तालाप की आडियो रिकार्डिंग पोस्ट की है और एक बार फिर चेतावनी दी है कि अधिकारी संभल जायें वरना परिणाम भयंकर होंगे। ऊर्जा मंत्री ने लिखा, कई बार सांसद रह चुके एक वरिष्ठ राजनेता ने अभी-अभी अपने क्षेत्र से एक पढ़े-लिखे नागरिक की बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के साथ हुई बातचीत का ऑडियो और अपना संदेश मुझे कार्यवाही करने के लिए भेजा है। यही बात तीन दिन पहले यूपीपीसीएल के चेयरमैन, एमडी और अन्य अधिकारियों को कहा गया था। कड़े शब्दों में यह भी कहा था कि 1912 की टोल फ्री व्यवस्था या अन्य टेक्नोलॉजी आधारित व्यवस्था मानवीय व्यवस्था की पूरक हो सकती है, विकल्प नहीं। उन्होंने लिखा मैंने कहा था कि ऐसे कई ग़लत, असामयिक और अव्यवहारिक निर्देशों के कारण जनता को परेशानी हो रही है। अधिकारी फ़ोन उठाना बिल्कुल ही बंद कर दिए हैं। तितलौकी थी ही, अब नीम पर चढ़ गई। और अनेक ऐसे ग़लत निर्णय हमारे बार-बार लिखित या मौखिक रूप से मना करने के बावजूद हुए हैं। सबने मीटिंग में मुझसे असत्य बोला कि 1912 पर ही शिकायत करने के लिए कोई निर्देश नहीं दिया गया है। मुझे उनकी इस बात पर विश्वास नहीं हुआ।

# करंट की अफवाह से मची भगदड़, छह की मौत

## मनसा देवी मंदिर हादसा : मुख्यमंत्री धामी ने दिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी में एक पहाड़ी पर स्थित मनसा देवी मंदिर के सीढ़ी मार्ग पर रविवार सुबह करंट फैलने की अफवाह से भगदड़ मचने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 35 लोग घायल हुए हैं। घायलों को हरिद्वार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और गंभीर रूप से घायलों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया और मृतक आश्रितों और घायलों को मुआवजा देने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने इस घटना की मजिस्ट्रियल जांचके आदेश दिए हैं। घटना के बाद हरिद्वार डीएम मयूर दीक्षित और एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के हालचाल जाने और डॉक्टरों को उचित इलाज के निर्देश दिये। वीकेंड होने के कारण भी मनसा देवी मंदिर सहित नगर के अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी। रविवार को प्रातः9 बजे मां मनसा देवी मंदिर जाने वाले सीढ़ी मार्ग पर भारी भीड़ उमड़ी थी। कांवड़ मेला खत्म होने के बाद भी बड़ी संख्या में कांवड़िए और श्रद्धालु मंदिर में देवी के दर्शन के लिए पहुंचे हुए थे। मंदिर के मुख्य सीढ़ी पैदल मार्ग पर ज्यादा भीड़ बढ़ने के बीच करंट फैलने की अफवाह के बाद श्रद्धालुओं के बीच भगदड़ की स्थिति बन गई और सीढ़ी मार्ग पर श्रद्धालु एक दूसरे के ऊपर गिरने लगे। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से स्थिति को नियंत्रित किया। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि सुबह 9 बजे करीब पुलिस कंट्रोल रूम को मंदिर से 100 मीटर नीचे सीढ़ी पैदल मार्ग पर भगदड़ मचने की सूचना मिली। मौके पर एसडीआरएफ और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से हताहत लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। एसएसपी डोबाल ने बताया कि मार्ग पर करंट लगने की अफवाह से भगदड़ की स्थिति पैदा हुई। अस्पताल में कुल 35 घायलों को लाया गया था। जिसमें से छह की मौत हो गई। गढ़वाल कमिश्नर रवि शंकर पांडे ने छह लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। मंदिर परिसर को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया है। मौके पर एसडीआरएफ और पुलिस बल मौके पर मौजूद है।



- पांच गंभीर श्रद्धालुओं को एम्स ऋषिकेश किया रेफर, करीब 35 घायल
- मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख देगी सरकार: मुख्यमंत्री

मनसा देवी मंदिर हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छह श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री धामी ने भगदड़ की दुर्घटना की मजिस्टेट जांच के आदेश दिए हैं। इसके अलावा हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को शेष पेज 11 पर

### मृतकों में बरेली, बाराबंकी, रामपुर और बदायूं के एक-एक श्रद्धालु शामिल

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई दुर्घटना में मारे गए श्रद्धालुओं के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिख कि दुर्घटना में उत्तर प्रदेश के प्रत्येक मृतक के परिवार को राज्य सरकार द्वारा 2-2 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यूपी के चार श्रद्धालुओं की मृत्यु मनसा देवी मंदिर में हुई भगदड़ में उत्तर प्रदेश के चार श्रद्धालुओं शेष पेज 11 पर

# आरओ/एआरओ परीक्षा सकुशल संपन्न हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



- योगी सरकार और लोक सेवा आयोग की दिखी अभूतपूर्व व्यवस्था
- एआई, सीसीटीवी और बायोमेट्रिक सत्यापन से हुई नकलमुक्त परीक्षा
- 75 जनपदों के 2382 केंद्रों पर 10.76 लाख पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4,54,997 ने दी परीक्षा
- एसटीएफ, पुलिस और तकनीकी निगरानी ने सुनिश्चित की पारदर्शिता, नहीं सामने आई कहीं कोई अनियमितता
- नकल माफिया पर कड़ा पहरा, सख्त निगरानी में रही पुराने आरोपियों की गतिविधियां

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) परीक्षा-2023 रविवार को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एक पाली में सकुशल, निर्विघ्न और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने इस बाबत जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 10,76,004 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4,54,997 (42.29 प्रतिशत) शामिल हुए। प्रदेश भर में 2382 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें कानपुर में सर्वाधिक 139, लखनऊ में 129, प्रयागराज में 106 और वाराणसी में 82 केंद्र शामिल थे।

उन्होंने बताया कि अयोध्या में सर्वाधिक 52.81 प्रतिशत, जबकि रामपुर में सबसे कम 25.78 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है। वहीं प्रयागराज में 47.61 प्रतिशत, लखनऊ में 48.89 प्रतिशत, कानपुर में 44.37 प्रतिशत, वाराणसी में 49.19 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। बता दें कि योगी सरकार और आयोग द्वारा किए गए अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजामों, जिसमें एआई आधारित अलर्ट सिस्टम, सीसीटीवी स्ट्रीमिंग, बायोमेट्रिक सत्यापन और एसटीएफ की कड़ी निगरानी शामिल थी, ने परीक्षा को पूरी तरह नकलमुक्त और पारदर्शी बनाया। प्रदेश में कहीं से भी किसी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई, जिससे प्रदेश की परीक्षा प्रणाली की साख और मजबूत हुई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए योगी सरकार ने नकल माफिया और पुराने आरोपियों पर पैनी नजर रखी। एसटीएफ को संवेदनशील केंद्रों की विशेष निगरानी का जिम्मा सौंपा गया था, जो पूरे दिन सक्रिय रही। पूर्व में परीक्षा अपराधों में लिप्त गैंग और जमानत पर रिहा आरोपियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी गई। कोचिंग सेंटरों की संदिग्ध गतिविधियों पर समर्पित टीमें तैनात रहीं, जो किसी भी शेष पेज 11 पर

# प्रोफ़ेसर मनुका खन्ना लखनऊ विवि की प्रभारी कुलपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सौंपी जिम्मेदारी
- लविवि के इतिहास में दूसरी महिला कुलपति
- कुलपति प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय ने छोड़ा कार्यभार



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग की प्रो. मनुका खन्ना को प्रभारी कुलपति का कार्य सौंपा गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय के पद छोड़ने के बाद राज्यपाल कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रोफ़ेसर खन्ना को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के कार्यालय से आदेश मिलने के बाद प्रो. मनुका खन्ना ने प्रभारी कुलपति का कार्य संभाल लिया है। उनका कार्यकाल नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक या छह माह से अधिक अथवा अग्रिम आदेश होने तक रहेगा। प्रभारी कुलपति प्रोफ़ेसर मनुका खन्ना लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा रही हैं। वह हास्टल की प्रोवोस्ट से लेकर कई पदों को संभाल चुकी हैं। प्रोफ़ेसर मनुका खन्ना लखनऊ विश्वविद्यालय के इतिहास में दूसरी महिला कुलपति बनीं हैं। इससे पहले प्रो. रूपरेखा वर्मा लविवि की पहली महिला कार्यवाहक कुलपति बनी थी। लखनऊ विश्वविद्यालय में नियमित कुलपति पद पर भर्ती के लिए राजभवन ने विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया अभी जारी है। नियमित कुलपति की तैनाती तक प्रो. मनुका खन्ना ही विवि की जिम्मेदारी संभालेंगी। कुलपति प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय का चयन आइआइएम कोलकाता के निदेशक पद पर हो गया है। प्रो. आलोक कुमार राय ने आईआईएम कोलकाता के निदेशक के पद पर चयन होने के बाद उन्होंने शनिवार को शेष पेज 11 पर

## निकाय जेई को 10 साल की सेवा पर मिलेगा 4800 ग्रेड पे

लखनऊ। निकायों में कार्यरत अवर अभियंताओं को अब 10 साल की सेवा पर 4600 रुपये के स्थान पर 4800 रुपये ग्रेड पे दिया गया है। स्थानीय निकाय निदेशालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। प्रदेश के निकायों में कार्यरत अवर अभियंताओं को 4200 ग्रेड पे पर रखा जाता है। शासन की व्यवस्था के मुताबिक 10 साल की सेवा पर एसीपी देने की व्यवस्था है। अभी तक निकायों में कार्यरत अवर अभियंताओं को पहला एसीपी 4600 रुपये दिया जाता था। स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अवर अभियंताओं को एसीपी की व्यवस्था के अंतर्गत प्रथम द्वितीय और तृतीय स्तरोन्नयन संस्था, निगम वर्तमान में लागू सामान्य व्यवस्था के अनुसार ही दिया जाएगा। अवर अभियंताओं को वेतनमान 9300-34800 में ग्रेड वेतन 4200 स्वीकृत किया गया है। जून 2010 के पहले इनका वेतनमान 5200-20200 ग्रेड वेतन 2800 रुपये था। इसके फलस्वरूप अवर शेष पेज 11 पर

# केवल अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से अधिक स्टार्टअप शुरू हुए: मोदी

एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में गिनाई देश की उपलब्धियां, बताया प्रेरणादायक
- स्वच्छता को हर पल प्राथमिकता देंगे, तभी देश स्वच्छ होगा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देश और देशवासियों को विभिन्न क्षेत्रों में मिली सफलताओं और उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने विज्ञान, खेल, संस्कृति, और इतिहास में भारतीयों की उपलब्धियों को अपने कार्यक्रम में शामिल किया।

रेडियो पर प्रसारित 'मन की बात' की 124वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में देश में कई महत्वपूर्ण घटनाएं घटी हैं, जिन पर हर भारतवासी गर्व महसूस करता है। उन्होंने शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सुरक्षित वापसी ने पूरे देश को खुशी से भर दिया। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि कैसे अगस्त 2023 में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग ने देश में एक नया माहौल बनाया था। यह घटना बच्चों में स्पेस साइंस के प्रति नई जिज्ञासा उत्पन्न करने में सहायक बनी है। प्रधानमंत्री ने बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे इंस्पायर मानक अभियान का भी जिक्र किया। इस अभियान के तहत हर स्कूल से पांच बच्चों का चयन किया जाता है, जो नए विचार लेकर आते हैं। इस पहल में अब तक लाखों बच्चे जुड़ चुके हैं, और चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इनकी संख्या दोगुनी हो गई है। उन्होंने बताया कि भारत में स्पेस स्टार्टअप्स की संख्या 50 से बढ़कर 200 से अधिक हो गई है। यह दर्शाता है कि देश में स्पेस क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को कितना बढ़ावा मिल रहा है। अगले महीने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाए जाने की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों से सुझाव मांगे कि वे इसे कैसे मनाना चाहेंगे। उन्होंने छात्रों की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया, जब भारतीय छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय रसायन ओलंपियाड में मेडल जीते। देवेश पंकज, संदीप कुची, देवदत्त प्रियदर्शी और उज्ज्वल केसरी जैसे छात्रों ने भारत का नाम रोशन किया। गणित के क्षेत्र में भी भारत ने अपनी पहचान को मजबूत किया है, शेष पेज 11 पर

# पहलगाम हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तीखी बहस की तैयारी

एजेंसी



नयी दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद सोमवार से पहलगाम हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तीखी बहस होने की संभावना है, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े दो मुद्दों पर आमने-सामने होंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी दलों द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा के दौरान अपने शीर्ष नेताओं को मैदान में उतारे जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर इन मुद्दों पर सरकार का पक्ष रखेंगे। ऐसे संकेत हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय सुरक्षा पर अपनी सरकार के 'मजबूत' रुख के ट्रैक रिकॉर्ड से अवगत कराने के लिए हस्तक्षेप कर सकते हैं। दोनों सदनों में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव तथा अन्य नेताओं के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल सकते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 25 जुलाई को कहा था कि सत्र का पहला सप्ताह लगभग व्यर्थ चला गया था तथा विपक्ष ने सोमवार को लोकसभा में और उसके बाद मंगलवार को राज्यसभा में इन दोनों मुद्दों पर चर्चा शुरू करने पर सहमति जताई है। दोनों पक्षों ने प्रत्येक सदन में 16 घंटे की बहस पर सहमति व्यक्त की है, जो सामान्यतः तय समय से अधिक होती है। अनुराग ठाकुर, सुधांशु त्रिवेदी और निशिकांत दुबे जैसे मंत्रियों और नेताओं के अलावा, सत्तारूढ़ राजग द्वारा शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री ने कानपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों संग की विशेष संवाद बैठक

# विकास कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता जरुरी: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर कानपुर मंडल के विधायकों के साथ एक विशेष संवाद बैठक की। यह बैठक केवल विकास परियोजनाओं की समीक्षा का मंच नहीं थी, बल्कि यह लोकतंत्र की उस जीवंत परंपरा का प्रमाण थी, जिसके तहत शासन और जनता के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी 'जनप्रतिनिधियों' के माध्यम से मुख्यमंत्री जन आकांक्षाओं से मुखातिब हो रहे थे। मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई मंडलवार संवाद श्रृंखला की कड़ी में इस बार कानपुर मंडल के छह जनपदों (कानपुर नगर, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा और औरैया) के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था।

मुख्यमंत्री ने संवाद की शुरुआत प्रत्येक सांसद एवं विधायक से सीधे संवाद करते हुए की। उन्होंने उनके निर्वाचन क्षेत्रों की जमीनी परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं, विकास कार्यों की प्रगति और प्रशासनिक समन्वय पर विस्तार से फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सतत और संतुलित विकास में कानपुर मंडल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मंडल राज्य की औद्योगिक और शैक्षिक रीढ़ तो है ही, साथ ही साथ यह सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक चेतना और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का भी केन्द्र है।

बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा मंडल के छह जिलों में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित कुल 1,362 निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की गई, जिनकी अनुमानित लागत 10,914 करोड़ रुपये आंकी गई है। इन कार्यों में सड़कों, पुलों, फ्लाईओवरों, बाईपासों, इंटर-कनेक्टिविटी, मिसिंग लिंक रोड, सिंगल कनेक्टिविटी, धार्मिक स्थलों के विकास, सुरक्षा तथा लॉजिस्टिक्स से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव सम्मिलित हैं। इनमें सबसे अधिक कार्य कानपुर नगर में प्रस्तावित किए गए हैं, जहां 5,006 करोड़ रुपये की लागत से 426 योजनाएं प्रस्तुत हुई हैं। फर्रुखाबाद में 2,476 करोड़ रुपये की लागत से 308 कार्य, कानपुर देहात में 1,214 करोड़ रुपये के 336 कार्य, कन्नौज में ?1,076 करोड़ के 98 कार्य, इटावा में 620 करोड़ रुपये के 128 कार्य और औरैया में 524 करोड़ रुपये लागत से 66 विकास प्रस्ताव सम्मिलित हैं। शेष पेज 11 पर

### जनप्रतिनिधियों के अनुभव और स्थानीय आवश्यकताओं की समझ शासन के लिए मार्गदर्शक

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि जनप्रतिनिधियों के अनुभव और स्थानीय आवश्यकताओं की समझ शासन के लिए मार्गदर्शक होती है। हम केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका समयबद्ध और जमीनी क्रियान्वयन ही हमारी पहचान है। बुंदेलखंड को उपेक्षा के अंधकार से निकालकर हम उसे उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की रेखा पर ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा हर योजना को नतीजों तक पहुँचाने की है। इसके लिए जवाबदेही तय की जाएगी, तकनीक का समुचित उपयोग किया जाएगा और कार्यों की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को झांसी और चित्रकूट धाम मंडल के विधायकों के साथ भी विशेष बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की परिस्थितियों, जनअपेक्षाओं और विकासात्मक प्राथमिकताओं के विषय में व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। बैठक का उद्देश्य केवल योजनाओं की समीक्षा नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों की जमीनी समझ और अनुभव के माध्यम से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ समझना और समाधान सुनिश्चित करना था। झांसी में होंगे 4901 करोड़ से काम विधायकों द्वारा दिये गए कुल प्रस्तावों के अनुसार, झांसी मंडल के तीन जनपदों (झांसी, जालौन और ललितपुर) से कुल 691 कार्य प्रस्तावित किए गए हैं, जिनकी अनुमानित लागत ?4,901 करोड़ है। वहीं चित्रकूट मंडल के चार जनपदों (बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट और महोबा) से कुल 397 कार्य प्रस्तावित हैं, जिन पर ?3,875 करोड़ की लागत प्रस्तावित है। इस प्रकार दोनों मंडलों से कुल 1,088 कार्य प्रस्तावित हुए हैं, जिनकी कुल लागत ?8,776 करोड़ है। इनमें से झांसी और बांदा जनपद क्रमशः ?1,916 करोड़ और ?1,825 करोड़ की लागत के साथ अपने-अपने मंडलों में शीर्ष पर हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास शेष पेज 11 पर

# हाउस टैक्स में यूजर चार्ज जोड़ कर वसूले जाने के प्रस्ताव के विरोध में सड़को पर उतरे नागरिक, निकला पैदल मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। नगर निगम ने नये प्राविधान के तहत हाउस टैक्स के हिसाब से यूजर चार्ज निर्धारित कर हाउस टैक्स के साथ वसूले जाने की व्यवस्था तय की है। ऐसे में कूड़ा गाड़ी आए या न आए निवासियों को वार्षिक यूजर चार्ज हाउस टैक्स के साथ जोड़कर देना ही पड़ेगा। नगर निगम की इस नई व्यवस्था को लेकर शहरवासियों में विरोध उत्पन्न होने लगे हैं। इसी के तहत रविवार को फैजुल्लागंज में सैकड़ों निवासियों ने नगर निगम के खिलाफ पैदल मार्च निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। यह पैदल मार्च घैला रोड स्थित महावीर लान के सामने से परागी मंदिर तक निकाला गया। पैदल मार्च का नेतृत्व कर रही क्षेत्र की वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बाल महिला सेवा संगठन की अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने कहा कि सुविधाओं के नाम पर नगर निगम ने भवन स्वामियों को केवल ठगा है यूजर चार्ज की अनिवार्यता गलत है, यूजर चार्ज पूरी तरह जबरिया टैक्स है इससे निवासियों पर दोहरी मार पड़ेगी। प्रदर्शन में शामिल वरिष्ठ नागरिक राकेश पाण्डेय ने बताया कि कई इलाकों में अभी भी प्राइवेट ठेलिया वाले ही कूड़ा उठा रहे हैं ऐसे में इलाकों में कूड़ा उठान के लिए लोगों को दोहरा शुल्क देना पड़ेगा, वही मोहम्मद नासिर ने बताया कि कूड़ा गाड़ी तीन से चार दिन के अंतराल पर आती है इसके बाद भी यूजर चार्ज वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। ममता त्रिपाठी के मुताबिक पैदल मार्च में पांच सौ से अधिक लोगों ने सुविधा नहीं तो टैक्स नहीं के गगनभेदी नारे लगाते हुए नगर निगम के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

# बिजनौर में हरियाली तीज का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। बिजनौर स्थित 91वीं वाहिनी रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा रविवार को हरियाली तीज का आयोजन हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा केसाथ किया गया। क्षेत्रीय कावा संगठन की अध्यक्षा निरुपमा ओझा के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में जवानों के परिवार और सीआरपीएफ परिवार कल्याण संगठन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मनाया जाने वाला यह पर्व प्रकृति,हरियाली, झूलों और मेंहदी से जुड़ाहोता है। यह सौंदर्य और उत्सव का प्रतीक माना जाता है। इस मौके पर कार्यक्रम स्थल को पारंपरिक साज-सज्जा, रंग-बिरंगे झूलोंऔर हरियाली से सजाया ।। जिससे वातावरण में उल्लास और उमंग की छटा बिखर गई.। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में 91वीं वाहिनी की महिला कर्मियों, जवानों के परिवारजनों और बच्चों ने सक्रिय भागीदारी की। यह आयोजन पारिवारिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों और आपसी सौहार्द का प्रतीक रहा।

# दो बाइकों में आमने-सामने की भीषण भिड़त दोनों बाइक सवारों की दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।लखनऊ, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के धर्मावत खेड़ा गांव के सामने रविवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसा घटित हुआ, जिसमें दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि मोटरसाइकिलें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और दोनों युवक सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़े।मृतकों की पहचान 35 वर्षीय आशीष कुमार यादव पुत्र मलखान सिंह यादव, निवासी ग्राम सठवारा, थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ तथा 40 वर्षीय फूलचंद साहू पुत्र मोहनलाल, निवासी ग्राम पुरसेनी, थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ के रूप में की गई है।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहनलालगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही थाना मोहनलालगंज की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना संबंधित परिवारों को दे दी गई है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह हादसा तेज रफ्तार और असंतुलित वाहन संचालन के कारण हुआ माना जा रहा है।इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दुर्घटना वाले स्थान पर यातायात नियंत्रण के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## लखनऊ : ट्रांसफार्मर में उतरे करंट की चपेट में आकर बच्चे की मौत

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कैसरबाग थाना क्षेत्र स्थित शंकरपुरी इलाके में रविवार को एक बच्चे की ट्रांसफार्मर में उतरे करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। वह बॉल उठाने गया था, तभी यह हादसा हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हुसैनगंज में तैनात अधिशासी अभियंता ने बताया कि शंकरपुर कॉलोनी में 400 केवीए ट्रांसफार्मर लगा है। उसके चारों बेरिकेडिंग की गई है। आज पास में ही कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे, इसी दौरान उनकी गेंद ट्रांसफार्मर के पास चली गई। क्षेत्र में रहने वाला फहद गेंद उठाने गया, तभी अचानक तेज झटके से आवाज आई और वह करंट की चपेट में आ गया। घटना देख मौके पर पहुंचे पड़ोसी और परिजनों ने किसी तरह बच्चे को करंट की चपेट से निकाला और झुलसी हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस सूचना के मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। फहद तीन भाईयों में सबसे बड़ा था और उसके पिता सऊदी में हैं।

# यूपी की तमसा नदी हो रही पुनर्जीवित, पूर्वांचल के पांच जिलों में लौटने लगी हरियाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता और संकल्पशक्ति से पूर्वांचल की जीवनरेखा कही जाने वाली तमसा नदी को नया जीवन मिल रहा है। तमसा नदी के पुनर्जीवन अभियान से आजमगढ़ जिले की 121 ग्राम पंचायतों में हरियाली लौट रही है। ऋषि दुर्वासा, चन्द्रदेव और ऋषि दत्तात्रेय की तपोभूमि पर बहती तमसा नदी अब फिर से पूर्वांचल के किसानों के लिए संजीवनी बन रही है।

तमसा नदी अयोध्या, अंबेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ और बलिया से होकर गुजरती है। इसके पुनरुद्धार से इन जिलों में बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। वर्तमान में तमसा नदी आजमगढ़ जिले के अहरौला, मिर्ज़ापुर, तहबरपुर, रानी की सराय, पल्हनी, बिलरियागंज और सठियांव विकासखंडों की 121 ग्राम पंचायतों से होते हुए मऊ जनपद में प्रवेश करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को राज्य स्वच्छ गंगा मिशन और जिला गंगा समितियां मिलकर साकार कर रहे हैं।

तमसा नदी न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पूर्वांचल की कृषि और पर्यावरण के लिए भी जीवनदायिनी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋषि दुर्वासा, चन्द्रदेव और ऋषि दत्तात्रेय की तपोभूमियों को फिर से हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया, जिसके परिणामस्वरूप यह क्षेत्र अब एक बार फिर समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहा है।

आजमगढ़ के मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना ने बताया कि तमसा नदी आजमगढ़ जिले में 89 किलोमीटर और कुल मिलाकर 264 किलोमीटर लंबी है, जो अयोध्या, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ और बलिया जिलों से होकर गुजरती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आजमगढ़ में तमसा नदी पर अभियान चलाकर काम किया जा रहा है। तमसा नदी के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए 29 जुलाई को आजमगढ़ में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी जुटेंगे। तमसा नदी के पुनर्जीवन से किसानों को बड़ी राहत मिल रही है। अयोध्या, अंबेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ और बलिया के लाखों किसानों को अब सिंचाई की बेहतर सुविधा मिल रही है, जिससे खेतों की उत्पादकता में बढ़ोत्तरी हुई है। ग्राम पंचायतों में हरियाली लौटने के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका के नए रास्ते भी खुले हैं।

डीएफओ आजमगढ़ पी. के. पांडे ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर तमसा नदी के दोनों किनारों पर पौधारोपण भी कराया जा रहा है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भूजल स्तर में भी सुधार हो रहा है।तमसा नदी केवल खेती के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी धार्मिक विरासत के लिए भी प्रसिद्ध है।

दुर्वासा ऋषि आश्रम : दुर्वासा ऋषि आश्रम, तमसा और मंजूषा नदी के संगम पर स्थित है। यहां श्रावण, कार्तिक मास सहित कई पर्वों पर तीन से चार लाख तक श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। चन्द्रदेव आश्रम : चन्द्रदेव का आश्रम तमसा और सिलनी नदी के संगम पर स्थित है, जहां राम नवमी और कार्तिक पूर्णिमा को विशेष मेले लगते हैं।

दत्तात्रेय मंदिर : दत्तात्रेय मंदिर, तमसा और कुंवर नदी के संगम पर स्थित है। यहां शिवरात्रि पर भव्य मेला आयोजित होता है, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं।

# निगोहां: रमपुरा के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुआ खेल-कूद प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निगोहा , लखनऊ। रविवार को उतरावां के मजरा रमपुरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसके आयोजक सत्यदेव फाउंडेशन एवं ग्राम प्रधान भोलानाथ रहे। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को संस्था एवं ग्राम प्रधान द्वारा छात्रों को प्रशस्ति पत्र , स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सभी प्रतिभाग करने वाले एवं उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को संस्था द्वारा स्टेशनरी प्रदान की गई। ग्राम प्रधान भोलानाथ ने बताया कि रविवार को सत्यदेव फाउंडेशन संस्था द्वारा शिक्षण एवं खेल-कूद प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग किया , जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र , स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया साथ में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी प्रदान की गई । उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के अन्दर का डर समाप्त होता है।

# निगोहां : दखिना में आज से शुरू होगी शिव महापुराण कथा की अमृत वर्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। श्रावण मास के अवसर पर क्षेत्र के दखिना शेखपुर गांव में आज से शिव महापुराण कथा महोत्सव का शुभारंभ होगा। यह कथा रोजाना शाम 5 बजे से 8 बजे तक , गोकरन घाट ऊंचाहार रायबरेली के कथा वाचक श्री जयशंकर प्रसाद शुक्ल जी महाराज के द्वारा होगी। कार्यक्रम के आयोजक भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) के प्रदेश सचिव व भोले बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष अनमोल तिवारी ने बताया कि इसके बाद 4 अगस्त को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इससे पूर्व भी उन्होंने जग कल्याण के लिए कई बार शिव महापुराण कथा का आयोजन कराया है। कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक हरिदत्त तिवारी, अशोक तिवारी, अरविन्द तिवारी, राकेश तिवारी, रामबाबू शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। रोजाना सुबह के समय पहले मूल पाठ होगा और शाम के समय विस्तृत रूप से आए हुए लोगों को कथा का रसपान कराया जाएगा। साथ ही क्षेत्र और समाज के कल्याण के लिए महामृत्युंजय जाप के साथ रुद्राभिषेक का कार्यक्रम भी होगा। आज से प्रारम्भ इस धार्मिक आयोजन में आयोजक परिवार द्वारा सभी से धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## शराब के नशे में दबंग ने दो युवकों पर किया चाकू से हमला, हालत गंभीर...

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भीलमपुर गांव में शनिवार देर शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब शराब के नशे में धुत एक दबंग युवक ने दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने पीड़ितों की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रेमा देवी पत्नी स्व. मैकूलाल और कलावती पत्नी लक्ष्मीनारायण, निवासी भीलमपुर गांव, शनिवार शाम अपने बेटों सत्यम और अमित कुमार के साथ घर पर थीं। उसी मोहल्ले में रहने वाला वारिस अली पुत्र स्व. फकीर बक्स शराब के नशे में मोहल्ले में आकर गाली-गलौज करने लगा। इस पर मोहल्ले में मौजूद सत्यम, अमित और हरिकेश पुत्र लक्ष्मीनारायण ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वारिस अली आक्रोशित हो गया और सत्यम तथा अमित पर चाकू से हमला कर दिया।घटना के दौरान आरोपी का समर्थन मोहल्ले की ही महिला जूली पत्नी राकेश ने किया, जो पीड़ितों से उलझ गई। जब दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े, तो आरोपी वारिस अली और जूली मौके से फरार हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवकों को मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि,दोनों पीड़ितों की मां द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पूरी घटना शनिवार की देर शाम की है।पुलिस टीम अब आरोपी की तलाश में जुटी है और गांव में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कला ने भारत की वैज्ञानिक प्रगति को नई ऊंचाइयां दीं : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास सात कालिदास मार्ग पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का संपूर्ण जीवन ज्ञान, सादगी, राष्ट्रभक्ति और वैज्ञानिक सोच का अद्वितीय संगम रहा। 'मिसाइल मैन' के रूप में उन्होंने भारत की वैज्ञानिक प्रगति को नई ऊंचाइयां दीं और 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में करोड़ों भारतीयों के दिलों में अमिट स्थान बनाया।

## सड़क पर खड़े वाहन को हटाने के प्रयास में भिड़े दो गुट

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर इलाके में रविवार दोपहर सड़क पर खड़े वाहन को हटाने के विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों की ओर से एक-दूसरे पर ईटों और लाठी-डंडों से हमला किया गया। मारपीट की इस वारदात में तीन लोगों के सिर फट गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की रिर्पोट दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए सरोजनी नगर सीएचसी भेज दिया है। थाना क्षेत्र के माती गाँव में यहीं के मोहम्मद वारिश का वारिश टेंट हाउस है। दोपहर में बेटा वाहिद अली व उसके अन्य साथी मौजूद थे। सड़क पर ईंट लोड कर खड़े वाहन को हटाने के लिए बाइक से गैस सिलेण्डर ले जा रहे गाँव के अब्दुल हमीद व उसके बेटे मोहम्मद नदीम से विवाद हो गया और देखते ही देखते दोनों गुटों में ईंट व लाठी डण्डों से मारपीट शुरु हो गई। इस घटना में वाहिद अली, अब्दुल हमीद व मोहम्मद नदीम के सिर फट गए। जिससे तीनों लहूलुहान हो गए।

## पुरानी रंजिश में पड़ोस के युवकों ने बुजुर्ग के घर में घुसकर पीटा , बुजुर्ग घायल

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के बदन खेड़ा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक बुजुर्ग की पिटाई कर दी । बदनखेड़ा गांव निवासी जगदेव के अनुसार बीते रविवार की शाम उनके पड़ोसी अभिषेक व अतुल यादव ने पुरानी रंजिश के चलते उनके घर में घुसकर पहले गाली-गलौच की। विरोध करने पर दोनों ने लात-घूंसों व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर पीड़ित की पत्नी किरण और बेटा संदीप बचाव के लिए आगे आए, तो हमलावरों ने उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया। इस हमले में जगदेव और उनकी पत्नी किरण को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने निगोहां थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में थाना प्रभारी अनुज तिवारी का कहना है , मुकदमा पंजीकृत किया गया है। नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# मन की बात' में प्रधानमंत्री ने बताया कालिंजर के किला को भारत की संस्कृति, संस्कार व स्वाभिमान का प्रतीक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें एपिसोड में उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए बांदा जिले के कालिंजर किले का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह किला केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं है, बल्कि यह भारत की संस्कृति, संस्कार और स्वाभिमान का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किलों से संस्कार और स्वाभिमान झांकते हैं। बांदा का कालिंजर किला इसका जीवंत उदाहरण है, जिसने महमूद गजनवी के बार-बार हमलों को विफल किया। उन्होंने बुन्देलखंड रीजन के अन्य किलों जैसे ग्वालियर, झांसी, दतिया, अजयगढ़, गढ़कुंडार और चंदेरी का भी जिक्र किया। इन किलों को देश की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए उन्होंने देशवासियों से इन स्थलों की यात्रा करने और अपने इतिहास के गौरव को महसूस करने का आग्रह किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में स्वच्छता के प्रति जन समर्पण को भी सराहा। उन्होंने लखनऊ की गोमती नदी स्वच्छता टीम का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्ष से यह टीम हर रविवार बिना रुके, बिना थके गोमती नदी की स्वच्छता के लिए कार्य कर रही है। यह समर्पण प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री के संबोधन में न केवल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को राष्ट्रीय मंच पर उजागर किया, इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे विकास और संरक्षण कार्यों को भी प्रोत्साहन मिला है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चलाए जा रहे अभियानों की भी चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यूपी पर्यटन विभाग प्रदेश के ऐतिहासिक किलों, विशेष रूप से कालिंजर किले, के पुनरोद्धार और उन्हें पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसके अलावा, प्रदेश में नदी पुनरोद्धार अभियान भी जोर-शोर से चल रहा है। प्रत्येक जिले में छोटी नदियों को पुनर्जनन और उनके किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# धूमधाम से मनाया गया हरियाली तीज का त्योहार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। हरियाली तीज का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजकर भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना की। गांव में जगह-जगह झूले पड़े और लोकगीतों की स्वर लहरियों से माहौल भक्तिमय हो गया।

सुबह से ही व्रती महिलाओं ने संकल्प लिया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा की। विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए तीज का व्रत रखा। धार्मिक कार्यक्रमों में तीज व्रत की कथा, भजन-कीर्तन और सामूहिक पूजा शामिल रही। त्योहार में आपसी प्रेम, सौहार्द और परंपरागत सांस्कृतिक मूल्यों को और अधिक मजबूत किया।



ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि हरियाली तीज सिर्फ एक व्रत नहीं, बल्कि प्रकृति, नारी शक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है, जिसे हर वर्ष पूरे उल्लास से मनाया जाता है।

# सीतापुर में आरओ/एआरओ परीक्षा की सख्त निगरानी डीएम-एसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जा रही समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा-2023 दृष्टिगत रविवार की सुबह कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार पहुंचकर डबल लॉक का पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं तथा परीक्षा सामग्री का प्रेषण कार्य का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि लोक सेवा आयोग के निर्देशानुसार समस्त कार्यों को पूरी सुचिता के साथ सुनिश्चित किया जाय। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस



अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने महर्षि विद्या मंदिर नैपालापुर सीतापुर, सुमित्रा मॉर्डन स्कूल नैपालापुर सीतापुर एवं आरएमपी इंटर कालेज सीतापुर का निरीक्षण कर छात्रों के प्रवेश, बायोमैट्रिक स्कैनिंग, कंट्रोल रूम आदि व्यवस्थाओं को देखा एवं आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आस पास शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने, प्रवेश के समय गहन जांच तथा प्रवेश हेतु निर्धारित समय का कड़ाई से पालन करने हेतु भी निर्देशित किया। इस दौरान सम्बंधित केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सम्बंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## मनरेगा में भारी भ्रष्टाचार!

सीतापुर, मछरेहटा। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत लोहंगपुर में सरकार की महत्वपूर्ण योजना
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) ग्रामीणों को रोजगार देने और गांवों का विकास करने के लिए सरकार ने शुरू की थी, लेकिन अब भ्रष्टाचारियों की कमाई का जरिया बन चुकी है। जिसमे जिम्मेदार अधिकारी लगाम लगाने में नाकाम दिख रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां योजनाओं की आड़ में फर्जीवाड़ा, फर्जी हाजरी , फर्जी फोटो अपलोड कर बंदरबांट का सिलसिला बेलगाम हो चुका है। एक ही फोटो को कई बार अपलोड कर मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। जिसमे महिलाओं की भी हाजरी लगाई जा रही है, जिसमे कई फोटो में तो एक ही महिला दिखाई दे रही है। और दो फोटो में छः – छः महिलाये दिख रही है। जबकि पोर्टल पर मतलब भर की हाजरी लगाई गई है। इन सभी खुलासों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी खामोश हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पंचायत में बैठे भ्रष्ट तंत्र और अधिकारियों की मिलीभगत से ही ये सब हो रहा है।

# मोहना नदी के कटान से ग्रामीणों की चिंता बढ़ी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निघासन खीरी। तहसील निघासन क्षेत्र के तिकुनियाँ के अंतर्गत जसनगर गांव के पास मोहाना नदी का कटान तेज से हो रहा है जिससे आसपास के ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिख रही है बरहाल सिंचाई विभाग द्वारा लगाए गए जियो ट्यूब नदी के तेज बहाव में बह गए हैं कटान की सूचना मिलते ही एसडीएम राजीव निगम राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जसनगर गांव को कटान से बचाने के लिए सिंचाई विभाग ने करोड़ों रुपये की परियोजना के तहत जियो ट्यूब और बांस बल्ली लगाए थे। लेकिन ये सभी नदी के तेज बहाव में बह गए। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग ने परियोजना में भ्रष्टाचार किया है। इसी कारण परियोजना पानी के तेज बहाव में बह गई। एसडीएम राजीव निगम ने बताया



कि उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया है। उन्होंने सिंचाई विभाग को कटान रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। विभाग को जल्द से जल्द कार्यवाही करने को कहा गया है ताकि गांव को नदी के कटान से बचाया जा सके व आसपास के ग्रामीण राहत की सांस ले सके।

# कारगिल विजय दिवस पर वर्चुअल कवि सम्मेलन में वीर बलिदानियों को किया याद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कारगिल विजय दिवस पर वर्चुअल कवि सम्मेलन में वीर बलिदानियों को किया याद

बिसवां- सीतापुर । कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में आयोजित वर्चुअल कवि सम्मेलन में वीर बलिदानियों को याद किया गया मुख्य अतिथि की भूमिका में अपने जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने कारगिल में मारे गए अपने वतन के वीर सपूतों को नमन कर एक बलिदानी की बहन के उद्गार व्यक्त करते हुए कहा मैं दुर्गावती लक्ष्मीबाई बनकर सीमा पर जाऊंगी। अपने भाई की शहादत का बदला भाई से चुकाऊंगी। घुसपैठिए जो घुस आए वे भागें या उनकी बलि होगी। लहरें लाहौर पे राष्ट्रध्वज तब सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सिंगरौली मध्य प्रदेश से वरिष्ठ साहित्यकार उमेश कुमार गुप्त ने वीर गाथा का वर्णन करते हुए एक हृदय स्पर्शी गीत ल्लभारत मां



के लाल शहीद, कहां गए ओ लाल हमारे, छोड़के हमको किसके सहारे। देश विराना हो गया प्यारेङ्क सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। अलवर राजस्थान से विभा आर्य ने कहा ल्लजब मैं मरू तब, मेरी दृष्टि उसे दे देना, जिसने कभी सूर्योदय नहीं देखा! मेरा ह्रदय उसे दे देनाङ्क, जम्मू से सुषमा देवी ने अपनी बात कुछ तरह कहीं ल्ल कारगिल के उच्च शिखरों पर, हमारे वीरों ने लड़ी अपूर्व लड़ाई, जब अपने प्राणों को दांव लगाकर, भारत राष्ट्र को थी विजय दिलाईल्ल ।रुड़की उत्तराखंड से ओज कवि किसलय क्रांतिकारी को खूब सराहा गया ल्लकारगिल महासंग्राम में जो भी वीर शहीद हुए, ऐसे उन शहीदों के चरणों में प्रणाम हैङ्क, अलवर राजस्थान से सीमा कालरा अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा ल्लदेखो दुनिया में कैसा अजब हो रहा, झूठ का ये तमाशा गजब हो रहाङ्क, बीना गुप्ता ने भक्ति रचना सुनाई तो वहीं हापुड़ उत्तर प्रदेश से अन्नपूर्णिमा ने वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी ल्लचोटी पे खड़ा है एक इतिहास, सीना ताने वीर जवान, हिमगिरि की ऊँचाई पर लिखी गई भारत की पहचानङ्क, रांची झारखंड से करुणा सिंह कल्पना ने कहा ल्लमोहब्बत का रंग अभी जिंदा है यारों, हाथों में जब तक तिरंगा है यारोंल्ल जौनपुर से राम जतन पाल की रचना को जमकर वाहवाही मिली।सोनभद्र से कृष्ण कुमार साहनी ने अपनी रचना ल्लहरेक धड़कन शहीदों की शहादत पर समर्पित है, शिराओं में दौड़ते रक्त का हर बिंदु अर्पित हैल्ल सुनाकर सभी का दिल जीत लिया। इस पूरे कार्यक्रम का शानदार संचालन सोनभद्र के यूथ आइकॉन कविवर अवध बिहारी अवध जी ने किया ।श्याम बिहारी मधुर जी ने अपना हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कारगिल के अमर बलिदानियों को नमन किया। कार्यक्रम अध्यक्ष कवि उमेश गुप्त और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने सभी मंचासीन अतिथियों का हृदय पटल से कोटिऽकोटि आभार व्यक्त करते हुए सभी सम्मानित साहित्य मनीषियों को कारगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभ कामनाएं प्रेषित किया और कहा कि हमारे राष्ट्र के वीर सपूत लोगों के हृदय में सदा-सदा के लिए अविस्मरणीय स्मृति के रूप विद्यमान रहेंगे। राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा के लिए अपने प्राणों का भी नौछावर करने वाले सभी राष्ट्र प्रहरियों का हम ऋणी रहेंगे।

# खीरी : सख्त निगरानी और कड़ी सुरक्षा में सम्पन्न हुई RO-ARO परीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित आरओ-एआरओ परीक्षा रविवार को जनपद के 36 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और प्रशासनिक सतर्कता के बीच शांतिपूर्वक एवं नकलविहीन माहौल में सम्पन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा।

जनपद के कुल 14849 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 6925 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 7924 अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न हुई। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अव्यवस्था की कोई सूचना नहीं मिली।

**निरीक्षण में जुटे डीएम-एसपी, केंद्रों पर ली व्यवस्थाओं की जानकारी**

परीक्षा के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति



नागपाल एवं एसपी संकल्प शर्मा स्वयं मॉनिटरिंग मोड में रहे। दोनों अधिकारियों ने जीजीआईसी, डॉन बॉस्को स्कूल, अजमानी इंटरनेशनल स्कूल समेत कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेटों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन हो तथा परीक्षार्थियों को शांत, सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण मिले। एसपी ने पुलिस बल को सतर्क और संवेदनशील रहने के निर्देश दिए।

**हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट की तैनाती, आयोग से भी रही निगरानी**

परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने हेतु 36 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 36 स्टैटिक मजिस्ट्रेट प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर तैनात किए गए थे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नामित समन्वयी पर्यवेक्षकों ने भी केंद्रों की सतत निगरानी की।

**एडीएम ने संभाली व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों पर विशेष नजर**

अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर परीक्षा केंद्र केन गोवर्स कॉलेज, पब्लिक इंटर कॉलेज, गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज आदि केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राधिकारियों को परीक्षा के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कांवड़ियों का जत्था छोटी काशी रवाना लुधौरी चौराहे पर पूर्व प्रधान ने किया स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निघासन- खीरी । विकास खंड निघासन की ग्राम पंचायत लुधौरी मे चौराहे परग्राम पुरैना से जा रही कावड़ पदयात्रा का पूर्व प्रधान और सम्मानित ग्रामवासियों ने उपस्थित होकर कांवड़ियों का तिलक वंदन कर मीठा खिलाकर उनको छोटी काशी के लिए रवाना किया। इस कावड़ पदयात्रा में छोटे-छोटे बच्चे बुजुर्ग एवं महिलाएं व कन्याए भी थी जो छोटी काशी भोलेनाथ के दर्शन के लिए जाती दिखी। शिव भक्तों ने ढोल डीजे और मनमोहक झांकियो के साथ कावड़ यात्रा निकाली। पूरे प्रदेश एवं क्षेत्र में कावड़ यात्रा को देखकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। समाजसेवी लोगों के द्वारा जगह-जगह पर कांवरियों के लिए जलपान की व्यवस्था स्टॉल लगाकर की जा रही है शासन प्रशासन का पूरा



सहयोग कांवरियों को मिल रहा है जगह-जगह पर रुकने ठहरने की व्यवस्था की गई है

कांवड़ यात्रियों के स्वागत के लिए लुधौरी चौराहे पर पूर्व प्रधान रामपाल मौर्य,दिनेश गुप्ता, छेदीलाल यादव, विमलेश शुक्ला, रजनीश दीक्षित, रामखेलावन यादव, नंदकुमार यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, आशीष गुप्ता छाजु, लाल बहादुर सिंह, नरेंद्र यादव, नीरज यादव,विनीत श्रीवास्तव, इंद्रपाल यादव, अनूप शुक्ला, पंकज अर्कवंशी,सचिन जयसवाल, गुलशन गुप्ता,पुरैना से व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# धौरहरा में फिल्मी अंदाज़ में हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा, 5 दिन में लुटेरे गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

धौरहरा, लखीमपुर खीरी । कस्बे में बीते मंगलवार को हुई एक लूट की वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी, लेकिन राहत की बात यह है कि पुलिस ने मात्र पांच दिनों के भीतर इस फिल्मी स्टाइल लूटकांड का सफल अनावरण कर दिया है। घटना मंगलवार को उस समय हुई जब मोहल्ला इंद्रानगर निवासी हनीफ ने धौरहरा कस्बे में आयोजित पशु बाजार में अपने भैंसे को 1 लाख 20 हजार रुपये में बेचा। भैंसा बेचकर जब हनीफ रकम लेकर लौट रहा था, तभी पीबी मार्ग स्थित अमन पेट्रोल पंप के पास लघुशंका के लिए रुका। इसी दौरान घात लगाए बैठे दो युवक ऽ प्रेम कुमार उर्फ पप्पू और उसका नाबालिग भाई ऽ उस पर टूट पड़े और रुपयों से भरा थैला छीनकर नौ दो ग्यारह हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी (एग) शमशेर बहादुर सिंह व थाना प्रभारी सुरेश



मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से महज पांच दिन में इस लूटकांड का पर्दाफाश कर दिया। अपराधियों का इतिहास भी सामने आया पुलिस की जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी प्रेम कुमार उर्फ पप्पू व उसका नाबालिग भाई मूल रूप से थाना ईसानगर क्षेत्र के खजुहा सेंटर के निवासी हैं। दोनों हाल ही में अपनी बहन के घर आए थे और कस्बे के मेला-ठेला में जेबकटी जैसी छोटी-मोटी घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। लूट की योजना भी उन्होंने मौके पर भैंसा बेचने आए व्यक्ति को देखकर अचानक बनाई।

सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का पारिवारिक आपराधिक इतिहास भी है। प्रेम कुमार का पिता भी पूर्व में पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज है और वर्तमान में गांजा-चिप्पड़ जैसे नशीले पदार्थों की बिक्री में लिप्त है।

पुलिस की तत्परता से जनता में बढ़ा विश्वास -इस लूटकांड के खुलासे के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है। कस्बे में एक फिल्मी अंदाज में हुई घटना के बाद जिस प्रकार से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को दबोच लिया, उससे यह स्पष्ट है कि अपराधियों के लिए अब सुरक्षित पनाह ढूंढना मुश्किल होगा।पुलिस की यह कार्यवाही न केवल एक बड़ी लूट को सुलझाने की सफलता है, बल्कि यह संदेश भी है कि कानून के हाथ लंबे हैं, और अपराध कितनी भी चालाकी से किया जाए ऽ पकड़े जाने से नहीं बचा जा सकता।

# मजिस्ट्रेट व पुलिस ने रोका रोहिंग्या से चर्चित जमीन का निर्माण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर । उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद नगर के कबाड़ी रोड पर स्थित एक भूखंड पर रविवार को निर्माण कार्य को एसडीएम सदर के मौखिक आदेश पर मजिस्ट्रेट ने पुलिस के सहयोग निर्माण कार्य रोकवा दिया । जिससे एक बार पुनः कथित रोहिंग्या वाले मामले के जमीन पर तनाव का माहौल बन गया है। इस बारे भूस्वामी सैयद अदनान फारूख शाह के पैरोकार गणेश अग्रवाल ने बताया कि नगर का आराजी नंबर 619 सैयद अदनान फारूख अब्दुल्ला शेख की पुस्तैनी जमीन है। तथा 626 पोखरी की जमीन है । उक्त जमीन को कुछ जालसाज अपना बता अवैध कब्जा कर रहे थे। जिसके बचाव के दो माह पहले उक्त जमीन का बाऊन्ड्री वाल कराया जा रहा



था। आरोप लगाया कि नगर के भूमाफिया मुरारी लाल व उनकी पत्नी पूर्व चेयरमैन अनुपमा आर्या जमीन को अपना बताकर निर्माण में लगे मजदूरों को रोहिंग्या का अफवाह फैला दिया। जिसके दबाव में एसडीएम सदर कोर्ट 5.3.25 को विवाद रोकने के लिए जमीन को 165(1) बीएनएस में जब्त कर लिया। तथा निर्माण कार्य रोकवा दिया। उन्होंने बताया कि जब्ती आदेश के विरुद्ध मा.उच्च न्यायालय में वाद योजित की गई। पक्षकार मुरारी लाल हाजिर नहीं हो रहे थे। तब मा.कोर्ट ने उक्त आदेश को अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया। उसके अनुपालन में एसडीएम सदर कोर्ट ने भी 23.7.25 को अपने आदेश को स्थगित कर दिया। पूरानी स्थिति बहाल होने पर आज पुनः निर्माण शुरू किया गया। तो भूमाफियाओं के दबाव में एसडीएम सदर दूरभाष से तथा नायब तहसीलदार व थानेदार को मौखिक आदेश देकर काम रोकवा दिया। कोई लिखित आदेश देने से बच रहे हैं।

इस बारे में मीडिया से बात करते हुए मुरारी लाल की पत्नी पूर्व चेयरमैन अनुपमा आर्या ने बताया कि 626/1 हमारी भूमि धरी की जमीन है। जिस पर कुछ भूमाफिया अवैध कब्जा करना चाहते हैं। सीमांकन भी कराया गया। पुनः इसकी कार्रवाई मंडलायुक्त के यहां लम्बित है।

इस बारे में मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार अरविन्द पाण्डेय ने बताया कि एसडीएम सदर के मौखिक आदेश पर काम रोका गया है। एसडीएम कोर्ट के आदेश का हवाला देकर पूछने पर कहा फिर जैसा आदेश होगा उसका पालन कराया जाएगा।

# डीएम-एसएसपी ने देखी कांवड़ यात्रा मार्ग सुरक्षा व्यवस्था



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा श्रावण मास 2025 के दृष्टिगत कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु कछला गंगा घाट /कावड यात्रा मार्ग का भ्रमण / निरीक्षण किया गया ।

कांवड़ मार्ग एवं कछला गंगा घाट पर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा प्रबन्धों तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कांवड़ यात्रा/गंगा घाट पर बढ़ रही महिला श्रद्धालुओं की संख्या के दृष्टिगत सुरक्षा/कानून व्यवस्था पर सतर्क दृष्टि रखी जाये व कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं को कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करते हुए शालीनता का व्यवहार रखें। वाहनों के आवागमन हेतु किये गये रूट डायवर्जन का कड़ाई से पालन कराया जाये तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम सदर श्री मोहित कुमार, क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक उझानी श्री नीरज कुमार एवं अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे।

# सकुशल सम्पन्न हुई परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सम्भल ( बहजोई)। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा एक सत्र 9:30 बजे से 12:30 बजे तक में आयोजित की जाने वाली समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी आदि प्रारम्भिक परीक्षा 2023 जनपद में सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा चंदौसी के परीक्षा केन्द्र सिलवर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंदौसी तथा सम्भल के परीक्षा केन्द्र बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल संभल का निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयो में प्लास्टिक की बोतलों का प्रयोग कदापि न हो यह सुनिश्चित किया जाए। विद्यालयों को प्लास्टिक फ्री विद्यालय बनाना सुनिश्चित करें।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा सम्भल के प्राचीन 68 तीर्थ एवं 19 महाकूप एवं 5 महातीर्थ में से आलम सराय सम्भल में स्थित चतुर्मुख महाकूप जिसका सौन्दर्यीकरण नगर पालिका सम्भल द्वारा कराया जा रहा हैं उसका निरीक्षण किया तथा महाकूप के पास ब्रहमा जी की मूर्ति लगवाने तथा महाकूप के ऊपर जाली लगवाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने चतुर्मुख महाकूप के नजदीक स्थित पिशाच मोचन तीर्थ ?के सौन्दर्यीकरण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा हल्लू सराय स्थित यमघण्ट तीर्थ के सौन्दर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी द्वारा अभी हाल ही में कोट गर्वी में खोजे गये वायु महाकूप ,एवं यमदाग्नि महाकूप का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा अभी हाल ही में सम्भल के ग्राम उष्मा सराय में खोजे गये का कालोदक तीर्थ का भी निरीक्षण किया। मार्ग के संबंध आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि यहाँ आंवला का पौधा रोपण कराने सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी तथा उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांवड़ियों के डीजे से घंटों रहा शहर में जाम

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सावन के पर्व को लेकर शहर में बड़े-बड़े डीजे के आवागमन के चलते बदायूं शहर मैं लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है जिसे खुलवाने में पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ती है। लेकिन फिर भी कई जगह पुलिस को कांवड़ियों के आगे नासमस्तक होना पड़ रहा है आपको बता दे की रविवार की शाम के डी.जे. उसावां की तरफ से ओवर ब्रिज पर पहुंचा। इसकी रंग बिरंगी लाइटिंग के कारण राहगीरों का एक बड़ा काफिला भी इसके पीछे-पीछे वहां पहुंचा जिसके कारण उसावां रोड पर विभिन्न वाहनों एवं राहगीरों की लंबी लाइन लग गई जिससे कुछ समय के लिए ट्राफिक सिस्टम पंगु हो गया। लेकिन पुलिस की मुस्तैदी ने बिगड़ते हालात को बड़ी ही खूबसूरती से सम्भाल लिया। तब जाकर राहगीरों एवं वाहनों की लंबी-लंबी कतार के जाम से लोगों को निजात मिली।

## नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बदायूँ डा0 बृजेश कुमार सिंह के आदेशानुसार अपराध अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी बिनावर के कुशल नेतृत्व में रविवार को थाना बिनावर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपी करन पुत्र तिलकराम नि0 ग्राम बहरुआ थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत, रविन्द्र पुत्र कृष्णपाल कश्यप, सोनू पुत्र धर्मेन्द्र निवासी गण विजय नगला थाना बिनावर जनपद बदायूँ को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा है।

## स्काउट गाइड ने की कांवड़ियों की सेवा, चलाया स्वच्छता अभियान

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा कछला गंगा घाट पर कांवड़ यात्रा समाज सेवा शिविर का आयोजन किया गया। हिमांशु सक्सेना प्रादेशिक संगठन आयुक्त अलका मिश्रा सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रादेशिक संगठन आयुक्त ने बताया कि स्काउट गाइड द्वारा शिविर में नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया और सभी को जागरूक किया कि आस्था के साथ स्वच्छता भी जरूरी है। डीधओधसीध वैभव गौड़ के द्वारा टावर के माध्यम से यातायात व्यवस्था बनाने में सहायता की वोटिंग के माध्यम से खतरे के निशान से आगे न जाने के लिए श्रद्धालुओं को प्रेरित किया। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर ने कहा कि गंगा का जल अमृत है। जो अनवरत अविरल बहते हुए लोक कल्याण कर रही है। सदस्यों ने गंगा तट को प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त करने के लिए सबसे पहले पॉलीथिन का प्रयोग बंद करने की भी शपथ ली। इसके लिए गंगा तट के दुकानदारों से अपील की कि वह पॉलीथिन में प्रसाद न बेचे और गंगा में किसी को पॉलीथिन व कचरा गंगा में प्रवाहित न करने दें। स्काउट गाइड द्वारा गंगा घाट पर जलसेवा लगाकर फ्रूटी एवं जलपान वितरण किया गया।

## पुलिस लाइन में समीक्षा बैठक का आयोजन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी द्वारा पुलिस लाइन स्थित विवेकानन्द हॉल में आगामी समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2025 को सकुशल/शान्तिपूर्ण/नकलविहीन/निष्पक्ष संपन्न कराये जाने हेतु समस्त परीक्षा केन्द्रों पर उक्त परीक्षा डियूटी में लगे समस्त अधि0/कर्म0गण को परीक्षा शान्तिपूर्ण ढंग से कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ब्रीफ किया गया । ब्रीफिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री रजनीश कुमार उपाध्याय,क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार,क्षेत्राधिकारी दातागंज श्री के0 के0 तिवारी,क्षेत्रधिकारी सहसवान श्री कर्मवीर सिंह,जिला कमांडेंट होमगार्ड,प्रतिसार निरीक्षक श्री इन्द्रजीत सिंह,प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन्स/कोतवाली तथा अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहें।

## किसान बुरी हालत से गुजर रहा है : भाकियू

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के द्वारा विद्युत घर बिनावर पर अनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म 24 घंटे बिजली की आपूर्ति का आदेश अधीक्षण अभियंता ने विद्युत विभाग भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी को लिखित पत्र भेजा तथा क्षेत्र में बीते शाम से ही 24 घंटे सप्लाई शुरू कर दी गई भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर अजय पाल सिंह व सदर तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष सलारपुर पप्पू सैफी दर्जनों कार्यकर्ता धरनापर मौजूद रहे उन्होंनेकहा किसानों के संघर्ष की जीत हुई है वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ठाकुर अजय पाल सिंह ने कहा किसान अपनी मांग के लिए खुद संघर्ष करें इस जीत के लिए किसानों की तरक्की होगी क्षेत्र में विद्युत कटौती से किसान की फसल चौपट हो रही थी सदर तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा बरसा नहीं हो रही है।

## प्रसव के बाद प्रसूता की बिगड़ी हालत, मौत

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दहगवां सीएचसी पर एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया गया था। महिला ने शनिवार की सुबह एक बेटे को जन्म दिया। प्रसव के कुछ समय बाद अधिक रक्तस्राव होने लगा जहां चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया हायर सेंटर ले समय रास्ते में प्रसूता की मौत हो गई। उसके बाद परिजनों ने प्रसूता का शव सीएचसी पर रख दिया। परिजनों चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव सिरसा खुर्द निवासी आकाश पत्नी ललिता(22) को शुक्रवार की रात प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी पर भर्ती कराया जहां उसने एक बेटे को जन्म दिया है प्रसव के दौरान जच्चा- बच्चा की हालत ठीक थी। प्रसूता को अधिक रक्तस्राव होने की बजह से उसकी हालत बिगड़ने लगी उसके बाद चिकित्सकों ने प्रसूता को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिला महिला अस्पताल ले जाते समय प्रसूता ने रास्ते में दम तोड़ दिया। परिजन प्रसूता का शव सीएचसी पर रखकर हंगामा काटने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर पति ने पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर दी हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर पीयूष यादव ने बताया की एक महिला नवजात को जन्म देने के बाद उसे अधिक रक्तस्राव होने लगा जिसको हायर सेंटर कर दिया गया था। प्रसूता के परिजन किसी निजी अस्पताल पर ले गए जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव को सीएचसी पर लाकर रख दिया और हंगामा काटने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

## हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का करेंगे विरोध : कंछल

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को अन्यायपूर्ण बताया। कहा कि यदि किसी जिले में यह सीमा पार की गई, तो व्यापारी वर्ग आंदोलन करेगा। किसी भी कीमत पर यह टैक्स नहीं लागू होने दिया जाएगा। यह व्यापारियों के हित में नहीं है भामाशाह चौराहे के पास स्थित एक पैलेस में आयोजित बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश नगर निगमों और पालिकाओं में हाउस टैक्स में 500 से 2000 गुना तक की बढ़ोतरी की गई है। यह व्यापारियों के हितों पर आघात है। उन्होंने मांग की है कि बिजली की दरों में समीपवर्ती राज्यों की तुलना में वृद्धि न की जाए। इस संबंध में उन्होंने दो मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर सभी नगर निकायों को दिशा-निर्देश देने की अपील की है।

# रोटरी क्लब सम्भल मिड टाउन की महिलाओं ने धूमधाम से मनाया तीजोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सम्भल। रोटरी क्लब सम्भल मिडटाऊन के तत्वाधान में डायमंड बैंक्वेट हॉल में हरियाली तीज महोत्सव'''' सिंधारा '''' को क्लब की महिला सदस्यों ने लहंगा, साड़ी चूड़ियां और मेंहदी लगा कर,भव्य व पारंपरिक रूप से भारतीय संस्कृति, रीति रिवाजों के साथ हर्षोल्लास से मनाया

कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया सभी सदस्यों ने भगवान श्री गणेश जी और शिव-पार्वती जी की वंदना और आरती की। डॉ उर्वशी वार्ष्णेय ने बताया तीज का त्यौहार हमारे देश और सामाजिक एकता और अखंडता का प्रतीक है और एक दूसरे को प्रेम और स्नेह के बंधन में बांधते हैं।राधिका अग्रवाल ने बताया ये त्यौहार महिला सशक्तिकरण को बढाने में सहायक है कार्यक्रम की शुरुआत में पहले

पंक्चुअलिटी पुरस्कार रूपाली अग्रवाल को मिला। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों द्वारा विभिन्न सावन नृत्य ,मल्हार गीत,खेल प्रतियोगिता सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं ।क्लब के नए सदस्य मनीष अग्रवाल,प्रभात रस्तोगी,प्रियांशु वार्ष्णेय, सुमित वार्ष्णेय ,सचिन अग्रवाल मनोज वार्ष्णेय का स्वागत क्लब के सदस्यों द्वारा माला पहना कर किया गया गौरी और अनाया बिटिया ने शिव-पार्वती की धुन पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया।अमित, पारुल ,और मनोज निशा ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। रेणु वार्ष्णेय ने अपनी मधुर आवाज में मल्हार लोक गीत,सावन गीत गाया।समूह नृत्य में डॉ. उर्वशी वार्ष्णेय , राधिका अग्रवाल शैली भारद्वाज,शिल्पी वार्ष्णेय, सुरभि टंडन नीरू चाहल,रिया गुप्ता ने सुंदर नृत्य कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। खेल श्रेणी में अल्पना आर्य,गरिमा, द्वारा कपल गेम और लक्की गेम, हाऊजीजैसे विभिन्न खेल खेले गए, और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिता में गौरी ने पुरस्कार जीता।

# परीक्षार्थियों को व्यापारी सुरक्षा फोरम ने कराया चाय नाश्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सम्भल। रविवार को सम्भल में समीक्षा अधिकारी की परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें सम्भल जनपद में पंद्रह केंद्र बनाए गये थे जिसमें और सम्भल नगर में एमजीएम, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस इंटर कॉलेज को भी केंद्र बनाए गया था। परीक्षार्थियों को असुविधा न हो इसके जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पेंसिया ने जनसहयोग से परीक्षार्थियों के लिए चाय नाश्ते की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को बैठक कर दिए जिसपर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के चेयरमैन गौरीशंकर चौधरी को इओ नगर पालिका सम्भल डॉ मणि भूषण तिवारी ने परीक्षार्थियों के लिए संस्था की तरफ से चाय एवं नाश्ते की व्यवस्था करने की बात कही जिस पर गौरीशंकर चौधरी ने संगठन के सभी पदाधिकारियों के सहमति से उक्त केंद्रो पर परीक्षार्थीयों के लिए चाय नाश्ते की व्यवस्था की नगर पालिका इओ डॉ मणिभूषण तिवारी ने स्वयं उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया व्यापारियों के इस कार्य की सराहना की और कहा की व्यापारी सुरक्षा फोरम ऐसे जनहित के कार्यों में हमेशा तत्पर रहता है। इसमें व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिलाध्यक्ष मो कासिम चैयरमेन गौरीशंकर चौधरी जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, फहद कैसर, जसपाल सिंह, डॉ अज़ीज उल्ला खान, संगठन मंत्री नबील अहमद,युवा जिलाध्यक्ष हर्षित शर्मा,नगर अध्यक्ष शाकिर हुसैन, कोषाध्यक्ष रामकिशन ठकराल, मो अकील, मो कासिफ मिडिया प्रभारी फ़र्जन्द अली वारसी सिराज अहमद आदि का सहयोग रहा।

# अब्दुल कलाम लोगों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे : अरमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल। देश के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइलमैन के नाम से मशहूर एपीजे अब्दुल कलाम साहब की वरसी पर आज पूरा भारत देश उन्हें याद कर रहा है।पूर्व राष्ट्रपति परमाणु वैज्ञानिक मिसाइलमैन भारत रत्न से सम्मानित राष्ट्रपति मरहूम एपीजे अब्दुल कलाम आजाद साहब का 27 जुलाई 2015 को 83 साल की आयु में निधन हो गया था।उनकी दसवीं वरसी पर उत्तर प्रदेश जनपद संभल के नगर पंचायत नरौली में ज़िला अमन कमेटी मुरादाबाद के पूर्व सदस्य व शाही जामा मस्जिद नरौली के पूर्व सदर आली जनाब मरहूम इसरार उल हक़ उर्फ़ मुन्ने भाईजान की कोठी पर समाजसेवी अरमान उल हक़ उर्फ़ हक़ साहब व हक़ परिवार ने दुआ ए मगफिरत कर खिराजे अकीदत पेश की।समाजसेवी अरमान उल हक उर्फ़ हक़ साहब ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम परमाणु वैज्ञानिक मिसाइलमैन एपीजे अब्दुल कलाम साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया।मरहूम राष्ट्रपति का पूरा नाम अबुल पाकिर हुसैन जैनुल आब्दीन अब्दुल कलाम था।वो सच्चे देश प्रेमी थे।एपीजे अब्दुल कलाम साहब ने अपना पूरा जीवन अपने मुल्क भारत की तरक्की उन्नति खुशहाली के लिए समर्पित कर दिया था।

कलाम साहब जनता के राष्ट्रपति थे।बह एक ऐसे राष्ट्रपति थे। जिनमें देश के लोगों खासकर युवाओं से जुड़ने कि अद्भुत क्षमता थी।पूर्व राष्ट्रपति मरहूम अब्दुल कलाम साहब मिसाइलमैन के अलावा परमाणु वैज्ञानिक ,लेखक, कवि,महान शिक्षाविद भी थे।उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।भारत सरकार ने उन्नीस सौ सत्तांवें में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान (भारत रत्न) से भी सम्मानित किया था।भारत रत्न के अलावा सन1990 में(वीर सावरकर पुरुस्कार) हूवर,पदक,सन 1981में पदम भूषण (,पदम विभूषण) अवार्ड, 2014 में डॉक्टर्स ऑफ साइंस एडिन्वर्ग विश्विद्यालय ब्रिटेन में भी सम्मानित किया गया था।

# ऊर्जा मंत्री के विवादित बयान पर वैश्य समाज में उबाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा द्वारा वैश्य समाज के लिए अपमानजनक टिप्पणी से क्षुब्ध वैश्य संगठनों ने प्रमुख रूप से अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद, भारतीय वैश्य महासभा, वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति, माहौर वैश्य सभा, कुमारतनय वैश्य सभा, वार्ष्णेय कल्याण समिति, अग्रवाल वैश्य सभा, रस्तोगी वैश्य सभा, माहेश्वरी वैश्य सभा एवं व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर आवश्यक बैठक स्थानीय वैभव लॉन पर आयोजित की गई जिसमें विरोध की रणनीति बनाई गई आगामी आज संयुक्त वैश्य समाज के नेतृत्व में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम संबोधित जिलाधिकारी को दिया जाएगा वैश्य प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश गुप्ता ने बताया ऊर्जा मंत्री के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि वैश्य समाज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है वैश्य प्रतिनिधि के बी गुप्ता ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने वैश्य समाज के खिलाफ घृणित टिप्पणी सोची समझी राजनीति के तहत की है अन्यथा वो माफी मांगकर और खेद जताकर उक्त विषय को खत्म कर सकते थे वैश्य प्रतिनिधि नवनीत गुप्ता शोंटू ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा का वैश्य समाज के लिए दिया गया बयान बेहद आपत्तिजनक है वैश्य समाज इसकी घोर निंदा करता हैं उनके इस अमर्यादित बयान से उनकी इस वृहद समाज के प्रति मानसिकता और सोच का पता चलता है उनके बयान ने देश को समृद्धिशाली बनाने वाले व्यापारी व वैश्य समाज के देश के प्रति समर्पण की खिल्ली उड़ाने की कोशिश की गयी है साथ ही सरकार पर उनके भरोसे को तोड़ने का काम किया है ऐसे बयान उसमें पलिता लगाने का काम करते हैं वैश्य प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता ने विरोध जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने उक्त प्रकरण को संज्ञान में नहीं लिया और न्यायोचित कारवाही नहीं की तो वैश्य समाज सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगा वैश्य प्रतिनिधि विनोद गुप्ता ने बताया कि ऐसे मंत्री को अपनी मानसिकता बदलनी होगी अन्यथा की स्थिति में आगामी चुनावों में इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा वैश्य प्रतिनिधि शिवस्वरूप गुप्ता ने बताया कि वैश्य बीजेपी का कोर वोटर है तो इसका मतलब यह नहीं कोई भी अभद्र टिप्पणी कर देगा वैश्य समाज को अपना सम्मान लेना आता है वैश्य प्रतिनिधि क्षितिज वैश्य ने कहा ने अपील करते हुए कहा कि कल 11 बजे अधिक से अधिक संख्या में वैश्य समाज संगठित होकर अपने सम्मान के लिए स्थानीय भामाशाह चौक पर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के लिए एकत्रित हो इस अवसर राजेश गुप्ता, अमित वैश्य, अवधेश लड्डा माहेश्वरी,अमित बंसल, दिनेश कुमार थापा, सुनील गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# दरगाह अंजुमने वारसिया सैफ खां में मनाया गया वारिस पाक का उर्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सम्भल। सरकार आलम पनाह वारिस पाक रहमतुल्लाह अलेह का सालाना उर्स मुबारक(29 वीं शरीफ) मनाई गई।

दरगाह अंजुमने वारसिया सैफ खां सराय तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सरकार आलम पनाह वारिस ए पाक उर्स मनाया गया। जिसमें जिक्र परवरदिगार, मुकद्दस किताब की तिलावत, नात, मनकबत, महफिल मिलाद पाक व जिक्र ए शोहदा ए कर्बला और लंगर का एहतिमाम किया गया।

दोपहर में पूर्व शहर इमाम मौलाना खुर्शीद हुसैन वारसी, रात्रि में क़िब्ला मुफ्ती अबूजर साहब वारसी, जबकि सहर 4 बजकर 13 मिनट पर सरकार वारिस पाक आलम पनाह का कुल शरीफ हुआ। जिसमें शहर इमाम संभल हज़रत मौलाना आफताब हुसैन वारसी ने मुल्क व शहर में अमन शांति एवं भाईचारे को दुआ कराई। अंत में मेहमानों व अकीदतमन्दों में तबर्रुक बांटा गया।

दरगाह अंजुमने वारसिया सैफ खां सराय के प्रबंधक मेहताब हुसैन वारसी ने सभी का शुक्रिया अदा किया। पुर सुकून माहौल ओर शांति पूर्ण तरीके से परंपरागत उर्स का समापन हो गया। उर्स के मौके पर दरगाह को जगमगाती लाइटों से सजाया गया। बड़ी संख्या में सम्भल व आसपास के क्षेत्रों से मेहमान व अकीदतमंद उर्स में शिरकत करने पहुंचे।

## पति-पत्नी को कमरे में बंद करके चोर ले गए लाखों का माल

सम्भल। चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर उत्पात मचाया। दंपती को अलग-अलग कमरों में बंद कर दिया और घर से सोने-चांदी के जेवरात नकदी और मोबाइल चुरा लिए।घटना शनिवार रात करीब तीन बजे संभल की सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ठेर स्थित जैन मंदिर के पास अनिल गोयल के घर में हुई। चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और चार कमरों को खंगाल डाला। उन्होंने अनिल गोयल और उनकी पत्नी रीना गोयल को अलग-अलग कमरों में बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया।अनिल गोयल सुबह चार बजे उठे तो देखा कि दरवाजा बाहर से बंद था। उन्होंने पर्दा टांगने के स्टील के पाइप से दरवाजे को खोलने का प्रयास किया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद वे बाहर निकल पाए। चोर अपने साथ नल के दो हत्थे लाए थे। इनसे उन्होंने लोहे की अलमारी के लॉकर को तोड़ा। चोर सोने की चार अंगूठी, एक डायमंड, एक पेंडिल, एक चैन, हाथ का चांदी का ब्रेसलेट, 18,000 रुपये की नकदी और दंपती के दोनों मोबाइल चुरा ले गए।

# जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने कांवड़ियों की सेवा हेतु लगाया गया शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल रजि0 (जाप) द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए दिल्ली रोड राही होटल के निकट नमः शिवाय मंत्रोच्चार एवं पूजा अर्चना के बीच भोले बाबा के भक्तों के लिये कॉवर शिविर का शुभारम्भ फीता काट कर जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल के प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज व भाजपा के महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडुला व बाल कल्याण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा विशेष गुप्ता तथा आचार्य धीरशान्त दास,एमलसी गोपाल अंजान ने सँयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारों ने ''जाप'' के माध्यम से फल एवं जल वितरण शिविर का आयोजन करके एक बहुत ही सार्थक प्रयास किया है उन्होंने आशा जताई कि जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल इस तरह के आयोजन करती रहेगी। जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल द्वारा रविवार को प्रातः धार्मिक अनुष्ठान के साथ कॉवड़ शिविर का आयोजन किया गया। पूरा पंडाल बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा और पूरे पंडाल में शिव भक्ति की बयार बहने लगी। इस अवसर पर महानगर के सामाजिक एवं राजनैतिक तथा पत्रकारों ने एक साथ मिलकर कॉवड़ियों को फल एवं जल का वितरण किया। इस अवसर पर ''जाप'' के प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने कहा कि जाप द्वारा यह पहला प्रयास था भविष्य में इसे और भव्य बनाया जायेगा। भोले के सेवा करने वालों मे प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गोयल प्रान्तीय कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सतीश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सचिन गौड़ महासचिव दीपक कपूर उपाध्यक्ष भावेश शर्मा सचिव वीरभान सिंह, सुनील शर्मा, मिडिया सचिव मोहित शर्मा, सुनीता शर्मा, अनुज बिश्नोई आकाश विश्नोई, विवेक निर्मल, मनोज शर्मा, संजू गौतम, शामिल रहे।

# छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पाण्डेय ने खून से लिखा सीएम योगी को पत्र...

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने अपने खून से सीएम योगी आदि त्यनाथ को फीस रेगुलेशन बिल को लेकर पत्र लिखा है।उन्होंने सीएम से छात्र कांवड़ यात्रियों से मुलाकात करने की भी मांग की है।शिवम पांडे की मुख्य मांग है कि उत्तर प्रदेश सरकार मानसून सत्र में फीस रेगुलेशन बिल लाए।उन का कहना है कि इससे निजी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक लगेगी।वर्तमान में निजी स्कू ल बिना किसी नियम के अभिभावकों से फीस, कॉपी और किताब और ड्रेस के नाम पर शोषण कर रहे हैं।

**सीएम आवास पर पुलिस ने लिया हिरासत में**

राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ता जब गोण्डा से 125 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करके सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ छात्र कांवड़ यात्रा लेकर सीएम आवास पांच कालिदास मार्ग पहु चे तो वहां वे सीएम योगी को जलाभिषेक कर ना चाहते थे।लेकिन पुलिस ने राष्ट्रीय छात्र पंचा यत के कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस ने बदसलूकी की पुलिस ने उन्हें आवास के बाहर ही रोक लिया और उन्हें टांग-टांगकर बस में ठूंस दिया। आरोप है कि पुलिस ने उनकी उंगली तोड़ दी और गर्दन दबाने की कोशिश की।वही छात्रों का कहना है कि वो 125 किमी चलकर आए है।उनके पैरों तले छाले पड़ गए है। वो सीएम योगी से मिलना चाहते है,लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा।उनका आरोप है कि जब वो सीएम आवास के पास पहुंचे तो सभी छात्रों को उठा लिया और उन्हें अपनी गाड़ी में भरकर इको गार्डन पहुंचा दिया।छात्रों का आरोप है कि पुलिस वालों ने उन्हें गाड़ी में मारा पीटा सीएम योगी से मिलने नहीं दिया गया।

**शिक्षा के मुद्दे पर सीधी मांग- रेगुलेशन बिल लाओ**

छात्रों ने निजी स्कूलों की मनमानी फीस के खि लाफ आवाज उठाई है।उन्होंने कहा कि सरका र को मानसून सत्र में फीस रेगुलेशन बिल लाना चाहिए, ताकि शिक्षा व्यापार न बने।यात्रा संयो जक सतीश मिश्रा ने बताया कि ''हमने प्रदेश के 75 जिलों का दौरा किया है, हर जगह एक ही बात कही - शिक्षा को धंधा बनने नहीं देंगे।सर कार के अधिकारी कुंभकर्णी के नींद में सोए हुए हैं।यही नहीं हमारे ज्ञापन को समोसे के नीचे दबा दिए जाते हैं।''छात्र शिवम ने कहा - ''मेरी आखिरी इच्छा है कि एक बार योगी जी से मिलूं, उनके चरण छूं और अपनी बात रखूं। मुख्यमंत्री जी, अगर आप मेरी बात सुन रहे हैं तो मैं हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूं - एक बार, सिर्फ एक बार, मिलने का मौका दीजिए।अगर सीएम योगी उनसे मुलाकात नहीं करते और उनकी मांगें नहीं मानते,तो वे लखनऊ के इको गार्डन में अनिश्चितकालीन धरना देंगे।उन्होंने कहा कि इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी लखनऊ प्रशासन व उत्तर प्रदेश सरकार की होगी।

# आयुक्त ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले में रविवार को सम्पन्न हुई समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारं भिक परीक्षा-2025 के दौरान मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।परीक्षा के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्ष में जाकर नकल विहीन परीक्षा कराये जाने को लेकर की गई व्यवस्था को देखा।उन्होंने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर जाकर वहां की गई सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।परीक्षा के दौरान उन्होंने शहीदे ए आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज,लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया जहां उन्हों ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।आयुक्त ने परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा की गई सभी तैयारियों की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि परीक्षा को सकु शल संपन्न हुई है।सरकार द्वारा दिए गए सभी दिशा निर्देशों का जिला प्रशासन द्वारा निर्वहन किया गया है।परीक्षा संपन्न होने के बाद उन्होंने परीक्षा देकर बाहर निकल रहे कई अभ्यर्थियों से वार्ता कर परीक्षा केदो पर प्रदान की गई सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# भांग दुकानों में बिक रहा था गांजा ताबड़ तोड़ छापेमारी कर 11 को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । सूत्रों के मुताबिक आबकारी विभाग की मिलीभगत से भांग के ठेकों पर अवैध तरीके से बेचा जा रहा गांजा पुलिस ने छापेमारी कर बरामद किया है।आबकारी विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई न किए जाने पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों मे भांग की दुकान पर अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की।लाखों कीमत का गांजा बरामद करने के साथ 11 लोगों को भांग की दुकान से अवैध गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया।पुलिस ने भांग ठेकों के मालिकों को भी मुकदमों में नामजद किया है,जिनके कब्जे से कुल 6 किलो 563 ग्राम अवैध गांजा व पांच हजार रुपए बरा मद किया गया है।आबकारी विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष भांग के ठेके उठाए जाते हैं जिससे सरकार को राजस्व मिल सके।सूत्र बता रहे है कि इन भांग की दुकानों पर अवैध तरीके से आबकारी विभाग की मिली भगत से गांजा बेचा जा रहा था।आबकारी विभाग द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी, लगातार कई समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हो रही थी और इसकी शिकायत लगातार पुलिस अधी क्षक विनीत जायसवाल को मिल रही थी।जिसके बाद उन्होंने ठोस कदम उठाते हुए जिले के सभी थानों के साथ कोतवाली पुलिस को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर भांग के ठे के हैं वहां पर विशेष अभियान चलाकर जांच की जाए,जिसके बाद रविवार को पुलिस ने भांग की दुकानों पर छापेमारी की।यहां भारी मात्रा में गांजे की पुड़िया बरामद हुई, जिसको भांग के सरकारी ठेके पर युवाओं को बेचा जा रहा था।पुलिस टीम ने इस दौरान 11 लोगों गिरफ्तार क़र उनके विरुद्ध संबंधित थानों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा बड़गांव,महाराजगंज व चुंगी नाका क्षेत्रों में दबिश देकर संदीप कुमार शर्मा,सत्य नारायण,गिरीश शुक्ला,थाना धानेपुर पुलिस द्वारा बग्गी रोड बाजार में दबिश देकर शुभम सिंह,मनकापुर व दतौली से इन्दर चौहान,अजय कुमार शुक्ला,रवीन्द्र कुमार वर्मा,छपिया व मस कनवा कस्बे से भागीरथी,खोड़ारे से गौतम नरे श,तरबगंज से अशोक कुमार र्मा,परसपुर से दिनेश तिवारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जनपदवासियों से अपील की गई है कि यदि किसी को कहीं भी नशे से जुड़ी अवैध गतिविधि अथवा मादक पदार्थों की बिक्री की जानकारी प्राप्त होती है, तो उसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस अथ वा कंट्रोल रूम पर दें।अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी और सूचना देने वालों की पहचान पूर्णतःगोपनीय रखी जाएगी।

# वजीरगंज मनरेगा में फर्जी मस्टररोल का खेल जारी,नयपुर व खानपुर में फर्जी वाड़ा जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मनरेगा में फर्जी मस्टररोल और फर्जी भुगतान के मामले में वजीरगंज ब्लॉक का नाम सबसे पहले सामने आता था।लेकिन एक कहा वत गांव में कही जाती है कि तरबूज को देख कर खरबूज भी रंग बदलता है।ठीक उसी तरह जिम्मेदार अधिकारी भी उसी तरह मनरेगा का र्यों में फर्जी मस्टर रोल और उनके भुगतान में सभी ब्लाकों को पीछे छोड़ अव्वल नंबर पर अपनी जड़े जमाने में वजीरगंज ब्लॉक जूटा हुआ है।

**यह है पूरा मामला**

हम बात कर रहे हैं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की।जिसके तहत केंद्र सरकार तमाम निचले स्तर के गरीबों और असहाय मजदूरों को वर्ष में मनरेगा योजना के तहत सौ दिन का रोजगार देने के लिए कटिबद्ध है।परंतु देखा जा रहा है कि ईमानदार विधायक के विधानसभा क्षेत्र में डीसी मनरेगा,एपीओ और सचिवों के भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है।केंद्र सरकार की अति महत्वकांक्षी योज ना मनरेगा के नियमों को ताक पर रख कर खुद की खाऊ कमाऊ नीति से उसकी गाइड लाइन के विपरीत फर्जी मस्टरोल जारी क़र भुगतान कराने में लगे हैं।जान कारों की माने तो कड़ाके की धूप उमस भरी गर्मी में तापमान तकरीबन तीस डिग्री सेल्सियस जो सुबह से ही पसीने से सराबोर कर देने वाली रही और सभी लोग अप ने अपने घरों में या पेड़ की छांव में बैठे रहने को मजबूर थे।आखिर वजीरगंज ब्लॉक में कब तक ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजना में भ्रष्टा चार होता रहेगा यह तो एक सोचनीय विषय है।

वजीर गंज ब्लॉक से लेकर ग्राम पंचायतो में जिस तरीके से प्रधान व रोजगार सेवक को संरक्षण प्राप्त हो रहा है उसी का यह नतीजा है आखिर प्रधान व रोजगार सेवक क्या ब्लॉक के कर्मचारियों को मोटा कमीशन देते हैं...? यह तो अपने आप में सवाल है वही चर्चाएं जिले में काफी तेज हो गई है कि वजीरगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत नयपुर, रायपुर, उदय पुरग्रंट,सोहना खानपुर, कादीपुर, बिरमतपुर,खीरीडीह में जिस तरीके से मनरेगा योजना के मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी में खेल खेला जा रहा है उसमें क्या ब्लॉ क के जिम्मेदार भी शामिल है यदि ऐसा नहीं है तो आखिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही..? वही इस भीषण गर्मी में भी डीसी मनरेगा और एपी ओ की मिली भगत से ग्राम प्रधान और सचिव ने गांवों में मनरेगा के मस्टरोल से खेल करने में जुटे थे।ब्लॉक कर्मचारियों के साथ मि ली भगत कर लाखों का वायरा न्यारा कर रहे थे और जिम्मेदार अपनी जेब भर रहे हैं।

**क्या कहती हैं सीडीओ**

इस बारे में मौखिक रूप से बात करने पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि मामला संज्ञान में है।जांच करवा क़र कार्र वाई की जाएगी।

**ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार**

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो केंद्र सरकार के लाखो रुपए गबन होने से बच जाएंगे और शायद ही पड़री कृपाल ब्लॉक भी सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा।ईमानदारी पूर्वक से अगर मनरेगा में हुए कार्यों की जांच हुई तो एपीओ से लेकर तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सकती हैं।



## आरओ/एआरओ परीक्षा केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

**9216 के सापेक्ष उपस्थित रहे 4375 परीक्षार्थी**

बहराइच । जनपद के 22 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 23 परीक्षा केन्द्रों पर उ.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों पर भती हेतु 27 जुलाई 2025 को एक पाली में पूर्वान्ह 09:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी सहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी भ्रमणशील रहे। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने परीक्षा केंद्र चौधरी सियाराम इंटर कालेज फखरपुर, स्व. ठाकुर हुकुम सिंह इंटर कालेज कैंसरगंज तथा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने प्रातःकाल में कोषागार पहुंच कर प्रश्नपत्रों को परीक्षा केन्द्र भेजने की प्रक्रिया का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि 22 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 23 परीक्षा केन्द्रों पर 9216 परीक्षार्थियों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा में 4375 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जो कि कुल अभ्यर्थियों की संख्या का 47.47 प्रतिशत है। इस प्रकार परीक्षा से अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों की संख्या 4841 है।

# कारगिल विजय दिवस पर 59वी वाहिनी ने निकाला साइकिल यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनी नानपारा द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में 'खेलो इंडिया' एवं 'फिट इंडिया मूवमेंट' के अंतर्गत एक साइकिल रैली का भव्य आयोजन किया गया।

इस प्रेरणादायक रैली पर वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में ए लिंगय्या द्वितीय कमान अधिकारी(चिकित्सा), उप कमांडेंट अभिनव कश्यप, अमित कुमार, हिमांशु दुबे सहित सभी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं सभी कार्मिकों ने पूरे उत्साह और राष्ट्रभक्ति के भाव से भाग लिया। साइकिल रैली के दौरान जवानों ने हाथों में तिरंगा लेकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा 'जय हिंद', 'भारत माता की जय' जैसे नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इस रैली का उद्देश्य कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन करना तथा 'फिट इंडिया' अभियान के तहत फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरूक करना था। कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने इस अवसर पर जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि ''कारगिल युद्ध हमारे सैनिकों के अद्वितीय साहस, पराक्रम और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों को अपनाते हुए राष्ट्रसेवा के पथ पर सदैव अग्रसर रहना चाहिए।''साइकिल रैली ने क्षेत्र में जोश, ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति का संदेश प्रसारित किया और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी दी गयी।

## चोरी का खुलासा न होने से सराफा कारोबारी खफा

गोण्डा । करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में महेश ज्वै लर्स यहां पिछले दिनों नौ लाख रुपये के गहने व नकदी चोरी का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है।सीसीटीवी कैमरे में तस्वीरें कैद होने के बाद भी चोरों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी न होने से सर्राफा कारोबारी खफा है।बीते 22 जुलाई को बालकराम पुरवा में ज्वैलर्स के यहां चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।शुक्रवार को सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष महेश कुमार उर्फ पिंटू मिश्र की अगुवाई में गाड़ी बाजार स्थित प्रतिष्ठा न में बैठक हुई।इसमें खुलासा न होने पर नारा जगी जताई।एसपी विनीत जायसवाल से खुद जांच अपने हाथों में लेने की अपील की।कहा कि खुलासा न होने से व्यापारी असुरक्षित मह सूस कर रहे हैं।व्यापारियों ने कहा कि एसपी पर उन्हें भरोसा है।इससे पहले दो करोड़ के सोना लूटकांड में खुलासे के लिए एसपी की सराहना की।इस दौरान सलीम सिद्दीकी, रितेश सोनी, बबलू सोनी, चांद वारसी, महेश सोनी, अरुण बाथम,विजय साहू, मुन्ना, मोहित, चंदन, शिवकुमार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# राजस्व संग्रह अमीन संघ बहराइच में नई टीम का गठन, विजय शंकर बने अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। तहसील सदर में शनिवार को राजस्व संग्रह अमीन संघ की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के बीच निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इस नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में विजय शंकर वर्मा को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं उपाध्यक्ष पद पर कन्हैया लाल श्रीवास्तव का चयन किया गया। मंत्री के रूप में आदित्य प्रताप सिंह और कोषाध्यक्ष पद पर केशव राम को जिम्मेदारी मिली है। उप मंत्री का दायित्व रघुवंश प्रताप सिंह को सौंपा गया, जबकि ओमप्रकाश मिश्रा को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया।

इसके अलावा, संघ की लेखा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए तारकेश्वर नाथ शुक्ला को मुख्य ऑडिटर और वर्तिका श्रीवास्तव कोऑडिटर सेकंड नामित किया गया। बैठक के दौरान यह भी तय हुआ कि तीन अन्य पदों पर नियुक्ति जिला अध्यक्ष एवं मंत्री के माध्यम से नामांकन द्वारा की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होते ही उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी और संगठन की मजबूती हेतु सामूहिक सहयोग और समर्पण का संकल्प लिया।

# ऊर्ज़ा मंत्री के वक्तव्य से नाराज वैश्य समाज, आज सौंपेगे डीएम को ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा बहराइच की बैठक आई.वी.एफ. युवा के प्रदेश महामंत्री अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में घसियारीपुरा स्थिति कार्यालय पर आयोजित हुई। इस बैठक मे ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा के वक्तव्य पर अपना रोष प्रकट करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री और देवीपाटन मण्डल प्रभारी महेश अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा प्रदेश की ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने बिजली विभाग की बैठक मे देश के वैश्य समाज के बारे मे जो टिप्पणी की उससे पूरा वैश्य समाज आहत है, लगता है मंत्री ज़ी को ये नहीं मालूम की बनिया की उधारी खा कर भी लोग उसे पैसा नहीं देता, फिर उन्होंने कैसे कह दिया की बनिया पैसे लेकर सामान नहीं देता । वैश्य समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है, इस समाज ने हमेशा ही देश और समाज के हित के लिए सबसे आगे रहकर काम किया है, लगता है मंत्री ज़ी वैश्य समाज के इतिहास से अनभिज्ञ है और मंत्री ज़ी का वक्तव्य वैश्य समाज को अपमानित करने का प्रयास है, वैश्य समाज इसको कतई बर्दाश्त नहीं करेगा । उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मंत्री एके शर्मा को तत्काल अपने मंत्री मण्डल से बर्खास्त करने की मांग की। युवा अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अभिषेक गुप्ता ने कहा की वैश्य समाज का अपमान स्वीकार नहीं है, और इसके लिए वैश्य समाज कोई भी लड़ाई लड़ने को तैयार है और प्रथम चरण मे ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा की बर्खास्तगी के लिए कल सोमवार 28 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन बहराइच वैश्य समाज के द्वारा जिलाधिकारी बहराइच के माध्यम से दिया जायेगा और उनसे मांग की जाएगी कि शीघ्र अति शीघ्र मंत्री जी को पूर्व मंत्री बनाया जाए अन्यथा वैश्य समाज इसका जवाब 2027 के विधानसभा चुनाव मे देगा। अभिषेक गुप्ता ने ये भी कहा की 2024 श्रावस्ती लोकसभा चुनाव मे वैश्य समाज का सिर्फ उपवर्ग वोटिंग से उदासीन रहा और नतीजे मे भाजपा लोकसभा श्रावस्ती बड़े अंतर से हार गयी, इस बार तो 300 उपवर्ग से अधिक का पूरा वैश्य समाज आहत है। इसलिए वैश्य समाज के सम्मान के लिए ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा को तत्काल बर्खास्त किया जाए । प्रदेश मंत्री संजय अग्रहरी ने कहा की ये आंदोलन तब तक चलता रहेगा जब तक ऊर्ज़ा मंत्री पर ठोस कार्यवाही नहीं होती। बैठक मे प्रदेश मंत्री और देवीपाटन मण्डल प्रभारी महेश अग्रवाल, युवा के प्रदेश महामंत्री अभिषेक गुप्ता, आई.वी.एफ. युवा के प्रदेश महामंत्री अभिषेक गुप्ता के प्रदेश मंत्री संजय अग्रहरि, जिला अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, जिला प्रभारी अमन अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप ड्रोलिया, जिला महामंत्री विकास गुप्ता, सत्य प्रकाश जायसवाल, ओमकार गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यक्रम में पहुंचे डीएम एवं मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष अफरोज जिलानी के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान नवनिर्वाचित हुए प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू व सपना यादव का सभी व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया स्वागत समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रूप में पहुंचे गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार एवं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने व्यापार हित के लिए सदैव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है।राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में प्रतिनिधि मंडल से जुड़े सभी व्यापारियों को उनके व्यापार में आने वाली समस्याओं एवं अफसर की कार्यप्रणाली से आहत होने वाले व्यापारियों को सदैव उनका साथ देकर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने का वादा किया।वहीं डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने अपने संबोधन के दौरान सभी व्यापारियों से आधुनिक युग में युवाओं और छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यापार में अग्रसर होकर पूंजीपति और समृद्ध बनाए जाने की बात कहते हुए जागरूकता के लिए प्रेरित किया। कहा सभी व्यापारियों को एक अभियान के तहत उत्पादन के क्षेत्र में एक लक्ष्य की तरह इससे जोड़ना चहिए।और अन्त में ज़िला अध्यक्ष अफरोज जिलानी ने सभी आगंतुकों का स्वागत एवम् आभार प्रकट किया और भरोसा दिलाया कि संगठन व्यापारियों के दुख दर्द में हमेशा उनके साथ रहा है और भविष्य में भी रहेगा आज संगठन जनपद की हर तहसील हर कस्बे हर बाज़ार में मौजूद है जनाह व्यापारियों की समयाओं में उनके साथ खड़ा रहता है।इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अफरोज जिलानी, महामंत्री पंकज अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष परवेज खान, राजेश अग्रवाल,शैली शर्मा,बिंदु शर्मा ,नीनू सक्सेना,प्रीति कंचन,राजेंद्र कौर ,मनदीप कौर,ममता छाबड़ा ,गौतम गुहा,ममनून, मझोला से अजय गोयल,सलीम इदरीसी, नगर अध्यक्ष पूरनपुर प्रदीप शुक्ला,मंत्री रवि जायसवाल, सलमान खान, अमित मिश्रा , वीरेंद्र भारती,न्यूरिया से रियाजुद्दीन राजू ,अंसार अहमद सहित जनपद की सभी तहसीलों के पदाधिकारियों व हज़ारो व्यापारियों ने हिस्सा लिया है।

# बसपा जिला अध्यक्ष ने बूथ कमेटी को लेकर की समीक्षा बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विधानसभा के ट्रांस शारदा क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्य ने पूरनपुर विधानसभा के अध्यक्ष राजेंद्र पाल एवं विधानसभा प्रभारी गणेश गौतम के साथ बूथ कमेटियों के गठन की समीक्षा की एवं सिद्धनगर सेक्टर के बूथ संख्या 132 अशोकनगर की बूथ कमेटी का गठन किया जिसमें बूथ अध्यक्ष रोहित कुमार को बनाया गया इस मौके पर सेक्टर अध्यक्ष अपोलो, मोहनलाल, परविंदर सिंह, प्रिंस बौद्ध, श्री अर्जुन लाल भारती,गौरव भारती ,मुरली राजभर, नीरज कुमार, सुशीला चाची, सुनील कुमार आदि साथी उपस्थित रहे।जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्य ने ग्राम श्रीनगर में अपने साथियों के साथ शारदा नदी के कटान को भी देखा और मौके पर ही बाढ़ खंड के एक्स ई एन को फोन कर पीड़ितों को मदद के लिए भी कहा इसके अतिरिक्त ग्राम राणा प्रताप नगर, कबीरगंज, गौतम नगर,,श्रीनगर, शांति नगर,,जनता फॉर्म, सिद्ध नगर आदि ग्रामों का भ्रमण कर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिले तथा सभी से पार्टी में सहयोग कर पार्टी को मजबूत करने की अपील की है।

## 20 तोले सोने की चोरी का मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर में शुक्रवार की रात एक बड़ी चोरी की घटना को चोरो ने अंजाम दिया चोरों ने दीवार फांदकर घर मे प्रवेश किया चोरों ने कमरे मे रखी अलमारी की कुंडियां तोड़कर अलमारी से करीब 20 लाख रुपए कीमत के सोने के गहने चुरा लिये जब परिवार के लोग नीचे आए। तो नीचे कमरों का सामान बिखरा हुआ मिला रनजीत ने बताया कि 23 अप्रैल को घर मे काम करने वाले नौकर राजू, जसपाल घर मे पहले भी चोरी कर चुके है पकड़े जाने पर समान वापस कर मामला रफा दफा हो गया था तीन दिन से राजू घर के इर्द गिर्द चक्कर काट रहा था मुझे शक है इसी ने चोरी की होगी रनजीत सिंह का फार्म गांव से पहले ही है अलमारी का ताला तोड़कर 7 सोने की अंगूठी,5 चैन,8 कंगन, 1 कड़ा सहित 20 तोला सोना चोरी कर लिया। कुछ नगदी भी निकाल ली। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जॉच पड़ताल की दीवार फांदने के दौरान कुछ जेवर खेत से बरामद हुआा है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है चोरी की सूचना मिलने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है टीन शेड में सो रहे रनजीत सिंह के बूढ़े पिता गुरमुख सिंह को घटना की जानकारी नहीं लग सकी चोरो के भागने के पगचिन्न भी मिले हैं। खोजबीन के दौरान पुलिस को मौके से दो सोने की चैन भी मिली है। हालांकि इससे पहले गांव वालो ने इस जगह खोजबीन भी की लेकिन कुछ नही मिला जब पुलिस ने छानबीन की तो 2 चैन बरामद की बताया जा रहा है बिजली कट चोरों के लिए वरदान साबित हुई जिससे घटना को आसानी से अंजाम दिया

## मोहल्ला कायस्थान में किराए को लेकर विवाद, दंपति पर धारदार हथियार से किया हमला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहल्ला कायस्थान के रहने वाले अजय पुत्र श्रीकृष्ण ने बताया कि उसने गौरव के घर में 1500 रुपए महीने पर किराए पर कमरा लिया है और तीन सौ रुपए बिजली का बिल देते हैं। टोटल एक माह के 1800 रुपए देता है। कमरा लेने से पहले ही तीन हजार रुपए एडवांस जमा किया था। आरोप है कि अभी रहते हुए एक माह पूरा नहीं हुआ और 16 अगस्त को एक माह होगा जबकि तीन हजार रुपए भी जमा हैं। उसके बाद भी मकान मालिक गौरव और रुपए की मांग कर रहा है। दंपति ने रुपए देने से इनकार कर दिया इस बात से नाराज होकर मकान मालिक ने रविवार सुबह लगभग आठ बजे अजय और उसकी पत्नी पुष्पा देवी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल दंपति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और मामले में पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है।

## अवैध रूप से चल रहे विद्यालयों के खिलाफ खंड शिक्षा अधिकारी ने जारी किए नोटिस मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड क्षेत्र में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को खंड शिक्षा अधिकारी ने जारी किए नोटिस साथ ही उन्होंने कहा कि बिना मान्यता का कोई भी स्कूल संचालित पाया जाता है। तो ऐसे स्कूल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।अगर पूरनपुर विकासखंड क्षेत्र में कोई भी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित होता पाया जाता है।तो उस विद्यालय के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य पर एक लाख रूपये का जुर्माना लगाया जायेगा यदि विद्यालय का संचालन फिर भी बन्द नहीं होता तो दस हजार रूपये प्रति दिन के हिसाब से वसूला जायेगा।जिसके तहत एक दर्जन से अधिक विद्यालयो के खिलाफ खंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी किए हैं।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज अचानक चोरी की घटनाओं मे हुआ इजाफा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ले के घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी की घटना सामने आई है अजय गुप्ता मोहल्ला गणेशगंज ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र मे बताया कि घर के बाहर बह बाइक खड़ी कर घर के अन्दर चला गया उसने 4:30 बजे घर के बाहर आकर देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी मामला 19 जुलाई को दिन के करीब 1 बजे उसने अपनी बाइक स्प्लेंडर प्रो यूपी 26 से 6448 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था। दोपहर मे करीबन 4:30 देखा तो बाइक किसी ने चोरी कर ली थी। आसपास और मोहल्ले में जाकर पता तलाश के बाद भी नहीं मिली तो मामले की शिकायत थाने में दर्ज करायी गई शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 303(2)-बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## इंस्टाग्राम पर भगवान राम पर की अभद्र टिप्पणी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय बजरंग दल द्वारा आने वाली 4 अगस्त को चतुर्थ बाइक कांवड़ यात्रा का सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा था तभी संजय मिश्रा की इंस्टाग्राम द्वद पर कुछ उपद्रवी तत्वों ने भगवान श्री राम को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी सोशल मीडिया पर भगवान राम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में रविवार शाम को कार्यकर्ता ने शिकायती पत्र दिया है। जानकारी के अनुसार, इंस्टाग्राम पर एक व्यक्ति ने प्रभु श्रीराम को लेकर अपमान जनक पोस्ट डालकर गलत शब्दों का इस्तेमाल किया था। हिंदू संगठनों ने पोस्ट देखा तो वह विरोध पर उतर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर ही पुलिस से पोस्ट डालने वाले युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## जगदीशपुर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जगदीशपुर पुलिस ने मारपीट की घटना में वांछित दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मारपीट की घटना में प्रयुक्त एक अदद चाकू व एक अदद बांस का डंडा बरामद कर दोनों युवकों को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मारपीट की घटना में वांछित सुफियान पुत्र रईस अहमद व अकसीर पुत्र मकसूद अहमद निवासीगण ग्राम पूरे शादिक खां मजरे देवकली थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा की गई पूंछतांछ में सुफियान ने बताया कि शनिवार को मैंने अल्फाक को चाकू से व मेरे साथी अकसीर ने डण्डे से मारा था व अल्फाक को मरा हुआ समझकर हम लोग वहां से भाग गये थे। थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस द्वारा पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर मारपीट की घटना में प्रयुक्त चाकू व बांस का डंडा बरामद किया गया।बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुये दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है।

# चोरी की नौ बाइकों के साथ दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। थाना अमेठी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा करते हुये चोरी की नौ मोटरसाइकिलें एवं मोटरसाइकिल खोलने और काटने में प्रयुक्त एक ग्लाइंडर मशीन व एक बेल्डिंग मशीन के साथ दो अन्तर्जनपदीय शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना अमेठी पुलिस द्वारा डेढ़पसार के पास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी अन्तू की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये, मोटरसाइकिल पर अपूर्ण नंबर प्लेट लगी होने के कारण संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो भागने लगे जिन्हें हिकमतअमली से घेर कर पकड़ लिया गया। नाम पता पूछने पर मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम मोहम्मद सलमान पुत्र मोहम्मद जमाल निवासी ग्राम ठेंगहा थाना संग्रामपुर तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम प्रीतम वर्मा पुत्र मुरली वर्मा निवासी ग्राम भवानीपुर तलिया थाना संग्रामपुर बताया।मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस अपूर्ण नंबर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा नही सके।बाइक के विषय में पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों लोग मिलकर यह मोटरसाइकिल लगभग पंद्रह दिन पहले मुंशीगंज रोड कस्बाअमेठी एचडीएफसी बैंक के सामने से चोरी किया था।दोनों व्यक्तियों को पुलिस हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों लोग मिलकर अमेठी व आसपास के कस्बों एवं पड़ोसी जनपदों रायबरेली, सुलतानपुर, प्रतापगढ़के विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिलों की चोरियां करके थाना क्षेत्र संग्रामपुर के मल्हूपुर में उमापुर मोड़ के पास प्रीतम वर्मा की मोटरसाइकिल मरम्मत की दुकान पर ले आते हैं जहां हम दोनों मिलकर चोरी की मोटरसाइकिलों की नम्बर प्लेट हटा देते हैं या नंबर मिटा कर, गाड़ियों के पुर्जे खोलकर अथवा काटकर अलग अलग जगहों पर कबाड़ में बेच देतें हैं। इस मोटरसाइकिल के अतिरिक्त दो मोटरसाइकिलें व कई गाड़ियों के पुर्जे प्रीतम वर्मा की दुकान में रखे हैं। उनकी निशानदेही पर अभियुक्त प्रीतम वर्मा की दुकान से चोरी की दो अन्य मोटरसाइकिलें,छह मोटरसाइकिलों के विभिन्न पार्ट्स पांच अदद मोटरसाइल की टंकी,एक शॉकर,छह चेचिस, चार इंजन,दस चेनकवर, छह साइलेंसर, पांच सीट, चार हैण्डल,दो मडगार्ड आदि भारी मात्रा में मोटरसाइकिलों के पुर्जों के साथ मोटरसाकिल के पुर्जे काटने अलग करने में प्रयुक्त एक ग्लाइंडर मशीन व एक बेल्डिंग मशीन बरामद हुई है।दुकान से बरामद दोनों स्प्लेण्डर मोटरसाइकिलों के विषय में पूछने पर दोनों अभियुक्तों ने बताया कि एक स्प्लेण्डर करीब डेढ़ माह पहले कस्बा गौरीगंज से तथा दूसरी स्प्लेण्डर करीब दो माह पहले रेलवे स्टेशन गौरीगंज से चोरी किया था। इसके अतिरिक्त बरामद अन्य खुले कटे हुये पुर्जों के विषय में पूछताछ करने पर दोनों लोगों ने बताया कि हम दोनों लोगों ने मिलकर जनपद अमेठी, रायबरेली, प्रतापगढ़ व सुलतानपुर से मोटरसाइकिलें चोरी किया था तथा बेचने हेतु मोटरसाइकिलों को खोलकर काटकर उनके पुर्जों को अलग-अलग करके रख लिया था यह पुर्जे व उन्हीं चुराई हुई मोटरसाइकिलों के हैं। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों शातिर चोरों को जेल भेज दिया गया है।

## गौरीगंज के विधायक ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

अमेठी,विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने गांव मऊ स्थित अपने आवास पर जन चौपाल का आयोजन कर क्षेत्र के नागरिकों से भेंटकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के लिये सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के द्वारा जनता की समस्याओं और शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये रविवार को गांव मऊ गौरीगंज स्थित अपने निज निवास पर ''जन चौपाल'' का आयोजन कर क्षेत्र के नागरिकों से भेंटकर उनका कुशलक्षेम जाना एवं उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान हेतु सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प है और जनता दर्शन के माध्यम से आम जनमानस की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करना मेरी प्राथमिकता है।

# नगर के मोहल्ला चौक से निकली बाल कांवड़ यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।श्रावण मास के पावन अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला. रविवार को नगर के मोहल्ला चौक से निकली बाल कांवड़ यात्रा ने शहर को 'हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान कर दिया गेरुआ वस्त्रधारी बच्चों ने कांवर में पवित्र जल भरकर अशोक कॉलोनी स्थित मंदिर तक यात्रा की यात्रा की शुरुआत मोहल्ला चौक से हुई इसके बाद नन्हे भक्त कांवड़ लेकर रवाना हुए. मैन रोड चौक से होते हुए कांवड़िए शिवशक्ति मंदिर परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने महादेव का जलाभिषेक किया वही अनुज गुप्ता सभासद और हर्ष प्रधान ने ने बताया कि बाल कांवड़ यात्रा की शुरुआत वर्ष 2022 से की गई थी और अब यह एक जनआंदोलन का रूप ले चुकी है. लोगों में इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है. हर वर्ष नए जिलों से बच्चे शामिल हो रहे हैं और परिवार भी बच्चों के इस धार्मिक उत्साह में पूरा सहयोग दे रहे हैं।

# आल्हा सम्राट ने मांडव गढ़ की लड़ाई का किया वर्णन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अखंडनगर /सुल्तानपुर।देवी दुर्गा धाम पिलाई कोट देवनगर में आज राष्ट्रीय आल्हा सम्राट फौजदार सिंह ने अपने अवधी अंदाज में आल्हा सुनाया। पवित्र श्रावण मास के तीसरे रविवार को मंदिर पर क्षेत्रवासियों को मांडवगढ़ की लड़ाई, बाप का बदला प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया। अपने चुटीले अंदाज और ओजपूर्ण शैली से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान भारी बारिश के बावजूद श्रोताओं ने मंदिर के बाहर बैठकर खुले में भीगते हुए आल्हा का रसास्वादन किया। अंत में बाबू सुरेश प्रताप सिंह अध्यक्ष कन्हाईन समिति पिलाई कोट ने सभी श्रोताओं का धन्यवाद किया और मंदिर के अगले कार्यक्रम में पुनः आने का निवेदन किया। आज के कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी गांवों से भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



# विधायक निधि से सीएचसी बल्दीराय में लगेगा 25 केवीए का जनरेटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने सीडीओ को लिखा पत्र

सुल्तानपुर। इसौली विधानसभा क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति एक बार फिर सामने आई है। बिजली आपूर्ति बाधित होने पर अस्पताल में टॉर्च की रोशनी में मरीजों का इलाज और ऑपरेशन किया गया, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस गंभीर स्थिति की जानकारी मिलते ही इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर अपनी विधायक निधि से 25 केवीए क्षमता वाला साइलेंट जनरेटर लगाए जाने की अनुशंसा की। विधायक ने अपने पत्र में लिखा कि अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था का न होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए जनरेटर की व्यवस्था तत्काल की जानी चाहिए ताकि भविष्य में मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।गौरतलब है कि बल्दीराय सीएचसी पर फिलहाल 5 केवीए का एक छोटा जनरेटर कार्यरत है, जो अस्पताल की समस्त आवश्यक सेवाओं को सुचारु रूप से एक साथ नहीं चला पा रहा। इसी कारण 25 केवीए क्षमता वाले जनरेटर की मांग लंबे समय से की जा रही थी, लेकिन अब विधायक निधि से 25 केवीए के जनरेटर की सिफारिश ने उम्मीद की नई किरण जगा दी है। इस संबंध में अस्पताल प्रशासन द्वारा पहले भी जिला पंचायत अध्यक्ष, सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख और विभागीय अधिकारियों को कई बार पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी थी।

# जर्जर तार होने के बावजूद लाइनमैन सिकंदर खां की मेहनत से रोशन हो रहा हैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।गांव में बिजली व्यवस्था की हालत चाहे जितनी भी खस्ता क्यों न हो, अगर जमीनी कर्मचारी मेहनती और जिम्मेदार हो तो अंधेरा भी रोशनी में बदला जा सकता है।शेरपुर कलां गांव इसका जीवंत उदाहरण है,जहां जर्जर तारों, टेढ़े खंभों और पुराने उपकरणों के बावजूद बिजली आपूर्ति पूरी तरह से चालू है।और इसका पूरा श्रेय जाता है बिजली विभाग के कर्मठ लाइनमैन सिकंदर खां को।आपको बता दे तहसील पूरनपुर के गांव शेरपुर कलां के मोहल्ला नवदिया मटखुन्ना सहित कई जगह जर्जर तारो के बावजूद शेरपुर कला में बिजली आपूर्ति पूरी तरीके से दी जा रही है जिसका पूरा श्रेय जाता है बिजली विभाग के कर्मठ लाइमैन सिकंदर खां को।जहां एक ओर बिजली आपूर्ति व्यवस्था बदहाली का शिकार है, वहीं दूसरी ओर कुछ जमीनी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाकर मिसाल कायम कर रहे हैं।ऐसा ही उदाहरण पेश किया है शेरपुर कलां के लाइमैन सिकंदर खां ने, जिनकी सतत मेहनत के चलते गांव के लोग आज भी बिजली की रोशनी देख पा रहे हैं।शेरपुर कलां गांव की बिजली व्यवस्था काफी समय से जर्जर हो चुकी है। जगह- जगह तार लटक रहे हैं।ट्रांसफॉर्मर भी अधिक लोड से जूझ रहे हैं।बारिश और हवा के चलते अक्सर लाइन में फॉल्ट हो जाता है, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। लेकिन ऐसी हर स्थिति में लाइनमैन सिकंदर सबसे पहले मौके पर पहुंचते हैं और पूरी निष्ठा से मरम्मत में जुट जाते हैं।गांववासियों के मुताबिक, सिकंदर बिना किसी डर और झिझक के दिन हो या रात, खराबी की सूचना मिलते ही कार्य में लग जाते हैं।कई बार तो उन्होंने जान जोखिम में डालकर भी तारों की मरम्मत की है।ताकि गांव अंधेरे में न डूबे। उनके पास संसाधनों की भारी कमी है, फिर भी वे उपलब्ध उपकरणों के सहारे बिजली व्यवस्था को बनाए रखने की पूरी कोशिश करते हैं।

# पिथौरागढ़ के वर्षा देवता की पनाह

यूं तो देश-दुनिया में ऐसे तीर्थस्थलों की कमी नहीं है जहां भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं, लेकिन उत्तराखंड के पिथौरागढ़ शहर के पास स्थित मोस्टामानू को खुशहाली और समृद्धि देने वाले देवता के रूप में माना जाता है। मोस्टामानू को जल और वर्षा का देवता भी कहा जाता है। पूरे क्षेत्र में इन्हें वर्षा के देवता के रूप में पूजा जाता है तथा माना जाता है कि यह इंद्र के पुत्र हैं और माता कालिका इनकी माता हैं। मान्यता है कि मोस्टामानू को इंद्र ने भूलोक में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है ताकि वह अपना भोग प्राप्त कर सकें। मोस्टामानू मंदिर उत्तराखंड के महत्वपूर्ण दिव्य स्थलों में शुमार है। वर्षभर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है, किन्तु सावन.भादों में ये संख्या बढ़ जाती है, क्योंकि वर्षा के दिनों में पूजा.अर्चना का विशेष महत्व होता है। यह मंदिर पिथौरागढ़ से लगभग सात किलोमीटर दूर, किले के निकट स्थित है। मंदिर परिसर से पिथौरागढ़ की नैनीसैनी हवाई पट्टी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यहां आने वाले भक्त न केवल असीम शांति का अनुभव करते हैं, बल्कि अपनी इच्छा मोस्टा देवता से कहते हैं और उन्हें विश्वास है कि वह पूरी होती है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, मोस्टामानू मूलतः एक संत थे, जिनका नाम मुस्तमानव था। ये नेपाल से भारत आए थे और मंदिर का निर्माण करवाया था। इस मान्यता के आधार पर यह मंदिर संभवतः काठमांडू के बाबा पशुपतिनाथ मंदिर की प्रतिकृति प्रतीत होता है। मंदिर का द्वार आकर्षक है और अंदर शिव परिवार की मूर्तियां स्थापित हैं। एक विशेष तथ्य यह है कि मंदिर में एक पत्थर रखा है, जिसे श्रद्धापूर्वक शिवजी को याद करते हुए उठाया जा सकता हैय अन्यथा उसे कोई भी शारीरिक बल से नहीं उठा पाता। यह पत्थर बैजनाथ मंदिर के पत्थर से तुलनीय बताया जाता है, जिसे उठाने के लिए शिव की प्रसन्नता आवश्यक होती है।उत्तराखंड की सोर घाटी की इस देवता को प्रसन्न करने के लिए प्रत्येक वर्ष ऋषि पंचमी पर तीन दिवसीय मेला आयोजित होता है (कभी.कभी दो दिन भी)। इस दौरान मोस्टा देवता का डोला हर्ष एवं श्रद्धा के साथ निकाला जाता है। कहा जाता है कि इस मेले के दौरान मोस्टा देवता अवतरित होते हैं। स्थानीय निवासियों का यह भी कथन है कि मोस्टा देवता के साथ चौंसठ योगिनी, बावन वीर और आठ सहस्त्र मशान रहते हैं, और एक तूफान भुंटनी भी इनके वश में है। मान्यता है कि यदि यह देवता प्रसन्न नहीं होते, तो अनिष्ट होने में देर नहीं लगती। मोस्टा को क्षेत्र का रक्षक देवता माना जाता है। जब किसी घर में संतान होती है या नवविवाहित जोड़ी आशीर्वाद के लिए यहां आती है, तब मंदिर की देखरेख स्थानीय सेना के जवान करते हैं। श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर घंटी अर्पित करके श्रद्धा व्यक्त करते हैं। मंदिर तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग के साथ.साथ एक ट्रैकिंग मार्ग भी है, जो जंगल और खंडहरों से होकर गुजरता है। यह मार्ग रोमांचक होने के साथ.साथ खतरनाक भी है, क्योंकि इसमें जोंक और अन्य जीवों का खतरा रहता है। पिथौरागढ़ उस मार्ग में आता है जिससे आदि कैलास के लिए मार्ग निकलता है। यहां तक पहुंचने के लिए आप काठगोदाम या टनकपुर रेलमार्ग का इस्तेमाल कर सकते हैं या दिल्ली से सीधे बस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। टनकपुर से दूरी लगभग 140 किलोमीटर है। आसपास पंतनगर हवाई पट्टी है, जो लगभग 240 किलोमीटर दूर है। सड़क मार्ग अच्छी स्थिति में है, इसलिए वाहन से भी पहुंचा जा सकता है। रुकने के लिए सभी दर्जों के होटल व होम.स्टे उपलब्ध हैं। गर्मियों में वन.वृष्टि की संभावना के कारण थोड़े गर्म कपड़े साथ रखना उचित रहता है।

# आखिर कब समझेंगे हम प्रकृति की मूक भाषा?

**विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर विशेष**

**प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ हवा के लिए जाने जाते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी अब तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है, वहां भी बाढ़ का ताण्डव देखा जाने लगा है। इसका एक बड़ा कारण पहाड़ों में भी विकास के नाम पर जंगलों का सफाया करने के साथ-साथ पहाड़ों में बढ़ती पर्यटकों की भारी भीड़ भी है। कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आने पर हम आदतन प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि अगर हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।**

पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इन प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्यम्भावी है। प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इस तरह की समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। सबसे पहले यह जानना बेहद जरूरी है कि प्रकृति आखिर है क्या? प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विड़म्बना ही है प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने भी आने लगी है। प्राकृतिक साधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ हवा के लिए जाने जाते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी अब तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है, वहां भी बाढ़ का ताण्डव देखा जाने लगा है। इसका एक बड़ा कारण पहाड़ों में भी विकास के नाम पर जंगलों का सफाया करने के साथ-साथ पहाड़ों में बढ़ती पर्यटकों की भारी भीड़ भी है। कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आने पर हम आदतन प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि अगर हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं बल्कि दोषी तो हम स्वयं हैं, जो इतने साधनपरस्त और आलसी हो चुके हैं कि अगर हमें अपने घर से थोड़ी ही दूरी से भी कोई सामान लाना पड़े तो पैदल चलना हमें गवारा नहीं। इस छोटी-सी दूरी के लिए भी हम स्कूटर या बाइक का सहारा लेते हैं। छोटे-मोटे कार्यों की पूर्ति के लिए भी निजी यातायात के साधनों का उपयोग कर हम पेट्रोल, डीजल जैसे धरती पर ईंधन के सीमित स्रोतों को तो नष्ट कर ही रहे हैं, पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं और पैदल चलना छोड़कर अपने स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ रहे हैं। हमारे क्रियाकलापों के चलते ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पेट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए जरूरत है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात उन पौधों की अपने बच्चों की भांति ही देखभाल भी करें। पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें खुद सोचना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। अगर हम वाकई चाहते हैं कि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? अपनी छोटी-छोटी पहल से हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। पानी की बचत के तरीके अपनाते हुए जमीनी पानी का उपयोग भी हम केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही करें। जहां तक संभव हो, वर्षा के जल को सहेजने के प्रबंध करें। प्लास्टिक की थैलियों को अलविदा कहते हुए कपड़े या जूट के बने थैलों के उपयोग को बढ़ावा दें। बिजली बचाकर ऊर्जा संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें। आज के डिजिटल युग में तमाम बिलों के ऑनलाइन भुगतान की ही व्यवस्था हो ताकि कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने की जरूरत अब कई गुना बढ़ गई है। कितना ही अच्छा हो, अगर हम सब प्रकृति संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेते हुए अपने-अपने स्तर पर उस पर ईमानदारी से अमल भी करें। प्रकृति बार-बार अपनी मूक भाषा में चेतावनियां देकर हमें सचेत करती रही है, इसलिए स्वच्छ और बेहतर पर्यावरण के लिए जरूरी है कि हम प्रकृति की इस मूक भाषा को समझें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना-अपना योगदान दें। **– योगेश कुमार गोयल**



# मदमहेश्वर : जहां मनमोहक स्वरूप में विराजित हैं भगवान शंकर एवं माता पार्वती

**अंजनी सक्सेना**

भगवान आशुतोष शशांक शेखर हिमालय पर्वत पर अनेक स्थानों पर एवं विभिन्न देवालयों में विराजमान हैं। हिमालय पर उत्तराखंड में चार धाम केदारनाथ, बद्रीनाथ (बद्रीनारायण या बद्रीविशाल) गंगोत्री व यमुनोत्री प्रतिष्ठित हैं। इन सबके कपाट लगभग एक ही समय में खुलते व बंद होते हैं। केदारनाथ अपने संपूर्ण स्वरुप में पंच केदार कहे जाते हैं जो हिमाचल पर्वत पर अलग अलग स्थानों पर स्थापित हैं। इन्हीं पंच केदार में से एक हैं मदमहेश्वर या मध्यमहेश्वर। हिन्दू पंचाग के अनुसार वैशाख से कार्तिक तक यहां के मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खुले रहते हैं। केदारनाथ,तुंगनाथ, रुद्रनाथ, मदमहेश्वर और कल्पेश्वर, ये पंच केदार माने जाते हैं। जिनके दर्शन के लिए यात्रा भी इसी क्रम से की जाती है। हिमालय पर्वत की कठिन राह पर जो पैदल चलने में सक्षम होते हैं,वे ही इनके दर्शन कर पाते हैं। मदमहेश्वर मंदिर समुद्र तल से लगभग 3500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह रांसी गांव से लगभग 20 किमी दूर है। उखीमठ से रांसी लगभग 30 किमी है। उखीमठ में उस ओंकारेश्वर मंदिर के दर्शन होते हैं, जहां शीतकाल में भगवान केदारनाथ की प्रतिमा पूजा के लिए रखी जाती है। सभी केदार स्थान वास्तव में भगवान महादेव शिव के बैल स्वरूप की पीठ के पूजन-स्थल है। बैल (नंदी) के शरीर पर गर्दन के बाद और पीठ के पहले जो संरचना बनती है वह शिवलिंग की तरह होती है, यहां इसी को शिव का प्रतीक रूप माना गया है । शिव का वाहन नंदी है। केदार का अर्थ ही शिव के बैल स्वरूप की पीठ है। महाभारत में पाण्डवों ने कौरवों एवं द्रोणाचार्य, कृपाचार्य सहित अनेक ब्राह्मणों का वध कर दिया था, फलस्वरूप उन्हें 'ब्रह्महत्या' का दोष लगा, जब इससे मुक्त हुए बिना मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं, जानकर इसके निवारण की राह उन्होंने योगीराज श्रीकृष्ण ने जाननी चाही तो उन्होंने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कहा, तब वे हिमालय गए परंतु शिव पाण्डवों से कुपित थे। अतः उन्हें दर्शन देना नहीं चाहते थे। इसलिए वे अपने निर्धारित स्थानों से छिपकर अपना स्वरूप नंदी का बनाकर 'गुप्तकाशी' क्षेत्र में विचरण करने लगे परंतु आस्था,श्रद्धा व भक्ति के साथ उनकी खोज में लगे पाण्डवों को उनका स्थान ज्ञात हो गया और उन्होंने नंदी स्वरूप में केदार (शिवलिंग) के उठान को देखकर उन्हें पहचान लिया। तब शिव वहीं पर्वत श्रृंखला में पृथ्वी में समाने लगे। पाण्डव भीम ने उन्हें पूरी शक्ति से पकड़ना चाहा और अन्ततः पूंछ भी उसके हाथों से सरक गई। तब पाण्डवों की विनती पर शिव ने अपने शरीर के पांच अंगों को पांच स्थान पर प्रकट कर उन्हें इसका ज्ञान कराया। उत्तराखंड के पांच स्थानों पर शिव वास्तविक रूप में प्रकट हुए, तब पाण्डव इन पंच केदार स्थानों पर पहुंचकर और उनकी आराधना कर दोषमुक्त हुए। भगवान शिव ने अपना जो स्वरूप पांडवों को दिखाया उसके अनुसार उनका धड़ केदारनाथ में, भुजाएं तुंगनाथ में, मुख रुद्रनाथ में, मध्यमभाग यानी नाभि और उदर मदमहेश्वर (मध्यमहेश्वर) में तथा जटा कल्पेश्वर में प्रकट हुई थीं। पाण्डवों ने इन पांचों स्थान पर भगवान शंकर के मंदिर बनवाए और यहां पूजा-आराधना कर मोक्ष का अपना मार्ग प्राप्त किया। मदमहेश्वर की समुद्र तट से 3500 मीटर की ऊंचाई पर है। मदमहेश्वर मंदिर के भीतर श्रीविग्रह साकार स्वरूप में है। काले प्रस्तर की एक ही शिला को तराशकर उसमें पृष्ठ भाग व सामने भगवान शिव व पार्वती विराजित किए गए हैं। शिव बैठे हुए विशेष मुद्रा में हैं, जिनकी बायीं जंघा पर पार्वती विराजमान है और दोनों एक-दूसरे को देख रहे हैं। दोनों के मस्तक पर मुकुट शोभायमान है। पार्वती जी के शरीर पर वस्त्र व अलंकरण है। वहीं शिव मात्र कोपीनधारी हैं, मस्तक पर चंद्रमा व गंगा है, गले में सर्प है। एक ओर त्रिशूल भी शोभायमान है, नीचे भी संरचनाएं हैं तथा हाथों में डमरू व अन्य अस्त्र भी हैं। छवि बड़ी ही मनमोहक है। यहां शिवलिंग भी प्रतिष्ठित है। इस मदमहेश्वर मंदिर से लगभग 3 किमी दूर और समुद्र तट से लगभग 3700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, 'बूढ़ा मदमहेश्वर मंदिर' जहां तक लोग सारी कठिनाई झेलकर भी जाना चाहते हैं।

## सेहत मंत्र

# सिरदर्द और सांस लेने में दिक्कत हाई ब्लड प्रेशर के हैं संकेत

उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर को साइलेंट किलर भी कहा जाता है, क्योंकि यह बिना किसी लक्षण के लोगों के शरीर में दस्तक दे जाता है। उच्च रक्तचाप, तब होता है जब आपका रक्तचाप अस्वस्थ स्तर तक बढ़ जाता है। आपके रक्तचाप का माप इस बात को ध्यान में रखता है कि आपके रक्त वाहिकाओं से कितना रक्त गुजर रहा है और हृदय को पंप करते समय रक्त की कितनी मात्रा मिलती है। संकीर्ण धमनियां प्रतिरोध को बढ़ाती हैं। आपकी धमनियां जितनी संकरी होंगी, आपका रक्तचाप उतना ही अधिक होगा। लंबे समय तक, बढ़ा हुआ दबाव हृदय रोग सहित कई अन्य रोगों का कारण बन सकता है। उच्च रक्तचाप आमतौर पर कई वर्षों के दौरान विकसित होता है। कई बार इसके लक्षण समझ नहीं आते हैं, इसलिए यह लक्षणों के बिना भी, उच्च रक्तचाप आपके रक्त वाहिकाओं और अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है, विशेष रूप से मस्तिष्क, हृदय, आंखें और गुर्दे। हालांकि इसकी शुरुआती पहचान जरूरी है। नियमित रूप से रक्तचाप रीडिंग आपको और आपके डॉक्टर को किसी भी बदलाव को नोटिस करने में मदद कर सकते हैं। यदि आपका रक्तचाप बढ़ा हुआ है, तो हो सकता है कि आपका डॉक्टर कुछ हफ्तों तक आपके रक्तचाप की जांच कर कर इसकी स्थिति का पता लगा सकता है। उच्च रक्तचाप के लिए उपचार में दवा और स्वस्थ जीवन शैली में बदलाव दोनों शामिल हैं। यदि इस स्थिति का इलाज नहीं किया जाता है, तो यह दिल के दौरे और स्ट्रोक सहित कई अन्य स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उच्च रक्तचाप आमतौर पर एक साइलेंट कंडीशन है। बहुत से लोग किसी भी लक्षण का अनुभव नहीं करते हैं। स्थिति को गंभीर स्तर तक पहुंचने में कई साल या कई दशक लग सकते हैं, जिससे लक्षण स्पष्ट हो जाते हैं। फिर भी, इन लक्षणों को अन्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

## धर्म मंत्र

# मनोकामना जरूर पूरी होती है इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में

मध्य प्रदेश के इंदौर में स्थित खजराना गणेश मंदिर के चमत्कार भक्तों में काफी लोकप्रिय हैं। यह देश का एक विश्व प्रसिद्ध गणेश मंदिर है। खजराना गणेश से जुड़ी मान्यता है कि यहां भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। मन्नत पूरी होने पर भक्त भगवान गणेश की प्रतिमा की पीठ पर उल्टा स्वास्तिक बनाते हैं और भगवान गणेशजी को मोदक का भोग लगाया जाता है। खजराना गणेश मंदिर के भगवान गणेश ने मंदिर निर्माण के लिए स्थानीय पंडित मंगल भट्ट को स्वप्न दिया था। इस सपने के बारे में उन्होंने सभी को बताया था, जिसके बाद रानी अहिल्या बाई होलकर ने इस स्वप्न के बारे में सुना तो उन्होंने बेहद गंभीरता से लिया और स्वप्न के अनुसार उस जगह खुदाई करवाई गई तो ठीक वैसी ही भगवान गणेश की प्रतिमा प्राप्त हुई। जिसके बाद यहां मंदिर निर्माण करवाया गया। आज भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होने से इस मंदिर को विश्व स्तर की ख्याति प्राप्त हो चुकी है। इंदौर का खजराना स्थित गणेश मंदिर का निर्माण 1735 में होलकर वंश की महारानी अहिल्याबाई ने करवाया था। मान्यताओं के अनुसार श्रद्धालु इस मंदिर की तीन परिक्रमा लगाते हैं और मंदिर की दीवार पर धागा बांधते हैं। वैसे तो भगवान गणेश की पूजा-अर्चना हर शुभ कार्य करने से पहले की जाती है, लेकिन खजराना गणेश मंदिर में भक्तों की सबसे अधिक भीड़ बुधवार को होती है। बुधवार को भगवान गणेश की पूजा करने के लिए भक्त दूर-दूर से यहां पहुंचते हैं

## पर्यटन




# अमरकंटक के जंगल में यह चट्टान अनोखी है, पता नहीं कहां से 12 महीने पानी आता है

अमरकंटक के जंगल में, ऊंचे पहाड़ पर एक चट्टान ऐसी है, जिसमें 12 महीने पानी रहता है। चट्टान में एक छेद है, उसमें हाथ डाल कर अंजुली भर जल निकाल सकते हैं। इस आश्चर्यजनक चट्टान को भृगु का कमंडल कहा जाता है। मेरे मित्र अशोक मरावी और मुकेश ने जब मुझे यह बताया गया, तो उस चट्टान को देखने की तीव्र जिज्ञासा मन में जागी। अगली सुबह इस अनोखी चट्टान को देखने जाने का तय किया। माँ नर्मदा मंदिर से लगभग 4 किमी दूर घने जंगल और ऊंचे पहाड़ पर भृगु कमंडल स्थित है। भृगु कमंडल तक पहुँचना कठिन तो नहीं है, लेकिन बाकी स्थानों की अपेक्षा यहाँ पहुँचने में थोड़ा अधिक समय और श्रम तो लगता ही है। कुछ दूरी तक आप मोटरसाइकिल या चारपहिया वाहन से जा सकते हैं, परंतु आगे का रास्ता पैदल ही तय करना होता है। भृगु कमंडल के लिए जाते समय आप एक और नैसर्गिक पर्यटन स्थल धूनी-पानी पर प्रकृति का स्नेह प्राप्त कर सकते हैं। यह स्थान रास्ते में ही पड़ता है। बहरहाल, हम मोटरसाइकिल से भृगु ऋषि की तपस्थली के लिए निकले। रास्ता कच्चा और ऊबड़-खाबड़ था। मोटरसाइकिल पर धचके खाते हुए हम उस स्थान पर पहुँच गए, जहाँ से पैदल आगे जाना था। घने जंगल के बीच स्थित भृगु कमंडल तक पहुँचने के लिए पहले पहाड़ उतर कर धूनी-पानी पहुँचे और फिर वहाँ से आगे जंगल में कीटों और पक्षियों का संगीत सुनते हुए पहाड़ चढ़ते गए। अमरकंटक के जंगलों में पेड़ों पर एक कीट सिकोड़ा पाया जाता है, जो एक विशेष प्रकार से टी-टी जैसी ध्वनि निकालता रहता है। शांत वन में पेड़ों पर झुंड में रहने वाले सिकोड़ा कीट जब टी-टी का सामूहिक उच्चार करते हैं तब विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न होती है। इस वर्ष जब भोपाल में भी यह ध्वनि सुनाई दी, तब मेरे मित्र हरेकृष्ण दुबोलिया ने उस पर समाचार बनाया था। उसके अनुसार यह कीड़ा हेमिपटेरा प्रजाति का है, जो पेड़ों पर रह कर उसकी छाल से पानी अवशोषित करता है और सूखी पत्तियों को अपना भोजन बनाता है।

# स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण, विरोध करने पर चाचा-भतीजे पर जानलेवा हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली, बाराबंकी। स्थानीय न्यायालय द्वारा जारी स्थगन आदेश के बावजूद विवादित भूमि पर निर्माण कर रहे दबंगों ने विरोध करने पहुंचे चाचा-भतीजे पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। खून से लथपथ पीड़ितों ने मसौली थाने पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर निवासी नितेश जायसवाल पुत्र स्व. अतुल जायसवाल का अपने चचेरे चाचा संजय जायसवाल से पुश्तैनी जमीन को लेकर वर्षों से विवाद चला आ रहा है। मामला दीवानी न्यायालय में लंबित है, जिस पर वर्ष 1998 से स्थगन आदेश लागू है।

आरोप है कि संजय जायसवाल ने अपने पुत्र अखिल, रौनक और निजामपुर निवासी सुरेंद्र व उसके पुत्र नवनीत सहित करीब दर्जनभर लोगों के साथ मिलकर विवादित भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया। जब नितेश जायसवाल ने स्थगन आदेश की जानकारी देकर निर्माण रुकवाने का प्रयास किया तो सुरेंद्र ने उसके सिर पर बांका से वार कर दिया। इसके बाद संजय, अखिल, रौनक और नवनीत ने घेरकर नितेश पर जानलेवा हमला किया।

घटना देख मौके पर पहुंचे नाबालिग प्रिंस ने चाचा को बचाने की कोशिश की तो उस पर भी लाठियों से हमला कर दिया गया। चाचा-भतीजे की चीख-पुकार सुनकर जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ितों ने मसौली थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों घायलों का सीएचसी बड़ागांव में मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा, फल व जल वितरण से भक्तिमय हुआ माहौल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। लोधेश्वर महादेवा की ओर कांवड़ यात्रा पर निकले शिवभक्तों का रविवार देर शाम मसौली चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। बाबा रामशरण दास भगवतदास हनुमान जी मंदिर समिति, मसौली के तत्वावधान में श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई और उन्हें फल, ठंडा जल एवं कोल्ड ड्रिंक वितरित किया गया। इस अवसर पर हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

इस आयोजन में समिति अध्यक्ष मोहित वर्मा, सचिव राहुल ठाकुर, आशुतोष गुप्ता 'आंशु', सोनू जैन, जितेंद्र वर्मा, प्रेमनंद वर्मा, गुड्डू वर्मा, पप्पू वर्मा, एवं मन्नू बांसा सहित अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

पुष्पवर्षा और वितरण कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली और कस्बा प्रभारी राहुल शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ मिलकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया और प्रसाद स्वरूप फल, जल एवं शीतल पेय वितरित किए।

इस आयोजन से न केवल श्रद्धालुओं में उत्साह दिखा, बल्कि पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा।

# मूर्ति स्थापना को लेकर दो समितियों के बीच विवाद, थाना प्रभारी की तत्परता से टला टकराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। आगामी शारदीय नवरात्र को लेकर ग्राम पंचायत बरौलिया में माता की मूर्ति स्थापना को लेकर दो समितियों के बीच उपजा विवाद थाना बदोसराय की तत्परता और सूझबूझ के चलते शांतिपूर्वक सुलझा लिया गया। मामले की गंभीरता को भांपते हुए प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया और निष्पक्ष रूप से जांच कर विवाद का निस्तारण कराया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरौलिया में नवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना को लेकर दो समितियों – 'जय मां दुर्गा सेवा संस्थान समिति' तथा एक अन्य नवगठित समिति के बीच अधिकार को लेकर तनावपूर्ण स्थिति बन गई थी। दोनों ही पक्षों ने आयोजन की अनुमति व संचालन का दावा किया, जिससे गांव में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया।इसकी सूचना मिलते ही बदोसराय थाना प्रभारी संतोष कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाकर शांति-व्यवस्था के लिए वार्ता की। इस दौरान दोनों समितियों से संबंधित दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि 'जय मां दुर्गा सेवा संस्थान समिति' का पंजीकरण सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 के अंतर्गत विधिवत रूप से हुआ है और उसकी वैधता 24 मई 2028 तक है।इस आधार पर प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रतिमा स्थापना तथा पूजन कार्यक्रम का संचालन 'जय मां दुर्गा सेवा संस्थान समिति' द्वारा ही किया जाएगा। उन्होंने यह भी सख्ती से निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति या संस्था कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न नहीं करेगा, अन्यथा उसके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।इसके अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक ने पारिजात परिसर में चंदा वसूली को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया कि कोई भी समिति रसीद काटकर चंदा नहीं एकत्रित करेगी। सभी कार्य निर्धारित समिति के माध्यम से और प्रशासन की निगरानी में संपन्न होंगे।प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और निष्पक्ष निर्णय के चलते ग्राम में फैले तनाव के बादल छंट गए और शांति का वातावरण पुनः स्थापित हो गया। बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष चन्द्रकेश वर्मा, ग्राम प्रधान जय प्रकाश वर्मा, इंद्रेश वर्मा, रवि कांत, देश दीपक, बलराम, अमरेश यादव, शैलेन्द्र रावत, आलोक यादव सहित अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।प्रभारी निरीक्षक की निष्पक्षता और संवेदनशीलता ने जहां एक संभावित विवाद को टाल दिया, वहीं गांववासियों ने भी संयम और सहयोग की मिसाल पेश कर सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कातिल को मसीहा साबित करने पर आमादा प्रशासन , आखिर मजबूरी क्या ?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी । सावन माह में लोधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन को आए एक दलित युवक की पिटाई के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। घटना के बाद जिस तरह से पुलिस-प्रशासन ने कथित आरोपी को मंदिर का पुजारी बताने का प्रयास किया, उससे पूरे प्रकरण पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक ने मंदिर परिसर में जलाभिषेक के दौरान मारपीट व उत्पीड़न की शिकायत की थी। उसने बताया कि उसे इससे पहले कभी पूजा या जल चढ़ाने से नहीं रोका गया। पीटने वाले युवकों में एक को पुलिस ने मंदिर का पुजारी दर्शा कर हल्की धाराओं में चालान किया, जबकि मंदिर रिसीवर और स्थानीय पुरोहित समुदाय के अनुसार वह व्यक्ति पुजारी नहीं है।

मंदिर की व्यवस्थापन समिति के रिसीवर पं. हरिप्रसाद द्विवेदी द्वारा संबंधित सूचना अधिकारी को पत्र भेजकर स्पष्ट किया गया है कि प्रशासन ने जिस युवक को पुजारी बताया है, वह मंदिर के रजिस्टर में बतौर पुजारी नामित नहीं है। इसके बावजूद जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महादेवा दौरे के दिन उक्त व्यक्ति को प्रेस नोट में 'मुख्य पुजारी' के रूप में दर्शाया गया, तो विरोध और तेज हो गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर में विधिक रूप से नियुक्त मुख्य पुजारी वीरेंद्र अवस्थी हैं, जिन्हें उच्च न्यायालय और रिसीवर की सहमति प्राप्त है। बावजूद इसके, प्रशासन उनके अस्तित्व को नजरअंदाज कर एक आरोपी को पुजारी के रूप में पेश करने पर तुला है। अब आमजन यह सवाल कर रहा है कि क्या प्रशासन एक आरोपी को बचाने के लिए उसे धर्म की आड़ में संरक्षण दे रहा है?

महादेवा कॉरिडोर और दलित उत्पीड़न की परछाई

मंदिर परिसर में वर्षों से निर्माण और पुनर्विकास को लेकर विवाद रहा है। महादेवा कॉरिडोर परियोजना के तहत जब भूमि अधिग्रहण हुआ, तब भी दलित बस्तियों को प्राथमिकता में ढहाया गया था। आरोप है कि उच्च पदस्थ अधिकारियों की शह पर कई अनियमितताएं हुईं, जिन पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

स्थानीय लोग यह भी आरोप लगा रहे हैं कि कुछ मीडिया संस्थानों ने इस संवेदनशील मुद्दे पर एकतरफा रिपोर्टिंग की। अतीत में भी जब मंदिर परिसर में विवादित निर्माण हुआ, तब प्रशासन और मीडिया दोनों मौन रहे। यही रवैया अब दलित उत्पीड़न के इस मामले में भी देखने को मिल रहा है।

क्या है आगे का रास्ता?

पूरे प्रकरण की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच आरोपी को पुजारी घोषित करने की प्रक्रिया की कानूनी समीक्षा मंदिर व्यवस्थापन में पारदर्शिता और कोर्ट के आदेशों का पालन पीड़ित पक्ष की सुरक्षा और केस की फास्ट ट्रैक सुनवाई महादेवा में मंदिर की मर्यादा, प्रशासन की निष्पक्षता और न्यायिक आदेशों की अवहेलना एक साथ सवालों के घेरे में है। यदि समय रहते पारदर्शिता और संवेदनशीलता से कार्यवाही नहीं की गई, तो यह मामला न केवल सामाजिक सौहार्द बल्कि शासन की साख को भी गहरी चोट पहुंचा सकता है।

# साहब कमलेश साथियों सहित चले छत्तीसगढ़ सतनाम के झंडाबरदार होंगे सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज के विशेष आमंत्रण पर जनपद बाराबंकी के कोटवा धाम सतनाम आश्रम के संत साहब कमलेश दास अपने साथियों समेत छत्तीसगढ़ रवाना हुए। मालूम हो कि छत्तीसगढ़ के रायपुर जेल रोड स्थित अटलबिहारी आडिटोरियम में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों को एक भव्य समारोह में 27जुलाई को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साथी नवनिर्वाचित पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे।शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मे शामिल होने बिहार से श्याम साहेब उत्तर प्रदेश से समर्थ साई जगजीवन दास साहेब आश्रम कोटवा धाम बाराबंकी से कमलेश साहेब, छत्तीसगढ़ रहवासी संघ मुम्बई से एच.आर पाटले , असम या मदन बंजारे राजकुमार कोसरिया ओडिशा से ज्योति लाल बंजारे, राजस्थान आदि से सतनाम प्रचारक बडी संख्या मे शामिल होगें। और 28 जुलाई को गिरौद्पुरी पहुंचकर गुरु द्वारा मे मत्था टेकेंगे।छत्तीसगढ़ प्रगतिशील सतनामी समाज के साथ मडवा भवन मे विभिन्न समाजिक मुद्दों व सतनाम प्रचार के लिए चर्चा होगी।यह जानकारी नीलकमल आजाद पंडित राम जोशी ने दी।

## शक्ति कलश का पुष्प वर्षा कर स्वागत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गायत्री शक्तिपीठ रामनगर में रविवार को श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब 251 कुंडीय यज्ञ का शक्ति कलश बड़े धूमधाम से टोली संग यहां पहुंचा।कलश आगमन पर भक्तों ने जयघोष करते हुए पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।अगले क्रम में शक्तिपीठ में पंडित राजेश मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन और यज्ञ संपन्न हुआ।इस अवसर साकेत शर्मा आनंद मिश्र सुभाष चंद्र ओझा सरिता ओझा लक्ष्मी अर्मला विहं वीरेन्द्र चगा तिवारी दीपक राज दीक्षित सुनील दत्त दीक्षित अम्बज बाजपेई औस गुप्ता अर्थव बाजपेई श्रुति गुप्ता राधा मिश्रा उमिला बाजपेई हरिहर सिंह संपूवाली त्रिपाठी दीपिका पाल चंद्रशेखर सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

## भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर का हुआ भव्य स्वागत

सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील अंतर्गत मेलारायगंज कस्बा में भीम आर्मी कांशीराम चीफ व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद का स्वागत किया गया। आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी इबादुर रहमान नयाब एडवोकेट के नेतृत्व में रविवार सुबह लगभग 11 बजे चंद्रशेखर आजाद बहराइच में होने वाले प्रबुद्ध जन सम्मेलन में शामिल होने के लिए सफदरगंज-बदोसराय मार्ग से जा रहे थे। मेलारायगंज चौराहे पर जिला प्रभारी इबादुर रहमान के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने उनके काफिले को रोका। कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर जिला प्रभारी इबादुर रहमान ने बताया कि बहराइच में चंद्रशेखर आजाद का प्रबुद्ध जन सम्मेलन कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने की जानकारी मिली, उन्होंने स्वागत की तैयारी की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया जो उनके एक बुलावे पर पहुंचे।चंद्रशेखर आजाद के साथ प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़, देवीपाटन मंडल प्रभारी भी मौजूद थे। स्वागत कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, महामंत्री शेर मोहम्मद खान, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार गौतम, मुलायम गौतम, विक्रांत गौतम, सरफराज अंसारी, हसन अफ़ज़ाल, फैजुररहमान, लवकुश गौतम, मनीष कुमार, संतोष कुमार तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शातिर अपराधी बना मां-बेटी के लिए काल, पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना असंद्रा क्षेत्र के अंतर्गत चौकी सिद्धौर के काशीराम कॉलोनी में रहने वाली एक मां-बेटी इस समय खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं। उनका आरोप है कि क्षेत्र का एक कुख्यात अपराधी लगातार उन्हें परेशान कर रहा है और अश्लील हरकतों के साथ-साथ जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

मामला काशीराम कॉलोनी निवासी मोहम्मद कैफ पुत्र अहमद से जुड़ा है, जो पूर्व में कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट भी लगाया जा चुका है और पुलिस ने उसके पैतृक आवास को सील कर दिया था। बावजूद इसके, वह अपनी आपराधिक गतिविधियों से बाज नहीं आ रहा है।

पीड़िता, जिसकी पहचान सुरक्षा कारणों से गुप्त रखी जा रही है (नाम परिवर्तित – कमरूल निशा), ने चौकी सिद्धौर में शिकायती पत्र देते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने बताया कि कैफ उसकी नाबालिग बेटी को स्कूल आते-जाते रास्ते में छेड़ता है, और कई बार घर में जबरन घुसकर हथियार दिखाकर अश्लील इरादों से धमकी देता है। उसने बताया कि आरोपी की हरकतों से तंग आकर वह अपनी बेटी के साथ मायके चली गई और वहीं से अपने भाई के साथ चौकी पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। चौकी प्रभारी राम प्रकाश मिश्रा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया, ल्हमें पीड़िता की ओर से शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच प्रारंभ कर दी गई है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो आरोपी के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## समीक्षा अधिकारी परीक्षा सकुशल संपन्न

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।जनपद में आज आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा प्रशासनिक देखरेख में सकुशल संपन्न हुई। जिले के 23 परीक्षा केंद्रों आयोजित परीक्षा में 5226 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। भाई जनपदों से परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र स्थलों में भटकाव की स्थिति बनी। जीआईसी सतरिख के परीक्षार्थी शहर मुख्यालय जीआईसी पहुंच गए। परीक्षा का निर्धारित समय को लेकर परीक्षार्थी हलकान रहे। जिन्हें यातायात उप निरीक्षक रम्यतन यादव ने अपनी सरकारी गाड़ी से परीक्षा केंद्र सतरिख पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 23 परीक्षा केंद्रों पर आज परीक्षा आयोजित की गई थी। पंजीकृत 9664 परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होना था। जिसमें 4438 अभ्यर्थी ही परीक्षा में सम्मिलित हुए। 5226 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए।

## पैर फिसला तालाब में डूबा युवक, मौत

बेलहरा बाराबंकी। पैर फिसलने से एक युवक तालाब में गिर गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को तालाब से बाहर निकाला और जब तक कहीं ले जाते तब तक उसकी मौत हो गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव पीएम के लिए भेज दिया। मोहम्मद पुर खाला थाना क्षेत्र की बेलहरा चौकी अंतर्गत ग्राम चिरैया मजरे गौरा सैलक निवासी नौमीलाल (32) पुत्र श्री पाल बचपन से अपने चाचा हनुमान के साथ रहता था। रविवार दोपहर घर के पीछे ही स्थित तालाब के पास गया था जहां अचानक उसका पैर फिसलने से वह तालाब के गहरे पानी में ही गिर गया। पास में खेल रहे बच्चों ने परिजनों को इसकी सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को जब तक तालाब से बाहर निकाला तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंचे बेलहरा चौकी प्रभारी अरविंद कुमार पटेल ने पंचनामा भर कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मुमताज बेगम के संघर्ष की कहानी कहती है 'खारी नदी'

## लालबाग पार्क में हुआ पुस्तक का विमोचन, गोष्ठी का भी आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। हिंदी सभा और संगतिन के द्वारा रविवार को लालबाग पार्क में एक विशेष गोष्ठी और संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीतापुर की बुजुर्गवार लेखिका मुमताज़ वेगम की ज़िंदगी और क़लम से प्रेरित उनकी पहली पुस्तक 'खारी नदी' का विमोचन हुआ, जो उन्होंने पुणे विश्विद्यालय की प्रो़फ़ेसर और लेखिका शशिकला राय और संगतिन और सीतापुर से लंबा जुड़ाव रखने वाली लेखिका प्रो़फ़ेसर ऋचा नागर के साथ मिलकर लिखी है।

गहरे जुड़ावों और सह-लेखन से सृजित यह पुस्तक औरतों के दुःख, आँसू और शोषण के साथ-साथ ज़िन्दगी को बेहतरीन बनाने के लिए किया गया संघर्ष है। स्वभाव से मीठी नदियाँ दुनिया भर से मिले नमक की सौगात से खारी हो उठती हैं, पर क्या इनकी तलहटी में मिठास का जमाव नहीं बना रहता है? दर्द और पीड़ा से जन्म लेते इसी उदात्त प्रेम-सौंदर्य और मिठास की गाथा है, 'खारी नदी'। जब कभी मन वीरान होंगे, पृथ्वी के आँसू-सी बची हं'गी 'खारी नदी', आर्द्रता सहेजे हुए किसी एक की नहीं बल्कि सबकी 'खारी नदी'। पुस्तक पाठक को बहुत कुछ सोचने, समझने, आँकने और उसे जीवन में उतारने पर मजबूर करती है। भारतीय शिक्षा संस्थान तथा माइनॉरिटी सेल की भूतपूर्व प्रमुख डॉ. रज़िया पटेल के शब्दों में, ''इस कहानी में उम्मीद जगाने वाली बात यह है कि इसमें बिन माँ की बच्चियों की फ़िक्र आसपड़ोस के लोगों को भी है, जिन में एक कैप्टन राम सिंह जी भी हैं, जिन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज़ाद हिन्द सेना में काम किया है। इस देश में हम जिस को पड़ोसी धर्म कहते आए हैं, आज के दौर में क्या उसकी कल्पना कर सकते हैं? ... यह इस कहानी का सर्वोच्च वैश्विक मूल्यात्मक पहलू है। किताब उम्मीद जगाती है कि इसका एक गीत बने जो सोते हुओं को जगा दे और एक खुशहाल सुबह का आगाज़ बने।''

कार्यक्रम की शुरुआत में मुमताज़ बेगम की नातिन निदा ख़ान और संगतिन किसान मज़दूर संगठन की प्रतिनिधि सुरबाला वैश ने पुस्तक की भूमिका का वाचन किया। इसके बाद इस अनूठी पुस्तक पर ग़ाज़ियाबाद से आए स्वतंत्र पत्रकार और लेखक अभिषेक श्रीवास्तव ने अपनी बात रखते हुए इसके सामाजिक, राजनैतिक, और साहित्यिक पहलुओं को रेखांकित किया और तीनों लेखिकाओं के साथ पुस्तक की प्रक्रिया और आज के समय में इसकी प्रासंगिकता और मायनों पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी सभा के अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने की तथा संचालन संगठन किसान मजदूर संगठन की प्रतिनिधि ऋचा सिंह ने किया।

# शिव सैनिकों ने धूमधाम से मनाया उद्भव का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के शिवसैनिको ने आज सोमैया नगर देवा रोड़ स्थित पार्टी मुख्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख उद्धव ठाकरे का 65वां जन्म दिन धूमधाम से मनाया और आतिशबाजी कर मिठाई का वितरण किया और श्री ठाकरे के दीर्घायु होने की कामना कर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया

इस अवसर पर शिवसेना यूबीटी के प्रदेश महासचिव मनोज विद्रोही ने कहा कि उद्धव साहेब बेहद संवेदनशील छल कपट से परे राजनेता है जिनका सत्ता के लिए कुछ नेताओं ने गलत फायदा उठाया इसके लिए वक्त आने पर शिवसैनिक व महाराष्ट्र की जनता तैयार बैठी है आने वाले ब्रह्न मुंबई नगर निगम और विधान सभा चुनाव में सत्ता से बाहर रास्ता दिखाते हुए पुनः मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन करेगी और एक बार फिर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व शिवसेना की सरकार बनेगी इस मौके पर पार्टी के जिला वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान, जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मिकी उर्फ पंडित जी, जिला मीडिया प्रभारी एस एन मिश्र,जिला सचिव प्रवीन वर्मा, जिला सचिव चंद्र शेखर,भवानी सेना नेता किरन गौतम , बेनी प्रसाद,ननकऊ,देशराज गौतम,सरवन बाबा आदि उपस्थित रहे।

## सुभासपा पूरे प्रदेश में पंचायती त्रिस्तरीय चुनाव संगठन के बल पर लड़ेगीः अरविंद राजभर

जौनपुर,। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के तत्वावधान में जनपद स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक रविवार को नगर के एक होटल में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व राज्य मंत्री डॉ. अरविंद राजभर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने घोषणा की कि पार्टी पूरे प्रदेश में पंचायती त्रिस्तरीय चुनाव कार्यकर्ताओं एवं संगठन के बल पर लड़ेगी।
बैठक में जनपद इकाई, 9 विधानसभाओं के सभी पदाधिकारी, सभी ब्लॉकों के पदाधिकारी तथा बूथ स्तर के संगठन के पदाधिकारियों की समीक्षा की गई। डॉ. अरविंद राजभर ने निर्देश दिए कि 15 दिन के अंदर बूथ स्तर तक के अधूरे संगठन गठन को हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जौनपुर में पार्टी मुख्य रूप से जफराबाद, केराकत, शाहगंज और मल्हनी विधानसभाओं में आगामी चुनाव हेतु फोकस कर रही है।

# फंासी फंदे पर झूला दम्पति, शनिवार को शांति भंग धारा में हुआ था पति का चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। देवा पुलिस ने जिस व्यक्ति का शांति भंग में चालान किया जमानत पर लौटे व्यक्ति व उसकी पत्नी के शव फंासी फंदे से लटकत बरामद हुए। बताते हैं कि शनिवार की सुबह पति-पत्नी के बीच विवाद की सूचना ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को दी। पति को देवा कोतवाली उठा ले गई। उप जिलाधिकारी की कोर्ट से जमानत पर वह वापस आया। रविवार को सबेरे उसके चार वर्षीय पुत्र की बंद कमरे से रोने की आवाज पर ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कों पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देवा कोतवाली के गोपालपुर निवासी 28 वर्षीय राजू अपनी पत्नी मुन्नी देवी, चार वर्षीय पुत्र राज और मां राम प्यारी के साथ रहते थे। राजू राज मिस्त्री थी, बताया जाता है कि पति पत्नी में आए दिन कलह के चलते विवाद होता रहता था। 26 जुलाई की सुबह भी पति-पत्नी में काफी झगड़ा हुआ। आवाजे सुनकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस पहुंची तो राजू को पकड़कर देवा कोतवाली पुलिस के सिपुर्द कर दिया। जहां राजू का शांतिभंग के तहत चालान कर दिया गया। एसडीएम कोर्ट से देवा के मलूकपुर निवासी साला सुरेश ने जीजा राजू को जमानत पर छुड़ाया। वापस घर पहुंच कर देर रात राजू उसकी पत्नी व पुत्र अपने कमरे में सोने चले गए। रविवार सुबह देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने और अंदर से राज के रोने की आवाज सुनकर मां राम प्यारी पहुंची, लेकिन दरवाजा न खुलने पर अनहोनी की आशंका पर पास-पड़ोस के लोगों को बुलाया। ग्रामीणों ने रो रहे बच्चे को समझाते हुए उसी से किसी प्रकार दरवाजा खुलवाया तो अंदर का नाजारा देखकर सभी दंग रह गए। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार मुन्नी देवी का शव फंदे के सहारे जमीन पर रखा हुआ था जबकि राजू का शव गमछे के फंदे से लटक रहा था। लोग चर्चा कर रहे हैं कि पत्नी की हत्या के बाद राजू ने जान दी है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया और मृतक की मां से पूछताछ कर थाने ले गई। ग्रामीणों में चर्चा है कि राजू ने पत्नी की हत्या कर खुद आत्महत्या कर ली।

## बॉक्सिंग संघ की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

सुल्तानपुर। जिला बॉक्सिंग संघ सुल्तानपुर के तत्त्वधान में शहर के स्थित अम्बेडकर हाल के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। और जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पुलकित सिंह, संरक्षक नागेंद्र प्रताप सिंह, महासचिव विजय यादव, कोषाध्यक्ष रविंद्र वर्मा, आयुष प्रभात चौरसिया शेखर भट्ट युवराज सिंह सुजल विक्रम सिंह पदाधिकारी एवं सदस्य बनाया गया।

## सूचना

मैं मीनाक्षी वर्मा पुत्री श्री राकेश कुमार वर्मा ग्राम व पोस्ट रसूलपुर बाराबंकी की निवासी हूं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 56 21 254 में पिता का नाम त्रुटिवश RAKESH KUMAR अंकित है, जबकि पिता का नाम RAKESH KUMAR VERMA व माता का नाम MANJULATAVERMA वास्तविक व शुद्ध नाम है।

# मन की बात : प्रधानमंत्री बोले- खेलो भारत नीति का लक्ष्य भारत को खेल महाशक्ति बनाना

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 124वें संस्करण में 'खेलो भारत नीति 2025' के लक्ष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इसका लक्ष्य भारत को खेल महाशक्ति बनाना है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब और बेटियां इस नीति की प्राथमिकता हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि बीते दिनों मुझे कई युवा एथलीट और उनके अभिभावकों के संदेश मिले हैं। इनमें 'खेलो भारत नीति 2025' की खूब सराहना की गई है। इस नीति का लक्ष्य साफ है, भारत को खेल महाशक्ति बनाना। गांव, गरीब और बेटियां इस नीति की प्राथमिकता है। स्कूल और कॉलेज, अब खेल को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाएंगे। खेलों से जुड़े स्टार्टअप्स, चाहे वो स्पोर्ट्स प्रबंधन हों या उत्पादन से जुड़े हों- उनकी हर तरह से




मदद की जाएगी। सोचिए, जब देश का युवा खुद के बनाए रैकेट, बैट और बॉल के साथ खेलेगा, तो आत्मनिर्भरता के मिशन को कितनी बड़ी ताकत मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल, टीम स्पिरिट पैदा करते हैं। ये फिटनेस, आत्मविश्वास और एक मजबूत भारत के निर्माण का रास्ता है इसलिए खूब खेलिए, खूब खिलिए। विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल की चर्चा कीप्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल में भारत के एतिहासिक प्रदर्शन की चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्या आप जानते हैं कि ओलंपिक के अलावा सबसे बड़ा खेल आयोजन कौन-सा होता है? इसका जवाब है- विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल। दुनियाभर के पुलिसकर्मियों, अग्निशमन कर्मियों और सुरक्षा से जुड़े लोगों के बीच होने वाली खेल प्रतियोगिता। इस बार यह प्रतियोगिता अमेरिका में आयोजित हुई और इसमें भारत ने इतिहास रच दिया। भारत ने करीब 600 मेडल जीते। हम 71 देशों में टॉप तीन पहुंचे। उन वर्दीधारियों की मेहनत रंग लाई जो दिन-रात देश के लिए खड़े रहते हैं। हमारे ये साथी अब खेल के मैदान में भी झंडा बुलंद कर रहे हैं। 2029 में भारत में होगा आयोजनप्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मैं सभी खिलाड़ियों और कोचिंग टीम को बधाई देता हूं। साथ ही प्रधानमंत्री ने बताया कि आपके लिए ये भी जानना दिलचस्प होगा कि 2029 में यह खेल भारत में होंगे। दुनिया-भर से खिलाड़ी हमारे देश आएंगे। हम उन्हें भारत की मेहमान-नवाजी दिखाएंगे, अपनी खेल संस्कृति से परिचय कराएंगे।

# गिल शायद शारदुल को नहीं, कुलदीप को खिलाना चाहते थे: गावस्कर


एजेंसी

मैनचेस्टर। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि शुभमन गिल को अंतिम एकादश चुनने में शायद अंतिम फैसला लेने का अधिकार नहीं था। उनका कहना है कि यह फैसला पूरी तरह से कप्तान का होना चाहिए और मुख्य कोच सहित किसी और का इस पर प्रभाव नहीं होना चाहिए। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को लगातार टीम में नहीं चुने जाने पर तीखी बहस छिड़ गई है, विशेषकर जो रूट के मौजूदा चौथे टेस्ट में रिकॉर्ड शतक के बाद जहां वह रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। रूट के नाम अब 13,409 रन हैं और केवल सचिन तेंदुलकर (15,291 रन) उनसे आगे हैं। गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स पर कहा, ''आखिरकार, यह कप्तान की टीम होती है। उन्होंने आगे कहा, ''हो सकता है कि शुभमन शारदुल को टीम में नहीं चाहते थे और कुलदीप को चाहते थे। रूट को 2018 में मैनचेस्टर और लॉर्ड्स में दो सीमित ओवरों के मैच तीन गेंद पर दो बार आउट करने के बावजूद कुलदीप अब तक पूरी टेस्ट श्रृंखला में बाहर रहे हैं। आम धारणा यह है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ऐसे गेंदबाजों पर जोर दिया है जो बल्ले से योगदान दे सकें, विशेषकर हेडिंग्ले टेस्ट में भारत के तीन विकेट पर 430 रन बनाने के बावजूद अगले 11 ओवर में 471 पर ऑल आउट होने के बाद। गावस्कर का मानना था कि कुलदीप को एकादश का हिस्सा होना चाहिए था। उन्होंने कहा, ''उसे टीम में वह मिलना चाहिए था। वह कप्तान है। लोग उसके और उसकी कप्तानी के बारे में बात करेंगे। इसलिए यह फैसला असल में उसका ही होना चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान का यह भी मानना था कि आंतरिक मतभेदों या चयन के मुद्दों को जानबूझकर छुपाया जा सकता है जिससे यह दिखाया जा सके कि ड्रेसिंग रूम में 'सब कुछ ठीक है'। गावस्कर ने कहा, ''मुझे पता है कि सब कुछ ठीक-ठाक दिखाने के लिए ये बातें शायद सामने न आएं। सच तो यह है कि कप्तान जिम्मेदार है। वही एकादश का नेतृत्व करेगा। यह सामान्य सी बात है। गावस्कर ने कहा कि उनके कप्तानी कार्यकाल में चीजें अलग तरह से होती थीं, जब टीम का चयन पूरी तरह से कप्तान का विशेषाधिकार होता था और कोच की अवधारणा ही नहीं थी क्योंकि सब कुछ मैनेजर और सहायक मैनेजरों के बारे में था। उन्होंने कहा, ''हमारे पास कोच नहीं थे। हमारे पास सिर्फ पूर्व खिलाड़ी ही टीम के मैनेजर या सहायक मैनेजर हुआ करते थे। वे ऐसे लोग थे जिनके पास जाकर आप बात कर सकते थे, वे आपको लंच के समय, दिन के खेल के अंत में या मैच की पूर्व संध्या पर सलाह देते थे। गावस्कर ने कहा, ''इसलिए मेरे लिए कप्तान और कोच के संयोजन को समझना मुश्किल है। जब मैं कप्तान था तब हमारे पास कोई भी पूर्व खिलाड़ी नहीं था। भारत ने अब तक शुरुआती और मौजूदा चौथे टेस्ट में तेज गेंदबाजी करने वाले ऑलराउंडर शारदुल को चुना है जबकि दूसरे और तीसरे मैच में नितीश कुमार रेड्डी एकादश का हिस्सा थे। हालांकि इनका गेंदबाजी योगदान न्यूनतम रहा है।

# फुटबॉल क्लब आर्सेनल ने स्ट्राइकर विक्टर ग्योकरेस के साथ करार किया

एजेंसी

नई दिल्ली। फुटबॉल क्लब आर्सेनल ने स्वीडन के 27 वर्षीय खिलाड़ी विक्टर ग्योकेरेस के साथ दीर्घकालिक करार किया है। स्पोर्टिंग के साथ अपने दो सीजन के दौरान विक्टर ने टीम को लगातार प्राइमेरा लीगा खिताब और एक राष्ट्रीय कप जीतने में मदद की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन किया है। स्वीडन के लिए अपने पिछले 17 मैचों में 12 गोल दागे हैं। क्लब के खेल निदेशक एंड्रिया बर्टा ने कहा कि विक्टर ग्योकेरेस को क्लब में लाने के लिए हमने जो शानदार डील पूरी की है। विक्टर एक असाधारण प्रतिभा हैं और उन्होंने लगातार यह साबित किया है कि उनमें एक शीर्ष-स्तरीय सेंटर-फॉरवर्ड के लिए आवश्यक गुण और जीतने की मानसिकता है। उनकी फिटनेस, बुद्धिमत्ता और कार्यशैली उन्हें हमारे दृष्टिकोण के लिए एकदम उपयुक्त बनाती




है। हमें पूरा विश्वास है कि विक्टर मैदान पर गहरा प्रभाव डालेंगे और हमारे ड्रेसिंग रूम में एक अहम किरदार बनेंगे। विक्टर, आपका स्वागत है।

क्लब के मैनेजर मिकेल आर्टेटा ने विक्टर ग्योकेरेस का क्लब में स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्रदर्शन और उपलब्धता में जो निरंतरता दिखाई है, वह लाजवाब है और उनके गोल खुद ही सब कुछ बयां करते हैं। हम विक्टर के हमारे दल में आने से उत्साहित हैं और उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। हम विक्टर और उनके परिवार का आर्सेनल में स्वागत करते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को चौथे टी20 में तीन विकेट से हराया, सीरीज में 4-0 से अजेय बढ़त

एजेंसी

बस्सेटेरे (सेंट किट्स और नेविस)। ऑस्ट्रेलियाई टीम की वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार जीत का सिलसिला जारी है। मेहमान टीम ने वेस्टइंडीज को चौथे टी20 मैच में तीन विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 4-0 से अजेय बढ़त बना ली है। सेंट किट्स और नेविस के बस्सेटेरे में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 205 रन का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इस लक्ष्य को 19.2 ओवर में सात विकेट खोकर 206 रन बनाते हुए हासिल कर लिया है। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को पहले ही ओवर में कप्तान मिचेल मार्श के रूप में बड़ा झटका लगा। मार्श खाता भी नहीं खोल पाए। हालांकि, इसके बाद जोश इंगलिस और ग्लेन




मैक्सवेल ने पारी को ताबड़तोड़ अंदाज में आगे बढ़ाया। मैक्सवेल ने 18 गेंदों में 6 छक्के और एक चौके की मदद से ताबड़तोड़ 47 रन बनाए और इंगलिस ने 30 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों का विकेट गिरने के बाद कैमरून ग्रीन ने मोर्चा संभाला और 35 गेंदों में 3 चौके और इतने ही छक्कों की मदद से नाबाद 55 रन की पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी। इन बल्लेबाजों के अलावा आरोन हार्डी ने 16 गेदों पर 23 की उपयोगी पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से जेडियाह ब्लेड्स ने तीन विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड और अकील होसेन ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने नौ विकेट के नुकसान पर 205 रन का स्कोर बनाया। टीम के बल्लेबाजों ने शुरुआत तो तेजी से की, लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट भी गरते रहे। इससे टीम के 67 रन के स्कोर तक चार विकेट गिर गए। ब्रैंडन किंग 18 रन, कप्तान शाई होप 10 रन, शेरफ़ेन रदरफोर्ड 31 रन और रोस्टन चेज बिना खाता खोले आउट हुए। बाद में रोवमैन पॉवेल ने शिमरोन हेटमायर के साथ 43 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। हेटमायर 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि पॉवेल 28 रन की पारी खेलकर आउट हुए। इनके अलावा रोमारियो शेफर्ड ने 28 रन, जेसन होल्डर ने 26 रन, मैथ्यू फोर्ड ने 15 रन और अकील होसेन ने 16 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा ने तीन विकेट लिए, जबकि आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट और सीन एबॉट ने 2-2 विकेट लिए। वेस्टइंडीज दौरे पर पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी तक एक भी मैच नहीं हारी है। दौरे की शुरूआत टेस्ट सीरीज से हुई थी, जिसे मेहमान टीम ने 3-0 से अपने नाम किया। अब पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी ऑस्ट्रेलिया ने 4-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

# वीआईपी इंडस्ट्रीज में हिस्सेदारी खरीदेगा मल्टीपल्स इक्विटी का गठजोड़, सीसीआई से मंजूरी मांगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मल्टीपल्स इक्विटी के नेतृत्व में निवेशकों के एक समूह ने सामान और यात्रा संबंधी सामान बनाने वाली कंपनी वीआईपी इंडस्ट्रीज में 32 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। यह कदम वीआईपी इंडस्ट्रीज के प्रवर्तकों- दिलीप पीरामल एंड फैमिली द्वारा पिछले सप्ताह की गई घोषणा के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे कंपनी में अपनी 32 प्रतिशत तक हिस्सेदारी वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी मल्टीपल्स इक्विटी को बेच देंगे। मल्टीपल्स के गठजोड़ में मल्टीपल्स प्राइवेट इक्विटी फंड-4 (एमपीईएफ), मल्टीपल्स प्राइवेट इक्विटी गिफ्ट फंड-4 (एमपीजीएफ), संविभाग सिक्योरिटीज, कैरेटलेन के संस्थापक मिथुन पदम सचेती, उनके भाई सिद्धार्थ सचेती और प्रोफिटेक्स शेयर्स एंड सिक्योरिटीज शामिल हैं, जो वीआईपी इंडस्ट्रीज में हिस्सेदारी हासिल करेंगे। सीसीआई में शुक्रवार को दाखिल एक अधिसूचना में कहा गया, प्रस्तावित संयोजन, लक्षित वीआईपी इंडस्ट्रीज में अधिग्रहणकर्ताओं (एमपीईएफ, एमपीजीएफ, संविभाग सिक्योरिटीज, मिथुन और सिद्धार्थ सचेती) द्वारा शेयरधारिता के अधिग्रहण से संबंधित है। मल्टीपल्स एक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी है। यह वित्तीय सेवाओं, फार्मा एवं स्वास्थ्य सेवा, उपभोक्ता और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, और संविभाग सिक्योरिटीज़, जाने-माने निवेशक आकाश भंसाली की पोर्टफोलियो कंपनी है। वीआईपी इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 6,389.47 करोड़ रुपये है। यह प्रीमियम और सामान्य खंड में सैमसोनाइट और सफारी इंडस्ट्रीज से प्रतिस्पर्धा करती है। इसके पास एरिस्टोक्रेट, वीआईपी, कार्लटन, स्काईबैग्स और कैप्रिस जैसे ब्रांड हैं, जिनकी वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रांडेड लगेज बाजार में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी थी।

# जैविक कपास की खेती पर कथित सरकारी सब्सिडी में घोटाले और प्रमाणन का एपीडा ने किया खंडन

एजेंसी

नयी दिल्ली। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने जैविक कपास की खेती पर कथित सरकारी सब्सिडी में घोटाला और जैविक प्रमाणन में गड़बड़ी के आरोपों को निराधार बताते हुए उनका खंडन किया है। एपीडा ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) के तहत जैविक प्रमाणन में तीसरे पक्ष का प्रमाणन शामिल है, जिसे फसल स्तर पर यूरोपीय आयोग और स्विट्जरलैंड द्वारा मान्यता प्राप्त है।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को जैविक कपास की प्रामाणिकता की कुछ पश्चिमी बाजारों में अस्वीकार्यता को लेकर बयान दिया था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्य कर रही इस एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) 2001 में भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग द्वारा जैविक उत्पादों के निर्यात प्रोत्साहन हेतु शुरू किया गया था और एपीडा एनपीओपी के कार्यान्वयन हेतु सचिवालय के रूप में कार्य करता है। उत्पादक समूह प्रमाणन प्रणाली 2005 में शुरू की गई थी, क्योंकि छोटे और सीमांत किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसे आवश्यक समझा गया था। जैविक उत्पादों के निर्यात के लिए तृतीय पक्ष प्रमाणन अनिवार्य है। फसल उत्पादन के लिए एनपीओपी मानकों को यूरोपीय आयोग और स्विट्जरलैंड द्वारा अपने देश के मानकों के समकक्ष मान्यता दी गई है और ब्रिटेन ने भी इसे स्वीकार किया है। ताइवान के साथ जैविक उत्पादों के लिए भी एक समझौता है। बयान में कहां गया है कि एनपीओपी के तहत जैविक प्रमाणन प्रणाली में जैविक प्रक्रियाओं और जैविक उत्पादों के लिए एक तृतीय-पक्ष प्रमाणन प्रणाली शामिल है, जिसे एक प्रमाणन निकाय (सरकारी या निजी) द्वारा आपूर्ति श्रृंखला में प्रमाणित किया जाता है। मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकाय अपनी मान्यता के दायरे के अनुसार जैविक संचालकों को प्रमाणित करते हैं। वर्तमान में, भारत में 37 सक्रिय प्रमाणन निकाय कार्यरत हैं, जिनमें 14 राज्य प्रमाणन निकाय शामिल हैं। एपीडा ने स्पष्ट किया जाता है कि एपीडा या वाणिज्य विभाग, एनपीओपी के तहत जैविक खेती करने वाले किसानों को कोई सब्सिडी नहीं देता है। 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर का आँकड़ा और अन्य गलत गणनाएँ निराधार हैं। एनपीओपी के तहत जैविक प्रमाणीकरण केवल मध्य प्रदेश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि 31 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में फैला हुआ है। नवीनतम रिकॉर्ड के अनुसार, एनपीओपी के तहत मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकायों द्वारा प्रमाणित लगभग 19,29,243 किसानों को कवर करने वाले 4712 सक्रिय जैविक उत्पादक समूह हैं। ये उत्पादक समूह अनाज, दलहन, तिलहन, चाय, कॉफी, मसालों और केवल कपास सहित विभिन्न प्रकार की फसलों के उत्पादन में शामिल हैं।

# कुछ सरकारी बैंकों की बचत जमा दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर: आरबीआई बुलेटिन

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा बुलेटिन के अनुसार 2011 में विनियमन मुक्त होने के बाद से सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों (पीएसबी) की बचत जमा दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर हैं। पीएसबी और निजी क्षेत्र के बैंकों, दोनों की नई जमाओं के लिए भारित औसत घरेलू सावधि जमा दरों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। आरबीआई के जुलाई बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है, ''इस समय सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों की बचत जमा दरें 2011 में विनियमन मुक्त होने के बाद से ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर हैं। आरबीआई ने अक्टूबर, 2011 में बचत बैंक जमा ब्याज दर को विनियमन मुक्त कर दिया था, और बैंकों को अपनी इच्छानुसार ब्याज दर निर्धारित करने की अनुमति दी थी। सरकार ने चालू सितंबर तिमाही के दौरान लघु बचत योजनाओं की दरों में कोई बदलाव नहीं किया था। लेख में कहा गया है कि इन माध्यमों पर प्रचलित दरें फॉर्मूला आधारित दरों से 0.33 से 1.18 प्रतिशत तक अधिक हैं। इसमें आगे कहा गया कि फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में एक प्रतिशत की कमी के जवाब में बैंकों ने अपनी रेपो से जड़ी बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों में एक प्रतिशत की कमी की। इसके साथ ही कोष की सीमांत लागत आधारित ऋण दर में 0.1 प्रतिशत की कमी की गई। ऐसे में वाणिज्यिक बैंकों के नए और बकाया रुपया ऋणों पर भारित औसत कर्ज दरें फरवरी-मई, 2025 के दौरान क्रमशः 0.26 प्रतिशत और 0.18 प्रतिशत कम हुईं। इस अवधि में नई और बकाया जमाओं पर भारित औसत घरेलू सावधि जमा दरें क्रमशः 0.51 प्रतिशत और दो प्रतिशत तक कम हुईं।

# फ़ेड की बैठक, घरेलू आँकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में लगातार चौथी साप्ताहिक गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर नीतिगत दरों पर अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व की घोषणा और घरेलू आँकड़ों पर रहेगी।

विदेशी संस्थागत निवेशकों के पैसा निकालने और रुपये में गिरावट के कारण पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 294 अंक यानी 0.36 फीसदी टूटकर 81,463.09 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 131.40 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 24,837 अंक पर बंद हुआ।

च्वाइस इक्विटी बुकिंग प्राइवेट लिमिटेड के मंदर भोजाने ने कहा कि कमजोर वैश्विक संकेतों और कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम से बाजार में गिरावट रही। निफ्टी को अगला समर्थन 24.750 अंक पर मिलेगा, लेकिन यदि यह इससे नीचे जाता है तो 24,580 अंक तक उतर सकता है। उनकी राय में ऊपर की तरफ निफ्टी को पहले 25,150 के स्तर पर पहुँचना होगा जिसे हासिल करने के बाद यह 25,500 तक भी पहुंच सकता है। उन्होंने निवेशकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

श्री भोजाने ने कहा कि ऊर्जा धातु और ऑटो सेक्टरों में गिरावट सबसे अधिक रही। मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव रहा।

निफ्टी-100 सप्ताह के दौरान 0.71 प्रतिशत लुढ़ककर 25,442.10 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों का सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 भी 1.87 प्रतिशत टूटकर 16,334.55 अंक पर आ गया। निफ्टी स्मॉलकैप-100 में 3.51 फीसदी की गिरावट रही और सप्ताहांत पर यह 18,294.45 अंक पर बंद हुआ।

बजाज ब्रोकिंग रिसर्च ने बताया कि 28 जुलाई से 01 अगस्त के सप्ताह में भारत, अमेरिका और चीन में कई आर्थिक घटनाएँ होंगी। निवेशक 30 जुलाई के अमेरिका फ़ेडरल रिजर्व की नीतिगत घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। घरेलू स्तर पर 28 जुलाई को औद्योगिक उत्पादन के आँकड़े आने हैं। इसके बाद 01 अगस्त को एचएसबीसी के भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के पीएमआई आँकड़े जारी होंगे। चीन का पीएमआई आँकड़ा 31 जुलाई को जारी होगा।

कई बड़ी कंपनियों के तिमाही परिणाम भी आने वाले सप्ताह में जारी होने हैं। इनमें बीईएल, गेल, एनटीपीसी, पंजाब नेशनल बैंक, पावरग्रिड, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनिलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और सनफार्मा भी शामिल हैं।



# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 2.22 लाख करोड़ रुपये घटा

एजेंसी

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.22 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 294.64 अंक या 0.36 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 2,22,193.17 करोड़ रुपये की गिरावट आई। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 1,14,687.7 करोड़ रुपये घटकर 18,83,855.52 करोड़ रुपये पर आ गया। सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को ही हुआ। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 29,474.56 करोड़ रुपये घटकर 6,29,621.56 करोड़ रुपये रह गई। एलआईसी का मूल्यांकन 23,086.24 करोड़ रुपये घटकर 5,60,742.67 करोड़ रुपये पर और टीसीएस का मूल्यांकन 20,080.39 करोड़ रुपये घटकर 11,34,035.26 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 17,524.3 करोड़ रुपये घटकर 5,67,768.53 करोड़ रुपये रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 17,339.98 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,67,449.79 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 37,161.53 करोड़ रुपये बढ़कर 15,38,078.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 35,814.41 करोड़ रुपये बढ़कर 10,53,823.14 करोड़ रुपये रही। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 20,841.2 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 11,04,839.93 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,685.34 करोड़ रुपये बढ़कर 7,44,449.31 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# जगदीप धनखड़ को बताना होगा असली में क्या हुआ था, मामला उनके और पीएम मोदी के बीच: खरगे

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि उन्हें जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने की असली वजह के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि धनखड़ को बताना होगा कि असली में क्या हुआ था, क्योंकि मामला उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच का है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि धनखड़ ने हमेशा सरकार का पक्ष लिया। उन्होंने कहा कि जब भी विपक्ष ने मुद्दे उठाने की कोशिश की, चाहे वह किसानों या गरीबों से संबंधित हो या विदेश नीति से जुड़ा हो, उन्होंने कभी भी विपक्ष को ऐसा करने की अनुमति नहीं दी।

यह सवाल पूछे जाने पर कि क्या धनखड़ को किसानों के पक्ष में बोलने के कारण इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा, खरगे ने कहा, ''मुझे ये सब जानकारी नहीं है। वह (धनखड़) हमेशा सरकार के पक्ष में रहे। उन्हें बताना चाहिए कि क्या हुआ था।'' खरगे ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''जब हमने किसानों, गरीबों, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों या विदेश नीति से संबंधित कई मुद्दे उठाए तो उन्होंने (राज्यसभा में सभापति के तौर पर) हमें कभी मौका नहीं दिया। उन्होंने कहा, ''जब हमने गरीबों, महिलाओं, दलितों और वंचितों पर अत्याचार तथा हिंदू-मुस्लिम टकराव जैसे मुद्दों पर नोटिस देकर मुद्दे उठाने की कोशिश की, तो उन्होंने हमें मौका नहीं दिया। यह (धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफ़े का कारण) उनके और मोदी के बीच का मामला है। हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।'' धनखड़ ने 21 जुलाई की शाम अचानक चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे राजनीतिक हलकों में अटकलें तेज हो गईं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे अपने त्यागपत्र में धनखड़ ने कहा कि वह ''स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने'' के लिए तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष को बदलने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में खरगे ने कहा, ''ये सारी बातें अभी नहीं कही जा सकतीं। बाद में बोलेंगे।'

# निर्बाध रसद प्रबंधन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का निर्णायक कारक : राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज के युग में युद्ध केवल बंदूकों और गोलियों से नहीं बल्कि सशस्त्र बलों की लामबंदी, रसद और हथियारों तथा उपकरणों की समयबद्ध डिलीवरी से जीते जाते हैं और ऑपरेशन सिंदूर उत्कृष्ट रसद प्रबंधन का एक ज्वलंत उदाहरण था।

श्री सिंह ने शनिवार को वडोदरा स्थित गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) के दीक्षांत समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा,ल्ल हमारी एजेंसियों द्वारा निर्बाध रसद प्रबंधन - सशस्त्र बलों की लामबंदी से लेकर सही समय और स्थान पर उपकरण पहुँचाने तक - ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का एक निर्णायक कारक था। रक्षा मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि रसद को सामरिक महत्व के चश्मे से देखा जाना चाहिए न कि केवल सामान पहुँचाने की प्रक्रिया के रूप में। उन्होंने 21वीं सदी में भारत की आकांक्षाओं को गति प्रदान करने में जीएसवी जैसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा,ल्ल चाहे सीमा पर लड़ रहे सैनिक हों या आपदा प्रबंधन में लगे कर्मचारी, समन्वय या संसाधनों के उचित प्रबंधन के बिना, सबसे मज़बूत इरादे भी कमज़ोर पड़ जाते हैं। रसद वह शक्ति है जो अराजकता को नियंत्रण में बदल देती है। शक्ति का मापदंड केवल हथियारों से ही नहीं, बल्कि समय पर संसाधन प्रबंधन से भी होता है। चाहे युद्ध हो, आपदा हो या वैश्विक महामारी, जो राष्ट्र अपनी रसद श्रृंखला को मज़बूत रखता है, वह सबसे स्थिर, सुरक्षित और सक्षम होता है। श्री सिंह ने देश की आर्थिक प्रगति में रसद के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे उत्पादन-पूर्व से लेकर उपभोग तक, हर कदम को जोड़ने वाले मुख्य स्तंभों में से एक बताया। उन्होंने भारत के सकल घरेलू उत्पाद में रसद के योगदान को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण बताया, साथ ही कोविड के दौरान इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया, जब ज़रूरत के समय लाखों टीके, ऑक्सीजन सिलेंडर और चिकित्सा दल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचे। रक्षा मंत्री ने बताया कि भारत में पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व बुनियादी ढाँचे का विकास हुआ है और इस परिवर्तन की नींव, जो एक समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण के साथ किया जा रहा



है, नीतिगत सुधारों और मिशन-मोड परियोजनाओं के माध्यम से रखी गई है। उन्होंने कहा कि इसका प्रभाव केवल भौतिक संपर्क तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इससे आर्थिक उत्पादकता में वृद्धि, रसद लागत में कमी और सेवा वितरण में सुधार भी किया है। श्री सिंह ने कहा, पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत, रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, जन परिवहन और रसद बुनियादी ढाँचा जैसे विकास के सात शक्तिशाली स्तंभ मिलकर भारत की अर्थव्यवस्था को एक मजबूत आधार प्रदान कर रहे हैं। पीएम गतिशक्ति केवल एक योजना नहीं है, बल्कि एक विजन है - जो अत्याधुनिक तकनीक और डेटा-आधारित योजना के माध्यम से बुनियादी ढाँचे को भविष्योन्मुखी बना रहा है। राष्ट्रीय रसद नीति पर रक्षा मंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य एक एकीकृत, कुशल और लागत प्रभावी रसद नेटवर्क बनाना है जो न केवल रसद लागत को कम करता है बल्कि डेटा-संचालित निर्णय लेने को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा, ल्ल इस नीति का उद्देश्य मौजूदा 13 से 14 प्रतिशत लॉजिस्टिक्स लागत को विकसित देशों के स्तर पर लाना है। इससे घरेलू और वैश्विक बाज़ारों में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। लॉजिस्टिक्स लागत में कमी से सभी क्षेत्रों में दक्षता बढ़ेगी और मूल्यवर्धन व उद्यम विकास को बढ़ावा मिलेगा। श्री सिंह ने जीएसवी की महत्वपूर्ण भूमिका पर कहा कि जिस गति से युवा देश को शक्ति प्रदान कर रहे हैं, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा, ल्ल लॉजिस्टिक्स के मामले में देश के सबसे प्रतिष्ठित अध्ययन केंद्रों में से एक, जीएसवी केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं है, बल्कि एक विचार और एक मिशन है। यह भारत को तेज़, संगठित और समन्वित तरीके से आगे बढ़ाने की राष्ट्रीय आकांक्षा को मूर्त रूप दे रहा है। रक्षा मंत्री ने डिजिटलीकरण, स्वचालन, रीयल-टाइम ट्रैकिंग, एआई-सक्षम लॉजिस्टिक्स पूर्वानुमान और टिकाऊ माल ढुलाई प्रणालियों को आज के समय में भारत की राष्ट्रीय आवश्यकता बताया। उन्होंने इन विषयों में प्रगति के लिए जीएसवी और छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

श्री सिंह ने छात्रों से समस्या-समाधानकर्ता बनने और अपने ज्ञान को केवल नौकरी पाने तक सीमित न रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा,ल्ल भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए, हमें स्मार्ट लॉजिस्टिक्स सिस्टम की आवश्यकता है। कोई भी देश तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक देश में वस्तुओं, सेवाओं और लोगों का आवागमन तेज़ और सुगम न हो। रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में 2022 में स्थापित जीएसवी, लॉजिस्टिक्स और परिवहन क्षेत्रों में विश्व स्तरीय प्रतिभाओं के निर्माण के लिए समर्पित है। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इसके पहले कुलाधिपति हैं। इस कार्यक्रम में उनके साथ वडोदरा के सांसद डॉ. हेमांग जोशी और कुलपति प्रो. (डॉ.) मनोज चौधरी भी उपस्थित थे।

# भाजपा सांसद ने की ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ

एजेंसी

चेन्नई। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर हमला किया और पाकिस्तान की ओर से इस्तेमाल किए गए चीन के हथियारों को नाकाम कर दिया। मई में आतंकवाद निरोधक अभियान के बाद भारत की रक्षा क्षमता में जबरदस्त वृद्धि हुई। जबकि चीन की रक्षा ताकत में गिरावट आई।

वीआईटी चेन्नई में तमिलनाडु उच्च शिक्षा शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित विकासशील भारत का रोड मैप - एक बहुविषयक दृष्टिकोण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने एक अन्य देश चीन को भी प्रभावित किया। क्योंकि वास्तविक युद्ध में चीनी हथियारों का प्रयोग विफल साबित हुआ है।



उन्होंने कहा कि जेएफ-17 विमान और पीएल-15 बनाने वाली कंपनी एविक सिस्टम्स चेंगदू के रक्षा भंडार में नौ प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। जबकि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स और गार्डन रीच शिपबिल्डर सहित भारत के रक्षा भंडार में तेजी से वृद्धि हुई। ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल किए गए हथियार स्वदेश में ही बनाए गए थे। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के यूरोप से हटने के बाद भारत रक्षा विनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने उदाहरण के तौर पर टाटा डिफेंस को डसॉल्ट एविएशन द्वारा दिए गए अनुबंध का हवाला दिया। सांसद त्रिवेदी ने कहा कि इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि यह विकसित भारत 25 साल का कार्यक्रम है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं। यह भारत के अगले 1,000 वर्षों की नींव रखेगा। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे औपनिवेशिक विरासत और स्वतंत्रता के बाद लोगों के मन में बसाई गई मानसिकता से बाहर आएं तथा भाषा कार्ड खेलना बंद करें। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके पर हमला करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि जो लोग भाषा को मुद्दा बनाना चाहते हैं, उन्हें सोचना चाहिए कि क्या उन्होंने कभी अपनी क्षेत्रीय भाषा में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा प्रदान करने के बारे में सोचा था? मोदी सरकार ने 15 क्षेत्रीय भाषाओं में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा सुनिश्चित की है। एआईसीटीई के अध्यक्ष टीजी सीताराम ने उच्च शिक्षा के समग्र परिवर्तन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य का कार्यबल कक्षाओं से परे आकार लेता है। वीआईटी के संस्थापक-कुलपति जी विश्वनाथन ने उच्च शिक्षा के लिए बजट में धन के आवंटन में वृद्धि की आवश्यकता पर बल दिया। वीआईटी के उपाध्यक्ष जीवी सेल्वम, एनएएसी और एनबीए के अध्यक्ष अनिल सहस्त्रबुद्धे, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि, नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के पूर्व अध्यक्ष निर्मलजीत सिंह कलसी और अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संयुक्त आयोजन सचिव गुंथा लक्ष्मण भी बोलने वालों में शामिल थे।

# जैविक कपास की खेती पर कथित सरकारी सब्सिडी में घोटाले और प्रमाणन का एपीडा ने किया खंडन

एजेंसी

नयी दिल्ली। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने जैविक कपास की खेती पर कथित सरकारी सब्सिडी में घोटाला और जैविक प्रमाणन में गड़बड़ी के आरोपों को निराधार बताते हुए उनका खंडन किया है।

एपीडा ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) के तहत जैविक प्रमाणन में तीसरे पक्ष का प्रमाणन शामिल है, जिसे फसल स्तर पर यूरोपीय आयोग और स्विट्जरलैंड द्वारा मान्यता प्राप्त है।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को जैविक कपास की प्रामाणिकता की कुछ पश्चिमी बाजारों में अस्वीकार्यता को लेकर बयान दिया था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्य कर रही इस एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) 2001 में भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग द्वारा जैविक उत्पादों के निर्यात प्रोत्साहन हेतु शुरू किया गया था और एपीडा एनपीओपी के कार्यान्वयन हेतु सचिवालय के रूप में कार्य करता है। उत्पादक समूह प्रमाणन प्रणाली 2005 में शुरू की गई थी, क्योंकि छोटे और सीमांत किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसे आवश्यक समझा गया था। जैविक उत्पादों के निर्यात के लिए तृतीय पक्ष प्रमाणन अनिवार्य है। फसल उत्पादन के लिए एनपीओपी मानकों को यूरोपीय आयोग और स्विट्जरलैंड द्वारा अपने देश के मानकों के समकक्ष मान्यता दी गई है और ब्रिटेन ने भी इसे स्वीकार किया है। ताइवान के साथ जैविक उत्पादों के लिए भी एक समझौता है। बयान में कहां गया है कि एनपीओपी के तहत जैविक प्रमाणन प्रणाली में जैविक प्रक्रियाओं और जैविक उत्पादों के लिए एक तृतीय-पक्ष प्रमाणन प्रणाली शामिल है, जिसे एक प्रमाणन निकाय (सरकारी या निजी) द्वारा आपूर्ति श्रृंखला में प्रमाणित किया जाता है। मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकाय अपनी मान्यता के दायरे के अनुसार जैविक संचालकों को प्रमाणित करते हैं। वर्तमान में, भारत में 37 सक्रिय प्रमाणन निकाय कार्यरत हैं, जिनमें 14 राज्य प्रमाणन निकाय शामिल हैं। एपीडा ने स्पष्ट किया जाता है कि एपीडा या वाणिज्य विभाग, एनपीओपी के तहत जैविक खेती करने वाले किसानों को कोई सब्सिडी नहीं देता है। 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर का आँकड़ा और अन्य गलत गणनाएँ निराधार हैं। एनपीओपी के तहत जैविक प्रमाणीकरण केवल मध्य प्रदेश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि 31 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में फैला हुआ है।

## पेज एक का शेष

### करंट की अफवाह...

दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये की सहायता देने की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करने के भी निर्देश दिए गए हैं। राज्य के आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि इस दुर्घटना में पांच गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। इसके अतिरिक्त 23 अन्य घायल श्रद्धालुओं का उपचार जिला चिकित्सालय हरिद्वार में चल रहा है, जहां सभी घायलों को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसी बीच प्रशासन ने हादसे में मारे गए लोगों और घायलों की सूची जारी कर दी है। पुलिस के अनुसार हादसे में मरने वाले में सौदा बरेली उत्तर प्रदेश निवासी आरुष पुत्र पंकज उर्फ प्रवेश उम्र 12 वर्ष, अररिया बिहार निवासी शकल अेव पुत्र बचन उम्र 18 वर्ष, बासुआ खेड़ी काशीपुर, उत्तराखंड निवासी विपिन सैनी पुत्र रघुवीर सैनी उम्र 18 वर्ष, मोहतरमा जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश निवासी वकील पुत्र भरत सिंह और बदायूं, उत्तर प्रदेश निवासी शांति देवी पत्नी रामभरोसे के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर मां मंनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज ने भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लियाआ और घटना पर दुःख जताया। घटना के संबंध में आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि मनसा देवी मंदिर में आज हुई घटना की जानकारी देने के लिए कई हेल्पलाइन नम्बर जारी किए गए हैं। इनमें जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र, हरिद्वार के लिए 01334-223999, 9068197350 और 9528250926 पर जानकारी की जा सकती है। इसके अलावा राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र, देहरादून के लिए 0135-2710334, 2710335, 8218867005 और 9058441404 नंबर पर घटना के मृतक अथवा घायलों के बारे में जानकारी की जा सकती है।

### मृतकों में बरेली...

की मृत्यु हो गई है। मृतकों में आरुष पुत्र पंकज उर्फ प्रवेश, उम्र 12 वर्ष, निवासी-सौदा बरेली, विक्की पुत्र श्री रिक्का राम सैनी, उम्र 18 वर्ष ग्राम-विलासपुर थाना विलासपुर कैमरी रोड़ नगलिया कला मजरा रामपुर, वकील पुत्र भरत सिंह निवासी मौहतलवाद, बाराबंकी और शान्ति पत्नी राम भरोसे बदायू शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हरिद्वार स्थित श्री मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में श्रद्धालुओं के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और मन को व्यथित करने वाला है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। अधिकारियों को उत्तराखंड सरकार से समन्वय स्थापित कर दुर्घटना में काल-कवलित हुए उत्तर प्रदेश के नागरिकों के पार्थिव शरीर उनके गृह जनपद पहुंचा कर परिजनों को सौंपने के निर्देश दिए हैं।

### आरओ/एआरओ ...

असामान्य हरकत की तुरंत जानकारी संबंधित एजेंसियों को देती रहीं। सोशल मीडिया पर अफवाहों और लीक की संभावनाओं को रोकने के लिए विशेष मॉनिटरिंग सेल ने व्हाट्सएप, टेलीग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर नजर रखी। इन उपायों से नकल माफिया की कमर तोड़ने में सफलता मिली और परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष रही। परीक्षा की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्रश्नपत्रों की तैयारी और वितरण में कड़े प्रबंध किए गए। दो अलग-अलग मुद्रकों से तैयार किए गए दो सेट प्रश्नपत्रों का चयन परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले कंप्यूटर आधारित रैंडमाइजेशन से किया गया। सभी प्रश्नपत्र आठ मल्टीपल जंबल्ड सीरीज में थे, जिन पर यूनिक और वैरिएबल बारकोड अंकित थे। इन्हें त्रिस्तरीय लॉक वाले गोपनीय ट्रंक बॉक्स में पांच स्तरीय टेम्पर्ड प्रूफ पैकिंग के साथ रखा गया था। ट्रेजरी से निकासी से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के डिस्पैच तक की प्रक्रिया में सशस्त्र गार्ड और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी अनिवार्य रही। लाइव सीसीटीवी स्ट्रीमिंग के जरिए केंद्र, जिला और आयोग स्तर पर निगरानी की गई, जिससे गोपनीय सामग्री की सुरक्षा अभूतपूर्व स्तर पर रही। अभ्यर्थियों की पहचान और प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुरक्षित बनाया गया। केंद्र आवंटन कंप्यूटर रैंडमाइजेशन से किया गया, ताकि पक्षपात की कोई संभावना न रहे। ई-प्रवेश पत्र को ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) आधारित आठ स्तरीय सत्यापन प्रक्रिया से जोड़ा गया, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, श्रेणी, हाईस्कूल वर्ष और रोल नंबर जैसे बिंदु शामिल थे। प्रवेश द्वार पर बायोमेट्रिक सत्यापन और फ़ेस रिकग्निशन तकनीक से पहचान सुनिश्चित की गई। डबल लेयर फ्रिस्किंग की जिम्मेदारी पुलिस बल और कार्यदायी संस्था ने साझा रूप से निभाई, जिससे कोई निषिद्ध सामग्री अंदर नहीं ले जाई जा सकी। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर पूर्ण प्रतिबंध रहा और एआई आधारित अलर्ट सिस्टम ने किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत चेतावनी दी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहा, जो शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अभ्यर्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता रहा। केंद्रों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट, एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, दो सह केंद्र व्यवस्थापक और प्रशिक्षित अंतरीक्षक तैनात किए गए थे। इनमें से 50 प्रतिशत अंतरीक्षक/पर्यवेक्षक केंद्र व्यवस्थापक द्वारा और शेष 50 प्रतिशत जिलाधिकारी या जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नियुक्त किए गए थे, जिनकी ड्यूटी का निर्धारण भी रैंडमाइजेशन से हुआ। आयोग और एसटीएफ के बीच समन्वय के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी नामित रहा, जबकि हर जिले में पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या पुलिस अधीक्षक स्तर के नोडल अधिकारी की प्रत्यक्ष निगरानी रही। यदि कोई अनुचित साधनों का प्रयोग करता पाया जाता, तो उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत कठोर कार्रवाई की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा को नकलमुक्त और निष्पक्ष बनाने के लिए योगी सरकार और आयोग का संयुक्त अभियान परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और ईमानदारी स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किए गए इन प्रयासों ने अभ्यर्थियों में विश्वास बढ़ाया और प्रदेश की भर्ती प्रक्रिया को और अधिक विश्वसनीय बनाया। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाएं सुरक्षित रूप से एकत्र की गईं और आगे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी जैसे प्रमुख जिलों में केंद्रों की अधिक संख्या के बावजूद व्यवस्था सुचारु रही। यह परीक्षा उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम रही। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरओ/एआरओ परीक्षा-2023 की व्यवस्था को अभ्यर्थियों ने खूब सराहा। प्रयागराज में एक सेंटर से परीक्षा देकर बाहर निकले वाराणसी के नीरज चंद्रा और सचिन माथुर ने बताया कि उनके केंद्रों पर कई स्तरों पर गहन चेकिंग की गई, जो बेहद व्यवस्थित और निष्पक्ष थी। वहीं प्रतापगढ़ की पूजा ने कहा कि पिछली बार की तुलना में इस बार की व्यवस्था कहीं बेहतर थी, जिससे परीक्षा में पूर्ण पारदर्शिता बनी रही और उन्हें आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं हुई। अभ्यर्थियों ने क्यूआर कोड, आई स्कैन और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी तकनीकी व्यवस्थाओं की तारीफ की, जिसने परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता को और मजबूत किया। इन उपायों ने अभ्यर्थियों में भरोसा जगाया कि परीक्षा पूरी तरह फ़ेयर तरीके से संपन्न हुई।

### प्रोफ़ेसर मनुका...

पद से त्यागपत्र दे दिया। कुलपति प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय रविवार को दोपहर में कार्यमुक्त हो गए। कुलपति प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय रविवार को दोपहर में कार्यमुक्त हो गए। यह उनका दूसरा कार्यकाल था। उन्होंने 29 दिसंबर 2019 को बतौर कुलपति कार्यभार ग्रहण किया था। उसके बाद उन्हें दूसरा कार्यकाल भी मिला जो तीन जनवरी 2026 को पूरा होना था, लेकिन उससे पहले उनका चयन आइआइएम कोलकाता के निदेशक पद पर हो गया।

निकाय जेई को 10...

अभियंता 20 जून 2010 तक प्रथम एसीपी के रूप में वेतनमान 9300-34800 में ग्रेड वेतन 4200 देय है। उच्चीकृत वेतनमान 4200 ग्रेड पे हो जाने पर 21 जून 2010 से संशोधित प्रथम एसीपी ग्रेड वेतन 4600 रुपये देय होगी। शासनादेश 12 फरवरी 2016 द्वारा अवर अभियंता वेतन बैंड दो ग्रेड पे 4200 पाने वालों को 10 वर्ष की सेवा पर प्रथम एसीपी ग्रेड पे 4600 के स्थान पर 4800 रुपये स्वीकृत किया गया है।

### केवल अंतरिक्ष क्षेत्र...

जहां ऑस्ट्रेलिया में हुए अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में हमारे छात्रों ने 3 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अगले महीने मुंबई में एस्ट्रोनॉमी और एस्ट्रोफिजिक्स ओलंपियाड होने जा रहा है, जिसमें 60 से ज्यादा देशों के छात्र भाग लेने आएंगे। यह अब तक का सबसे बड़ा ओलंपियाड होगा। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत अब ओलंपिक और ओलंपियाड दोनों के लिए आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने यूनेस्को में 12 मराठा किलों को विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दिए जाने की खबर पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने इन किलों के ऐतिहासिक महत्व और उनकी सांस्कृतिक धरोहर की जानकारी दी। सल्हेर का किला, शिवनेरी, खानदेरी और प्रतापगढ़ जैसे किलों की गाथाओं को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि हर किला एक ऐतिहासिक घटना का गवाह है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इन किलों की यात्रा करें और अपने इतिहास को जानें। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगस्त का महीना क्रांति का महीना है, जिसमें कई महत्वपूर्ण घटनाएँ हुई थीं, जैसे लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि और गाँधी जी के नेतृत्व में 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरुआत। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को याद करें और उनसे प्रेरणा लें। प्रधानमंत्री ने 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाने की अपील की, जिससे देशवासी उन लोगों को याद कर सकें, जिन्होंने विभाजन की पीड़ा सही। उन्होंने विशेष रूप से स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस का जिक्र किया, जिन्होंने केवल 18 वर्ष की आयु में देश के लिए अपनी जान दी। उन्होंने कहा, ल्लबिहार का मुजफ्फरपुर शहर में 11 अगस्त 1908 को सिर्फ 18 साल की उम्र में बोस ने वो साहस दिखाया, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया। तब अखबारों ने भी लिखा था ञ्खुदीराम बोस जब फांसी के फंदे की ओर बढ़े, तो उनके चेहरे पर मुस्कान थी।ङ्क प्रधानमंत्री ने पांडुलिपियों के रूप में सहेजे गये ज्ञान को भारत की असली ताकत बताया और कहा कि भारत की संस्कृति का आधार हमारे त्योहार और परंपराएं हैं। मणि मारन जैसे प्रेरणादायक व्यक्तित्वों ने तमिल पांडुलिपियों को पढ़ाने के लिए कक्षाएँ शुरू कीं, जिससे नई पीढ़ी इस अनमोल धरोहर से जुड़ सके। 'ज्ञान भारतम् मिशन' के तहत इन पांडुलिपियों को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जाएगा, जिससे ये ज्ञान विश्वभर के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होगा। उन्होंने 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' का भी उल्लेख किया और बताया कि कैसे देश के विभिन्न हिस्सों में महिलाएं इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं। महाराष्ट्र के पैठण गाँव की कविता धवले का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वह सरकार की मदद से अब तीन गुना ज्यादा कमा रही हैं। उन्होंने उड़ीसा के मयूरभंज की आदिवासी महिलाओं की सफलता की कहानी भी साझा की, जिन्होंने संथाली साड़ी को पुनर्जीवित किया है और अब हजारों रुपये कमा रही हैं।

### पहलगाम हमले और...

उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को भी मैदान में उतारे जाने की उम्मीद है, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पक्ष रखने के लिए 30 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके हैं। इनमें शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, जनता दल यूनाइटेड के संजय झा और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के हरीश बालयोगी शामिल हैं। हालांकि, अब भी इस पर सवाल है कि क्या शशि थरूर, जिन्होंने अमेरिका सहित अन्य देशों में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था, को कांग्रेस द्वारा वक्ता के रूप में चुना जाएगा। थरूर ने आतंकवादी हमले के बाद सरकार की कार्रवाई का उत्साहपूर्वक समर्थन किया जिससे उनके अपनी पार्टी से संबंध खराब हो गए हैं।

### विकास कार्यों में ...

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि संबंधित जनप्रतिनिधियों से विमर्श कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए और समयबद्ध ढंग से कार्यों की शुरुआत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इन परियोजनाओं को केवल सरकारी खर्च का विवरण न मानते हुए उन्हें 'जनता के विश्वास की पूंजी' बताया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए, उनका पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और सतत निगरानी के माध्यम से समयबद्ध पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग को निर्देशित किया कि नगर विकास विभाग द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से संबंधित शिलापट्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधि के नाम अंकित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि जनता और शासन के बीच की सबसे भरोसेमंद कड़ी होते हैं। उनके विचार और सुझाव केवल संवाद का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे जन आकांक्षाओं का स्वरूप होते हैं, जिन्हें योजनाओं की संरचना और क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनप्रतिनिधियों के अनुभवों और फील्ड इनपुट्स को केवल दस्तावेज़ी स्तर पर न लें, बल्कि उन्हें नीति निर्धारण का सजीव आधार बनाएं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कानपुर मंडल को 'विकास का अग्रदूत' करार देते हुए विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में यह मंडल न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणास्पद मॉडल के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मंडल की औद्योगिक विरासत, शैक्षिक संपन्नता और सांस्कृतिक चेतना को आधुनिक विकास की दिशा में ले जाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य कर रही है।

### जनप्रतिनिधियों के अनुभव...

को सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। चित्रकूट धाम मंडल, जो भगवान श्रीराम की तपोस्थली के रूप में प्रतिष्ठित है और झांसी मंडल, जो रानी लक्ष्मीबाई की वीरगाथा से जुड़ा है, ये दोनों ही मंडल उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान के केंद्र हैं। इन क्षेत्रों का पुनरुत्थान और समेकित विकास 'नए उत्तर प्रदेश के निर्माण का मूलाधार है। प्रस्तावित योजनाओं में ब्लॉक मुख्यालयों तक कनेक्टिविटी, इंटर-कनेक्टिविटी सड़कें, धार्मिक स्थलों तक पहुँच मार्ग, लॉजिस्टिक्स हब, बाईपास, आरओबी/अंडरपास, फ्लाईओवर, मेजर एवं माइनर ब्रिज, रोड सेफ्टी उपाय, सिंचाई अवसंरचना और पोंटून ब्रिज जैसे अनेक कार्य शामिल हैं। ये सभी कार्य न केवल भौगोलिक चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ने का कार्य करेंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने में भी सहायक सिद्ध होंगे। विधायकों की मंशा के अनुरूप करें कनेक्टिविटी मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुंदेलखंड में जहां कहीं भी इंटरस्टेट कनेक्टिविटी बेहतर करने की आवश्यकता है, उसे विधायकों की अनुशंसा के आधार पर पहले चरण की कार्ययोजना में ही शामिल किया जाए। नगर विकास विभाग को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विभाग द्वारा किसी परियोजना का प्रस्ताव तैयार करने से पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन जरूर प्राप्त कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे अपने क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यों की सतत निगरानी करें और स्थानीय जनभावनाओं के अनुरूप योजनाओं को आकार दिलवाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए करोड़ों का बजट पात्रों को मकान देने की व्यवस्था : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार ने झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट निर्धारित किया है। अगर किसी वजह से झुग्गियों को हटाया जा रहा है तो पात्र झुग्गी वालों को मकान देने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने रविवार सुबह शालीमार बाग स्थित फाटक वाली झुग्गी कैंप का दौरा करते हुए यह बातें कही। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बस्ती को हटाने के लिए रेलवे ने नोटिस जारी किया है, क्योंकि यह झुग्गी बस्ती उसकी जमीन पर बसी हुई है। रेल विभाग आजादपुर रेलवे स्टेशन का विस्तार कर रहा है। मुख्यमत्री ने कहा कि इस झुग्गी बस्ती को हटाने को लेकर वर्ष 2020 में सर्वे किया गया था, उस वक्त की आम आदमी पार्टी सरकार ने न कोई निर्णय लिया और न ही रेलवे से बात की। लेकिन हम लोग आपके लिए योजना बनाने में लग गए, ताकि आपको परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों पर संकट आया तो मैं आपसे मिलने आ गई, क्योंकि दिल्ली सरकार बेवजह झुग्गियों को हटाने के पक्ष में नहीं है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राजधानी में विकास कार्यों को गति देने या अन्य वजहों से अगर झुग्गियों को हटाया जाएगा तो सरकार पात्र लोगों के पुनर्वास का रास्ता खोलेगी, ताकि वे भी दिल्ली के विकास से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि वह इस मामले में रेल मंत्रालय से बात करेंगी और यहां के झुग्गी वालों को मकान दिलाने की व्यवस्था करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको पूरा न्याय मिलेगा। इसके लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने झुग्गी वालों को आश्वस्त किया



कि उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पिछले 40 वर्षों में दिल्ली की झुग्गियों का कोई विकास नहीं हुआ, चाहे दिल्ली में कांग्रेस की सरकार रही हो या आम आदमी पार्टी की। इन सरकारों ने झुग्गी वालों को मात्र वोटर समझकर उनका दोहन किया और दिल्ली का भौगोलिक चरित्र बिगाड़ने का लगातार प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झाड़ू वाले नेता बेवजह आरोप लगा रहे हैं कि दिल्ली सरकार झुग्गी वालों को हटाने में लगी है। लेकिन उन्हें बता दूं कि झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए सरकार ने 700 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। उद्देश्य स्पष्ट है कि हमारी सरकार झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। झुग्गी बस्तियों में सड़कें, गलियां, खड़ंजे बनाए रहे हैं। वहां पेयजल का इंतजाम हो रहा है। महिलाओ के लिए शौचालय और स्नानघरों की व्यवस्था की जा रही है ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि झाड़ू वाले नेता झुग्गी वालों को डरा रहे हैं।

# राष्ट्र निर्माण की चेतना को घर-घर तक पहुंचाता है मन की बात कार्यक्रम : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को समयपुर स्थित श्री नारायण सिंह नेताजी फार्म में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 124वें संस्करण को भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ सुना। मुख्यमंत्री ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसंवाद की वह धारा है, जो राष्ट्र निर्माण की चेतना को घर-घर तक पहुंचाती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज के इस प्रेरक एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जनभागीदारी, भारतीय संस्कृति, सेवा और आत्मनिर्भर भारत की भावना को नई दिशा व ऊर्जा दी। उन्होंने देश की मिट्टी से उपजी कहानियों, नवाचारों और सेवा भावना से ओतप्रोत विचारों ने प्रत्येक श्रोता के हृदय को स्पर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संवाद



केवल विचारों का साझा मंच नहीं, बल्कि संकल्प से सिद्धि की दिशा में पूरे राष्ट्र को प्रेरित करने वाला एक जन-आंदोलन है। इस अवसर पर सांसद योगेन्द्र चंदौलिया, विधायक दीपक चौधरी एवं उत्तर-पश्चिम दिल्ली भाजपा के जिलाध्यक्ष विनोद सेहरावत उपस्थित रहे। इसके अलावा दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता आज अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' के 124वें संस्करण को सुना। विजेंद्र गुप्ता ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि इस संवाद में प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक वापसी, भारत के ऐतिहासिक किलों को अमूल्य धरोहर, स्वदेशी आंदोलन और वस्त्र उद्योग के उत्थान, प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, मछली पालन जैसे सराहनीय पहलों तथा स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनाने पर प्रेरक विचार साझा किए।

# हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2016 में दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में हुई हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपित को पंजाब के मोहाली जिले से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान अंताज अंसारी के रूप में हुई है। वह मूलतः थाना गोपालगंज, जिला सिवान, बिह रहने वाला है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार 27 नवंबर 2016 को पुलिस को एक खाली प्लॉट (जैलदार एन्क्लेव, मोहन गार्डन, उत्तम नगर) से एक अधजले शव की सूचना मिली थी। शव कंबल में लिपटा हुआ था और बिजली की तारों से बंधा था। मृतक के सिर और शरीर पर कई चोट के निशान थे। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। मामले में उत्तम नगर थाना पुलिस ने हत्या और सबूत मिटाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। डीसीपी के अनुसार 25 जुलाई को हेडकांस्टेबल पवन हूडा को एक गुप्त सूचना मिली कि अंताज अंसारी पंजाब में अपने एक साथी से मिलने के लिए आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी के माध्यम से उसकी लोकेशन ट्रेस की और जाल बिछाकर उसे दबोचा। पूछताछ में आरोपित अंताज ने खुलासा किया कि वह उत्तम नगर में रहीम उर्फ सलमान (45) के मकान में किराए पर रहता था। 25-26 नवंबर 2016 की रात को उसने रहीम और अपने साथी देवेंद्र उर्फ छोटा बल्ले के साथ शराब पी। शराब के नशे में बहस होने पर रहीम को पहले लोहे की रॉड से, फिर ईंट से और अंत में चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया गया। शव को कंबल में लपेटकर खाली प्लॉट में फेंका गया और अगले दिन शव को जलाकर सबूत मिटाने की कोशिश की गई। डीसीपी के अनुसा उक्त मामले में पुलिस पहले ही दोनों आरोपितों को पकड़ चुकी थी। उस वक्त इन्होंने पुलिस पार्टी पर पिस्तौल तानी थी लेकिन पुलिस ने साहसिक कार्रवाई करते हुए दोनों को दबोच लिया था और दो पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार मामले की सुनवाई के दौरान अंताज अदालत में पेश नहीं हुआ। जिसके बाद 19 दिसंबर 2024 को अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। जांच में पता चला है कि आरोपित अंताज बिहार के सिवान जिले के एक छोटे से गांव में जन्मा था। उसका परिवार रोज़ी-रोटी के लिए दिल्ली आया था। उसके माता-पिता उत्तम नगर के एक प्राइवेट स्कूल में हेल्पर का काम करते थे। अंताज केवल चौथी कक्षा तक पढ़ा है और मजदूरी करता था। उसका छोटा भाई भी एक दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका है।

# मुख्यमंत्री ने पटना संग्रहालय के नवनिर्मित गंगा गैलरी, पाटली गैलरी एवं प्रेक्षा गृह का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना संग्रहालय के नवनिर्मित गंगा गैलरी, पाटली गैलरी एवं प्रेक्षा गृह का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया और वहां लगाये गये प्रदर्शों का अवलोकन किया। उद्घाटन सके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना संग्रहालय का उन्नयन एवं विस्तारीकरण कार्य बेहतर ढंग से किया जा रहा है। यह पुराना संग्रहालय है। यहां पर कई महत्वपूर्ण पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक प्रदर्श रखे गए हैं, उनका रखरखाव और बेहतर ढंग से हो इसलिए भवन का विस्तारीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि संग्रह को बेहतर ढंग से प्रदर्शित करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सुविधाएं विकसित करने के उद्देश्य से इस संग्रहालय का विस्तार किया गया है। गंगा गैलरी, पाटली गैलरी एवं प्रेक्षा गृह अच्छा बना है। लोग यहां आकर प्रदर्शों को देख सकेंगे और उन्हें कई विशिष्ट जानकारियां प्राप्त होंगी। मुख्यमंत्री ने पटना संग्रहालय के पूरे परिसर का निरीक्षण किया और



अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। पटना संग्रहालय के नव निर्मित भवन के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री बिहार संग्रहालय पहुंचे और वहां संग्रहालय के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रदर्शों को भी देखा। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय तथा पटना संग्रहालय को जोड़नेवाली निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री को बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने टनल से बिहार संग्रहालय में प्रवेश की व्यवस्था, पार्किंग, पर्यटकों को मिलनेवाली अन्य सुविधाओं आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टनल निर्माण का कार्य जल्द पूरा करें, जिससे कि बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय के दर्शक आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जाकर प्रदर्शों का अवलोकन कर सकें। उन्होंने कहा कि टनल का बेहतर ढंग से निर्माण कराएं, ताकि इलेक्ट्रिक वाहन के साथ-साथ पैदल पर्यटक आसानी से पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय में आवागमन कर सकें। उन्होंने कहा कि बिहार संग्रहालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय में बड़ी संख्या में पर्यटक आते रहते हैं। इन दोनों संग्रहालयों के बीच टनल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी। यहां पार्किंग और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि इस निर्माणाधीन टनल के पास से नेहरू पथ के उस तरफ जाने के लिये जो ऊपरी पुल बनाया जाना है, उसका निर्माण कार्य जल्द शुरू करें। साथ ही नेहरू पथ के दूसरी तरफ एक पार्क का भी निर्माण कराएं, ताकि यहां आनेवाले पर्यटक उसका आनंद उठा सकें। उल्लेखनीय है कि पटना संग्रहालय को लोग जादूघर के नाम से भी जानते हैं। यह संग्रहालय बिहार राज्य के सांस्कृतिक इतिहास को दर्शाता है। सर्वप्रथम इसकी स्थापना सन 1915 में ऐतिहासिक संग्रहीत वस्तुओ को प्रदर्शित करने के लिए आयुक्त के बंगले में किया गया था। बाद में इसे पटना उच्च न्यायालय भवन में स्थानांतरित कर दिया गया। बढ़ते हुए संग्रह को ध्यान में रखते हुए संग्रहालय के लिए एक नई इमारत बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ। राय बहादुर विष्णुस्वरूप ने इस इमारत को इंडो-सारसेनिक शैली में डिजाइन किया, जो राजपुताना और मुगल वास्तुकला का मिश्रण है।

# पंजाब में अत्याधुनिक हथियार, ड्रग मनी जब्त, पांच गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में एक बड़ी आतंकी साज़िश को नाकाम करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर पाकिस्तान के आईएसआई समर्थित संचालकों द्वारा संचालित एक बड़े सीमा पार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए पांच प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से एक एके सैगा 308 असॉल्ट राइफल और दो मैगज़ीन, दो ग्लॉक 9एमएम पिस्तौल और चार मैगज़ीन, एके राइफल के 90 कारतूस, 10 कारतूस (9एमएम), 7.50 लाख रुपये की ड्रग मनी, एक कार और तीन मोबाइल फ़ोन बरामद किया गया है। श्री यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार आरोपियों के आईएसआई के गुर्गों से सीधे संबंध थे। पकड़ी गई खेप गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के एक ज्ञात सहयोगी नव पंडोरी को पहुंचानी थी जो एक व्यापक आतंकवादी-गैंगस्टर गठजोड़ का संकेत देता है।

# पीएम के मन की बात करोड़ों भारतीयों की दिल की धड़कन: प्रवीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। पीएम के मन की बात कार्यक्रम सिर्फ संवाद नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की धड़कन है।यह विकसित भारत की आकांक्षाओं और संकल्पों को स्वर देता है।उक्त बातें भाजपा नेता प्रवीण कुमार ने भाजपा नगर महामंत्री संदीप कुमार की अगुवाई में नगर उपाध्यक्ष आयुष कुमार,भाजयुमो नगर अध्यक्ष किशन शर्मा संग मन की बात कार्यक्रम के 123 वें कड़ी को बूथ संख्या 153 पर रेडियो पर श्रवण उपरांत कही। भाजपा नेता कुमार ने संबोधन की खास बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का रास्ता आत्मनिर्भरता से होकर जाता है।उन्होंने उन12 मराठा किलों के




महानता का उल्लेख किया जिन्हें यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स की रूप में मान्यता दी गयी है।उन्होंने खेल विज्ञान और संस्कृति जैसे कई रोचक विषयों पर अपने विचार साझा किये।अगस्त को क्रांति का महीना बताते हुए पीएम ने अगस्त में हुई कई ऐतिहासिक महत्वपूर्ण घटनाओं का जिक्र शहीद खुदीराम बोस की शहादत को याद किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी बात की साथ ही देश में स्टार्टअप्स तेजी से बढ़ने तथा भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सफल अंतरिक्ष यात्रा की चर्चा की।ज्ञान भारतम मिशन के तहत प्राचीन पांडुलिपियों का सरकार द्वारा डिजिटलीकरण किये जाने की जानकारी दी।

# दस हजार रुपये के लिए कर दी नौकर की हत्या, शव सेप्टिक टैंक से बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण जिले के मेहरौली इलाके स्थित फार्महाउस के सेप्टिक टैंक से एक शव बरामद हुआ। जांच में पता चला जिसका शव बरामद हुआ है वह बीते शनिवार से लापता था। जांच में मृतक की पहचान 42 वर्षीय सीताराम के रूप में हुई है। वह पिछले 10 वर्षों से उक्त फार्महाउस में केयरटेकर के रूप में कार्यरत था। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने रविवार को बताया कि घटना का खुलासा तब हुआ जब 26 जुलाई की सुबह फार्महाउस के अन्य स्टाफ ने देखा कि मुख्य दरवाजा खुला है और सीताराम गायब है। मालिक दिल्ली से बाहर थे। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई और सूचना मिलने पर थाना मेहरौली में गुमशुदगी दर्ज की गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तलाश शुरू की और फार्महाउस परिसर की गहन जांच की गई। इसी दौरान सीताराम का शव फार्महाउस के सेप्टिक टैंक से बरामद हुआ। मौके पर क्राइम टीम और फॉरेंसिक विशेषज्ञों को बुलाया गया। मेहरौली थाना पुलिस ने पूरे मामले की जांच करने के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज किया।डीसीपी के अनुसार जांच के दौरान यह सामने आया कि फार्महाउस में ड्राइवर के तौर पर काम कर रहा चंद्रप्रकाश अचानक लापता हो गया है। पुलिस ने उसे पालम इलाके से दबोचा। कड़ी पूछताछ में उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने सीताराम से 10,000 की मांग की थी। इंकार करने पर उसने हथौड़े से वार कर उसकी हत्या कर दी और शव को सेप्टिक टैंक में फेंक दिया, ताकि घटना को छुपाया जा सके।

# निर्माणाधीन इमारत से गिरकर मजदूर की मौत

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के अलीपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को निर्माणाधीन इमारत से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। जांच में मृतक की पहचान 35 वर्षीय मोहन के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ अलीपुर में रहते थे। बताया जा रहा है कि वह पाम ग्रीन रिसॉर्ट, बकोली में निर्माण कार्य के दौरान ऊंचाई से गिर गए थे। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना की सूचना 26 जुलाई को अस्पताल से अलीपुर थाने को दी गई। सूचना मिलते ही जांच अधिकारी एएसआई रविंदर मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। अस्पताल रिकॉर्ड के अनुसार, मोहन को अस्पताल में उनके मामा बीरचंद द्वारा लाया गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मोहन पाम ग्रीन रिसॉर्ट में निर्माण मजदूर के रूप में कार्य कर रहा था, तभी कार्य के दौरान ऊंचाई से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई।

# ग्रामीण इलाकों में रात के समय उड़ते ड्रोन से लोगों दहशत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बीते कई दिनों से रात के समय ड्रोन उड़ते दिखाई दे रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। स्थानीय पुलिस इन ड्रोन की तलाश में रातभर क्षेत्र में गश्त कर रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लगी है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात सुल्तानपुर, टीकमपुर, इस्माइलपुर, निहंदपुर, भिक्कमपुर, मोहम्मदपुर कुन्हारी गांव में भी ड्रोन उड़नें की खबरें सामने आईं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार रात में अपने गांवों के ऊपर ड्रोन कैमरे उड़ते देखे हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि इन ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल संदिग्ध गतिविधियों और चोरी की वारदातों में रेकी के लिए किया जा सकता है। इस के अलावा थाना पथरी क्षेत्र के धारीवाला,



शाहपुर, बादशाहपुर और दोड़वसी गांवों में कुछ अज्ञात लोगों की संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 6 से 10 की संख्या में ये लोग सफ़ेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार थे और देर रात तक गांवों में घूमते दिखाई दिए। जब उनका पीछा किया तो जंगल के रास्ते कहीं गायब हो गए। इस संबंध में प्रवीण, पप्पू, अरविंद, संदीप, महक सिंह, सोमपाल और महिपाल आदि ग्रामीणों का कहना है कि यह गिरोह ड्रोन की मदद से घरों की रेकी करता है और फिर सुनसान इलाकों में लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। आशंका जताई जा रही है कि हाल ही में राजकुमार के घर हुई चोरी की वारदात में भी इसी गिरोह का हाथ हो सकता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे रात में अपने घरों के दरवाजे, खिड़कियां अच्छी तरह से बंद रखें। यदि ड्रोन कैमरा उड़ता दिखाई दे या कोई संदिग्ध व्यक्ति अथवा वाहन नजर आए तो तुरंत पुलिस को 112 नंबर पर सूचना दें।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए 300 हिमवीरों ने निकाली साइकिल रैली

उत्तरकाशी। 300 हिमवीरों ने स्थानीय नागरिकों एवं स्कूली बच्चों के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल रैली का भव्य आयोजन किया। रविवार को 12वीं बटालियन, भा.ति.सी.पुलिस बल मातली उत्तरकाशी के तत्वावधान में एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ बटालियन के कमांडेंट सचिन कुमार द्वारा बटालियन मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह रैली बटालियन मुख्यालय से बाईपास मार्ग होते हुए पुनः मुख्यालय पर समाप्त हुई, जिसकी कुल दूरी लगभग 10 किलोमीटर रही। इस साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना एवं साइकिल चलाने के लाभों को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना था। कमांडेंट सचिन कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि साइकिल चलाना न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और ऊर्जा संरक्षण के दृष्टिकोण से भी अत्यंत उपयोगी है। इस कार्यक्रम में लगभग 300 बल के जवानों, स्थानीय नागरिकों, स्कूली बच्चों तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई और जन-जागरूकता अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया रैली में द्वितीय कमान शेखर सिंह, लेख राज राणा उप कमांडेंट, अन्य पदाधिकारीगण तथा शिक्षकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063